आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी 01:20 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 239, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़ 16

आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज 15

## 21 बच्चों के यौन शोषण के आरोपी को दी मौत की सजा

- अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा
- संलिप्ता पर दो अन्य लोगों को 20-20 वर्ष सश्रम जेल की सजा

ईटानगर, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक आवासीय स्कूल में 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में एक व्यक्ति को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई।

यूपीया के पश्चिमी सत्र संभाग के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने मामले में संलिप्तता के लिए दो अन्य लोगों को भी 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी युमकेन बागरा शि-योमी जिले के कारो सरकारी आवासीय विद्यालय के छात्रावास का वार्डन था, जहां उसने 2019 से 2022 के बीच 6 से 15 वर्ष की आयु की 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न किया था। राजधानी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि सह-आरोपी मार्बोम गोमदिर हिंदी शिक्षक है, जबकि सिंगतुन योरपेन विद्यालय का पूर्व प्रधानाध्यापक है। बागरा को आईपीसी की धारा 328 और 506 के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6, 10 और 12 के तहत दोषी ठहराया गया और मौत की सजा दी गई।

**बिलकीस बानो मामला**

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की गुजरात सरकार की याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें बिलकीस बानो मामले में राज्य के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के निर्णय को खारिज करते हुए कुछ टिप्पणियां की थीं। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका को खुली अदालत में सुनने के आवेदन को भी खारिज कर दिया।

# देश को मिले स्वदेश में विकसित तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर

### प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्र को समर्पित, कहा-प्रौद्योगिकी बने गरीबों की ताकत, जलवायु अनुसंधान को कंप्यूटिंग प्रणाली का लोकार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी का उन्नयन गरीबों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया।

मोदी ने कहा कि आज का भारत संभावनाओं के अनंत आकाश में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है। उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आम आदमी को फायदा हो। उन्होंने कहा कि विज्ञान की सार्थकता केवल आविष्कार और विकास में नहीं, बल्कि सबसे अंतिम व्यक्ति की आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने में है। आज अगर हम हाइटेक हो रहे हैं तो ये भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी हाइटेक प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने। उन्होंने कहा कि एक समय सुपर कंप्यूटर में गिने-चुने देशों की महारत मानी जाती थी। हमने 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन शुरू किया और आज भारत सुपर कंप्यूटर की दिशा में बड़े देशों की बराबरी कर रहा है। हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं।

**क्वांटम कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में अग्रणी बन रहा भारत, सरकार दे रही प्राथमिकता**

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकी में भारत अभी से अग्रणी हो रहा है। इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने में हमारे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की बड़ी भूमिका होगी। यह नई प्रौद्योगिकी आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल देने वाली है। इससे आईटी क्षेत्र, विनिर्माण, उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आएंगे और नए अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता दे रही है।

**पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं तीनों स्वदेशी सुपर कंप्यूटर**

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इन सुपरकंप्यूटरों को पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। पुणे में विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी), फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। दिल्ली में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा जबकि कोलकाता में एसएन बोस केंद्र भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

**एक नजर**

### बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के मामले में मौत की सजा

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने 2023 में सात वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के अपराध में आरोपी को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई। दक्षिण पूर्व कोलकाता के तिलजला में पिछले वर्ष 26 मार्च को किसी काम से अपने घर से निकली बच्ची लापता हो गयी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और उसके शव को पास के एक फ्लैट से बरामद किया। दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप में फ्लैट में रह रहे किराएदार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कर्मचारी से मारपीट में विधायक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में सीवेज पंपिंग स्टेशन पर दिल्ली जल बोर्ड के एक कर्मचारी के साथ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कल्याण विहार सीवेज पंपिंग स्टेशन पर क्षेत्रीय सहायक 59 वर्षीय सतपाल सिंह की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

### ड्यूटी में लापरवाही पर 11 पुलिसकर्मी निलंबित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के फोर्ट इलाके में भारतीय रिजर्व बैंक की दो इमारतों में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात11 पुलिसकर्मियों को कार्यालय को सूचित किए बिना काम पर नहीं आने के कारण निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि कार्रवाई पुलिसकर्मियों की लापरवाही और अनुशासनहीनता के कारण की गई है।

# खंड शिक्षा अधिकारी भी बन सकेंगे राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य

### बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को लेकर शासन से प्रस्ताव तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को भी पदोन्नत कर राजकीय इंटर कॉलेजों (जीआईसी) में प्रधानाचार्य बनने का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। इस क्रम में शासन से नियमावली तैयार कर ली है। स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद पदोन्नति की कवायद शुरू हो जाएगी। हालांकि शिक्षण कार्य में लगे राजकीय शिक्षकों ने इसका विरोध भी करना शुरु कर दिया है। विरोध का एक बड़ा आधार यह है कि बीईओ का पद निरीक्षण कैडर का है और प्रधानाचार्य शिक्षण कैडर का होता है। इसलिए बीईओ का प्रमोशन इस पद पर नहीं होना चाहिए।

दरअसल, जीआईसी में प्रधानाचार्य का पद राजपत्रित होता है। इसके 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जाते हैं। प्रधानाचार्यों की भर्ती पीसीएस के साथ होती है और ग्रेड पे- 5400 का होता है। इसके अतिरिक्त 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरने का नियम है, लेकिन





- स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग को भेजा गया प्रस्ताव
- हरी झंडी मिली तो पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

पिछले एक दशक से यह विवादों में फंसी होने से पदोन्नति प्रक्रिया ठप है। बीईओ को पदोन्नति से प्रधानाचार्य बनाने लिए शासन में कई बैठकें हुई। इसके बाद पदोन्नति के लिए कोटा में बदलाव कर दिया गया है। अब 33 प्रतिशत पुरुष, 33 प्रतिशत महिला प्रवक्ता और 34 प्रतिशत बीईओ पदोन्नत होकर प्रधानाचार्य बन सकेंगे।

अपर निदेशक राजकीय अजय द्विवेदी के मुताबिक, राजकीय विद्यालयों में महिला प्रवक्ताओं की संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा 22 से 33 प्रतिशत कर दिया गया है। बीईओ की भी संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा डीआई के स्थान पर 17 से बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर दिया गया है। पुरुष प्रवक्ताओं की संख्या कम होने पर उनका कोटा घटाया गया है। उन्होंने बताया कि इसे स्वीकृति के लिए यूपीपीएससी भेजा गया है।

**सरकार की नई कवायद का होने लगा विरोध**

बेसिक शिक्षा विभाग के निरीक्षक शाखा पर पदोन्नति के लिए बनाई गई नियमावली का विरोध भी शुरू हो गया है। राजकीय शिक्षक संघ प्रवक्ता संवर्ग उप्र. के एक पदाधिकारी नित्य प्रकाश का तर्क है कि प्रधानाचार्य पद विशुद्ध शिक्षण का पद है। यह माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबद्ध है। इसे 50 प्रतिशत सीधी भर्ती और 50 प्रतिशत पदोन्नति से भरा जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का उक्त पद पर प्रमोशन अथवा पदोन्नति का कोटा निर्धारित करना न्यायोचित नहीं है। वहीं, राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय का भी कहना है कि प्रधानाचार्य पद पर सीधे बीईओ को पदोन्नति देना गलत है। बीईओ का ग्रेड पे-4800 का होता है। यह प्रवक्ता के बराबर है। प्रवक्ता से हेडमास्टर में पदोन्नति होने के बाद वह अगले चरण में वह प्रधानाचार्य बन पाते हैं, जबकि बीईओ को इसका लाभ एक ही प्रमोशन पर देने की तैयारी है। संगठन इसका विरोध करेगा।

> बीईओ का निरीक्षण शाखा का पद है। इस पद की शैक्षिक अर्हता केवल स्नातक (बीए) एवं बीएड या बीएड के समकक्ष है। जबकि प्रधानाचार्या पद की शैक्षिक अर्हता एमए और बीएड है। इसलिए बीईओ न तो शैक्षिक अर्हता रखता है और उसका विभाग भी माध्यमिक शिक्षा विभाग से अलग है। **-डॉ. नित्य प्रकाश सिंह**, राजकीय शिक्षक संघ, प्रवक्ता संवर्ग उप्र।

> हमारा पद शिक्षा विभाग का है, बेसिक और माध्यमिक बताकर दिग्भ्रमित किया जा रहा है। साल 2015 की एक गाइडलाइन के अनुसार हम इंटर तक के शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता, ट्रेनिंग देख सकते हैं। रही बात शैक्षणिक योग्यता की तो, हम उस मानक पर भी खरे उतरते हैं। राजकीय शिक्षकों का विरोध गलत है। **-प्रमेन्द्र शुक्ला**, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय विद्यालय निरीक्षक संघ।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को मिली जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को गुरुवार को सशर्त मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और याचिकाकर्ता की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद पूर्व मंत्री की जमानत याचिका मंजूर की।

शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने मुकदमे की सुनवाई में शुरू होने में देरी का आधार मानते हुए बालाजी की याचिका स्वीकार की। मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को और उससे पहले सत्र न्यायालय ने बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम नेता बालाजी को ईडी ने 14 जून 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ तमिलनाडु परिवहन विभाग में बस कंडक्टरों, ड्राइवरों और जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति में अनियमितता करने का आरोप है।

# मां और बेटी ने मुख्यमंत्री से लगाई इच्छा मृत्यु की गुहार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**पुलिस से उठा भरोसा**

- बेटी से दुष्कर्म किए जाने के मामले में मां ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ कर एफआर लगाने का आरोप

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने भोट थाना पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ करके 12 दिन में मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश को भी तवज्जो नहीं दी।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि 25 मई 2024 को सचिन और मनीष के खिलाफ बेटी से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले की विवेचना भोट की तत्कालीन एसओ कर रही थीं।

आरोप है कि उन्होंने गवाहों और महिला के बयान दर्ज नहीं कराए। आरोपियों से साठ-गांठ करके 12 दिन में केस में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। इसके बाद महिला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 27 अगस्त को भोट पुलिस को पुनः विवेचना के आदेश दिए थे। न्यायालय के आदेश के बाद भी भोट एसओ कहती रहीं कि उनके पास कोई आदेश नहीं आया है। कोर्ट के आदेश की कॉपी आने पर फोन करके बता दिया जाएगा। इसके बाद महिला ने 11 सितंबर 2024 को तमाम पत्रावलियां डीआईजी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और एसपी को भी भेजे थे। इसके बाद मामले की जांच अपराध शाखा को भेज दी गई।

आरोप है कि पीड़िता की मां 23 और 25 सितंबर को विवेचक से मिली तो उन्होंने बताया कि उनके ऊपर अधिकारियों का दबाव है इसलिए हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

महिला ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया तो विवेचक ने कोर्ट को बताया कि जांच चल रही है। काफी परेशान होकर महिला ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर दुष्कर्म पीड़िता बेटी के साथ इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।

## सांसद संजय राउत को मानहानि मामले में 15 दिन जेल की सजा



**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि के मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई। बाद में अदालत ने सजा को 30 दिन के लिए टाल दिया और राउत को जमानत दे दी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सिवड़ी अदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी ठहराया और 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। फैसले के बाद राउत के वकील ने सजा को स्थगित करने और उन्हें जमानत देने के लिए दो याचिकाएं दायर कीं, जिन्हें अदालत ने स्वीकार कर लिया। मेधा सोमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राउत ने उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार तथा पूरी तरह से मानहानिकारक आरोप लगाए।

# मथुरा के मंदिरों में चढ़ेगा फल पंचमेवा और मिश्री का प्रसाद

मथुरा, एजेंसी

- धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों धर्माचार्यों ने लिया फैसला



आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में दिए जाने वाले लड्डू प्रसादम को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशु की चर्बी की मिलावट को लेकर उठे विवाद के बीच वृंदावन के एक स्थानीय धार्मिक संगठन धर्म रक्षा संघ ने कृष्ण नगरी के मंदिरों में मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री जैसे प्राचीन प्रसाद चढ़ाने का फैसला किया है।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने बुधवार को वृंदावन में विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं धर्माचार्यों की बैठक का हवाला देते हुए गुरुवार को बताया कि मथुरा के मंदिरों में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री प्रसाद चढ़ाने का फैसला हुआ। यह निर्णय परिक्रमा मार्ग में स्थित श्रीभागवत मंदिरम में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

## नागालैंड-अरुणाचल प्रदेश में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ा

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** नागालैंड के आठ और अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों एवं कुछ अन्य क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम (अफस्पा) और छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। किसी क्षेत्र या जिले को अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है ताकि वहां सशस्त्र बलों की गतिविधियों को सुगम बनाया जा सके। अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यकता होने पर तलाशी लेने, गिरफ्तारी करने और गोलियां चलाने के व्यापक अधिकार मिलते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद नागालैंड के आठ जिलों और पांच दूसरे जिलों के 21 थाना क्षेत्रों को एक अप्रैल 2024 से छह महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित किया था जिसे 1अक्टूबर से और छह महीने के लिए बढ़ाया गया है। अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों को एक अप्रैल, 2024 से अशांत क्षेत्र घोषित किया गया था जिसे एक अक्टूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

# संशोधित आईटी नियम असंवैधानिक

मुंबई, एजेंसी



- फर्जी खबरों को लेकर हाईकोर्ट ने रद किए नियम

बंबई उच्च न्यायालय ने तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद गुरुवार को सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री की पहचान करने और उसे विनियमित करने के उद्देश्य से संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को औपचारिक रूप से रद कर दिया और इन्हें असंवैधानिक करार दिया।

न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर की एकल पीठ ने 20 सितंबर को कहा था कि संशोधित नियम अस्पष्ट और व्यापक होने के कारण न केवल व्यक्ति पर बल्कि सोशल मीडिया मध्यस्थ पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। जनवरी में एक खंडपीठ ने संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित निर्णय दिया था, जिसके बाद एक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास इस मामले को भेजा गया था। तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद, न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने गुरुवार को हास्य कलाकार कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्ट एंड डिजिटल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन द्वारा नए नियमों को चुनौती देते हुए दायर याचिकाओं पर औपचारिक रूप से फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि बहुमत की राय को देखते हुए, नियम 3 (1) (5) को असंवैधानिक घोषित किया जाता है और इसे रद किया जाता है। तदनुसार याचिकाएं स्वीकार की जाती हैं। जनवरी में न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति एन. गोखले की खंडपीठ द्वारा खंडित फैसला सुनाए जाने के बाद आईटी नियमों के खिलाफ याचिकाएं न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास भेज दी गई थीं। न्यायमूर्ति पटेल ने कहा था कि ये नियम 'सेंसरशिप' के समान हैं, लेकिन न्यायमूर्ति गोखले ने कहा था कि इनका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

# कर्नाटक में सीबीआई जांच के लिए दी गई सहमति वापस ली

बेंगलुरु, एजेंसी

- सिद्धारमैया सरकार ने लिया फैसला

कर्नाटक सरकार ने राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति गुरुवार को वापस लेने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत कर्नाटक राज्य में आपराधिक मामलों की जांच के लिए सीबीआई को सामान्य सहमति देने वाली अधिसूचना वापस ले ली गई है। दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अनुसार, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में जांच करने के लिए संबंधित सरकारों से सहमति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रही है। इसलिए, मामले-दर-मामले हम सत्यापन करेंगे और (सीबीआई जांच के लिए सहमति) देंगे। सामान्य सहमति वापस ले ली गई है।

# घरेलू हिंसा से संरक्षण कानून हर महिला पर लागू

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-धार्मिक संबद्धता और सामाजिक पृष्ठभूमि इसमें बाधक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- भरण-पोषण के मामले में एक महिला की अपील पर सुनाया फैसला

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहे उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2005 का कानून संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा के लिए सभी महिलाओं पर लागू है। पीठ ने कहा कि ऐसा इसलिए है ताकि संविधान के तहत उसके अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा हो सके और घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को संरक्षण मिल सके। उच्चतम न्यायालय ने भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला ने इससे पहले कानून की धारा 12 के तहत एक याचिका दायर की थी, जिसे फरवरी 2015 में एक मजिस्ट्रेट ने स्वीकार कर लिया था और उसे 12,000 रुपये मासिक भरण-पोषण और एक लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि महिला के पति ने आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी जिसे अपीलीय अदालत ने देरी के आधार पर खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि बाद में महिला के पति ने अधिनियम की धारा 25 के तहत एक और आवेदन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर किया, जो आदेशों की अवधि और परिवर्तन से संबंधित है, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया।

**विवेकाधिकार का इस्तेमाल करें मजिस्ट्रेट**

पीठ ने कहा कि अधिनियम की धारा 25(2) के तहत विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए मजिस्ट्रेट को इस बात से संतुष्ट होना होगा कि परिस्थितियों में बदलाव हुआ है, जिसके लिए परिवर्तन, संशोधन का आदेश पारित करने की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिनियम के तहत परिस्थितियों में परिवर्तन या तो आर्थिक प्रकृति का हो सकता है, जैसे कि प्रतिवादी या पीड़ित व्यक्ति की आय में परिवर्तन, या यह भत्ता देने या प्राप्त करने वाले पक्ष की अन्य परिस्थितियों में परिवर्तन हो सकता है, जो मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशित भरण-पोषण राशि में वृद्धि या कमी को उचित ठहराएगा।

## केंद्र सरकार ने बढ़ाई श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरें

नई दिल्ली, एजेंसी

- त्योहारों के पहले तोहफा

केंद्र सरकार ने त्योहारों से पहले तोहफा देते हुए श्रमिकों, खासकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की घोषणा की है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि नई न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार क्षेत्र 'ए' में निर्माण, झाड़ू, सफाई और लदान में कार्यरत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रतिमाह) अर्द्धकुशल के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रतिमाह) कुशल, लिपिक एवं शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रतिमाह) तथा उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रतिमाह) होगी। सरकार के इस कदम से केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में भवन निर्माण, लदान, वॉच एंड वार्ड, स्वीपिंग, सफाई, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगे श्रमिकों को संशोधित मजदूरी दरों से लाभ मिलेगा। नई मजदूरी दरें एक अक्टूबर, 2024 से लागू होंगी। पिछला संशोधन अप्रैल 2024 में किया गया था।

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरपालपुर, हरदोई।** थाना क्षेत्र के एक गांव में खेतों पर घास काटने गयी महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र के अन्ना गांव निवासी आरोपी रामतीर्थ द्वारा दो दिन पूर्व खेत में घास काटने गई महिला के साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध में पीड़िता द्वारा थाने पर अभियोग दर्ज कराया गया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी रामतीर्थ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को पकड़ा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अख्तियारपुर गांव निवासी इतवारी लाल ने बुधवार की शाम एजेंसी से नई बाइक निकलवायी। बाइक घर ले जाते समय पसनेर गांव के पास लघुशंका के लिए उसने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी। इसी दौरान दो वाहन चोर बाइक के पास आए और बाइक लेकर भाग गए। पीड़ित ने इतवारी लाल ने पुलिस को सूचना की। पुलिस वाहन चोरों की तलाश में जुट गई। प्रभारी निरीक्षक अनिल यादव पुलिस बल के साथ गुरुवार की सुबह दुर्गागंज गांव के निकट सिराइचमऊ के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक पर दो लोग जाते दिखे। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने दोनों को घेरकर दबोच लिया। पूछताछ करने पर बाइक चोरी की होने की बात कही। आरोपियों ने अपने नाम अनूप रामपुर मझियारा दूसरे ने धीरज हसनपुर गांव बताया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल यादव ने बताया कि इतवारी लाल की चोरी हुई बाइक बरामद कर ली गई है।

### चौपाल आज

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने बताया कि शुक्रवार को ब्लॉक सुरसा की ग्राम पंचायत बन्नापुर में उनकी अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया जायेगा। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी प्राइमरी विद्यालय बन्नापुर का निरीक्षण एवं डब्लूएचओ द्वारा संचालित गलाघोटू टीकारण की समीक्षा भी करेंगी।

# बर्गर के पैसे मांगने पर दुकानदार को मारा चाकू

## दबंग हिस्ट्रीशीटर को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा, घायल युवक को कराया गया भर्ती

संवाददाता, हरदोई, कछौना

**अमृत विचार।** फास्ट फूड कार्नर पर बर्गर खाने के बाद पैसे मांगने पर दुकानदार की गर्दन पर चाकू से हमला करने वाला हिस्ट्रीशीटर वहां से भागता, इससे पहले दुकानदारों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। कछौना में बुधवार की देर शाम इस तरह किए गए हमले से हड़कंप मच गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सारे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

बताते चलें कि कछौना कोतवाली के कस्बा बालामऊ के मोहल्ला रेलवे गंज निवासी कल्लू कश्यप रेलवे स्टेशन के पास फास्ट फूड का कार्नर लगाता है। बुधवार की देर शाम नौशाद निवासी नेवादा गौतरा थाना माधौगंज अपने साथी के साथ बर्गर खाने पहुंचा। कल्लू ने उसे बर्गर दिया, लेकिन जब उसने पैसे मांगे तो वह गाली-गलौज करने लगा। कल्लू कुछ कहता उससे पहले ही नौशाद ने उसकी गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। वार से कल्लू की काफी गर्दन कट गई, हमलावर नौशाद वहां भागता, उसी बीच दौड़ कर पहुंचे दुकानदारों ने उसे पकड़ लिया और बाद में वहां पहुंची पुलिस को सौंप दिया। हमले में घायल हुए कल्लू को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया। पुलिस ने कल्लू कश्यप की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक हमलावर नौशाद माधौगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है, उस पर कई मामले दर्ज है।




चाकू से घायल दुकानदार कल्लू व आरोपी हिस्ट्रीशीटर नौशाद को बाजार में घुमाती पुलिस। अमृत विचार

### पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को बाजार में घुमाया

पटरी ठेले पर फास्ट फूड विक्रेता कल्लू पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले हिस्ट्रीशीटर नौशाद को पुलिस गिरफ्तार कर कछौना कस्बे की बाजार में घुमाया। कछौना पुलिस ने अपराध करने वालों में दिखे कानून का खौफ दिया संदेश। बेखौफ होकर घटना को अंजाम देने वाले हिस्ट्रीशीटर की आंखों में कानून का खौफ दिखा। प्रशासन का साफ संदेश अपराध करने वाले को मिलेगी सजा।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बिलग्राम थाना क्षेत्र के पसनेर गांव के निकट एक तेज गति से आ रहे हैं डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी जिसे बाइक सवार एक की मौत हो गई वही दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार विष्णु शंकर (35) पुत्र मुंशीलाल टाइल पत्थर का मिस्त्री है। वह अपने साथी मनीष (26), अमित (21) निवासी ग्राम जसवंत पुर बालामऊ थाना कछौना के साथ सांडी से काम करके बाइक से वापस लौट रहे थे। पसनेर गांव के पास उनकी बाइक में तेज गति से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार विष्णु शंकर की मौके पर ही मौत हो गई। वह साथी मनीष व अमित गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक विष्णु के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मर्चरी हाउस भेज दिया। मृतक विष्णु के पिता मुंशीलाल ने बताया कि मेरा पुत्र टाइल पत्थर का काम करने रोज की तरह सांडी गया था, काम करके वापस अपने गांव आ रहा था, तभी यह हादसा हो गया। विष्णु शंकर के तीन बच्चे हैं। इस अचानक दर्दनाक हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# परियोजना निदेशक को पत्र भेज पुलिया निर्माण की मांग

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई

### विधायक ने की पहल

**नगर में हो रहे जलभराव से आमजनमानस को करना पड़ रहा कठिनाइयों का सामना**

**अमृत विचार।** नगर में हो रहे जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिये विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने परियोजना निदेशक को एक पत्र भेजा है।

विधायक द्वारा भेजे गये पत्र में कहा गया है कि उनके विधानसभा 161 में नगर पालिका परिषद सण्डीला स्थित है। वर्तमान में विभाग द्वारा लखनऊ से हरदोई तक नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके चलते नगर पालिका द्वारा निर्मित आरसीसी नाले एवं नालियों को तोड़ दिया गया है, जिससे नगर की जल निकासी पूर्ण रूप से बाधित हो गयी है जिसके कारण नगर मे जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। जलभराव से बीमारियों के फैलने की संभावना है, जिससे जनमानस को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है। उनसे आग्रह है कि नगर सण्डीला की जल निकासी हेतु सड़क निर्माण के दौरान तोड़े गये नालों का निर्माण तथा लखनऊ हरदोई मार्ग पर नगर पालिका की दुकानों के पास आबकारी विभाग के बने शौचालय के पास व दूसरी पुलिया प्रा. वि. ग्राम बेगमगंज के पास रेलवे लाइन के निकट क्रॉस पुलिया का निर्माण हो जाने से नगर की जल निकासी सुचारु रूप से हो सकेगी। उक्त बिन्दुओ मे विधायक ने पुलिया का निर्माण किये जाने का अनुरोध किया है।

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाया, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पति ट्रक लेकर माल लाने के लिए लखनऊ गया था। इसी बीच किसी बात को लेकर उसकी पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पाली थाने के दहिरापुर मढैया गांव निवासी राहुल ट्रक चालक है। उसकी 26 वर्षीय पत्नी सुमन ने बुधवार को घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। राहुल लखनऊ गया हुआ था। घर वालों ने सुमन को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। सुमन का मायका शाहाबाद कस्बे के अल्हापुर सैदी खेल मोहल्ले में है। उसके भाई आकाश ने बताया कि करीब 6 साल पहले बहन की शादी हुई थी। उसकी दो बेटियां है। आकाश ने फिलहाल किसी तरह के आरोप से इंकार किया है। वहीं सुमन के पति राहुल का कहना है कि घटना के पीछे की वजह उसे भी नहीं पता है।

# बहन से विवाद पर साले ने बहनोई को जमकर पीटा, किया फॉयर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** घरेलू बात पर पत्नी के साथ झगड़ा करने पर पति के ऊपर उसके ससुराल वाले कहर बन कर टूट पड़े। साला अपने कुछ घर वालों के साथ उसके घर पहुंचा और उसे गाड़ी से जंगल की तरफ ले गया, वहां उसने बिजली के तार वाले कोड़े से न सिर्फ जंगल में दौड़ा-दौड़ा पीटा, बल्कि भागने पर उसके ऊपर फायर झोंक दिया। उसने किसी तरह अपनी जान बचाई। एसएचओ माधौगंज ध्रुव कुमार का इस बारे में कहना है कि तहरीर आई है, सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

माधौगंज थाने के पटियापुरवा निवासी संदीप की शादी करीब 12 साल पहले उसी थाने के छब्बापुरवा की रूबी के साथ हुई थी। जैसा कि संदीप ने बताया कि बुधवार को घरेलू बात पर उसका रूबी से झगड़ा हो गया था, रूबी ने सारी बात अपने भाई छोटे भइया से कह डाली। छोटे भइया उसी दिन शाम को राजकुमार व अरविंद के साथ गाड़ी से उसके घर पहुंचा और संदीप को गाड़ी पर बैठा कर जंगल की तरफ ले गया। वहां उसने बिजली के तार से बने कोड़े से संदीप की पिटाई शुरु कर दी, संदीप भागा तो साले ने उसे जंगल में दौड़ा-दौड़ा कर न सिर्फ पिटा बल्कि उसके ऊपर फायर झोंक दी, संदीप वहां से भाग कर खन्नापुरवा पहुंचा, तब कहीं उसकी जान बच सकी। उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। उसने पुलिस को तहरीर दी है। एसएचओ श्री कुमार का कहना है कि सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।



साले की पिटाई से घायल संदीप।

### पुलिस को दी तहरीर

**बिजली के तार से दौड़ा-दौड़ा पीटने का आरोप, घायल का अस्पताल में चल रहा इलाज**

### गौरैया नाले में डूबकर युवक की मौत,

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक गांव के पास गौरैया नाले से नारगुजारी निकाल रहा था, उसी बीच वह गहरे पानी में डूब गया। परिजनों व ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम को भेजा है। बेहटा गोकुल थाने के चन्द्रपुर खैराई निवासी बोदिल (43) घर का इकलौता कमाने वाला था। मेहनत-मज़दूरी कर पत्नी छोटी बिटिया, बेटे विकास, ओमकार व नितिन के अलावा तीन बेटियों का पेट पाल रहा था। बुधवार को बोदिल गांव के बाहर गौरैयां नाले में नारगुजारी निकालने के लिए गया था। जहां पर वह पानी की गहराई में पहुंच कर पानी में डूब गया। आस-पास मौजूद लोगों ने हादसा होते देख दौड़े और उसके घर वालों को सूचना दी। लोगों ने नाले में कूदकर बोदिल को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# बंद कमरे में 72 घंटे तक सड़ता रहा युवक का शव

संवाददाता, हरदोई

### लापरवाही

**पोस्टमार्टम हाउस में डी-फ्रीजर्स होते हुए भी मेडिकल कालेज में रखी गई डेड बॉडी**

**अमृत विचार।** थोड़ी सी लापरवाही के चलते युवक की डेड बाडी मेडिकल कालेज के कमरे में बंद कर दी गई, जो वहां 72 घंटे बंद रही। उसे जब बाहर निकाला गया तो वह पूरी तरह से सड़ चुकी थी। जबकि ऐसी ही डेड बाडी को पूरी तरह से सुरक्षित रखने के लिए पोस्टमार्टम हाउस में डी-फ्रीजर्स है।

बताते चलें कि 23 सितंबर की दोपहर आरपीएफ को सूचना दी गई कि सीतापुर रोड पर ओवर ब्रिज से करीब 50 मीटर की दूर रेलवे ट्रैक पर 25 वर्षीय युवक पड़ा हुआ है, उसके सिर में पुरानी चोंट दिखाई पड़ रही थी। वहां पहुंची आरपीएफ ने युवक को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। डेड बाडी की शिनाख्त नहीं हुई थी। उसे मेडिकल कालेज में सर्वेंट क्वार्टर के सामने एक कमरा जो कि मर्चरी कहा जाता है, में बंद कर दिया गया। गुरुवार को 72 घंटे पूरे होने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए बाहर निकाला गया। 72 घंटे से कमरे में बंद रहने से डेड बाडी पूरी तरह से सड़ चुकी थी। जब कि इसी तरह की डेड बाडी को सुरक्षित रखने के लिए पोस्टमार्टम हाउस में डी-फ्रीजर्स है। सवाल उठ रहा है कि जब सारी व्यवस्था पहले से थी तो फिर डेड बाडी को मेडिकल कालेज में क्यों बंद किया गया। आखिर ऐसी क्या वजह थी जो डेड बाडी के साथ ऐसा शर्मनाक और घिनौना बर्ताव किया गया।

### ताला तोड़कर चोरी के आरोपी को भेजा गया जेल

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला बाजार शम्भा में ताला तोड़कर चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली के मोहल्ला बाजार शम्भा निवासी बेबी ने 1 अगस्त को कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ ताला तोड़कर दस हजार की नगदी सहित सत्तर हजार के जेवर और लाइसेंसी बंदूक के पांच कारतूस चोरी कर लिए जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी रामकिशन उर्फ भल्लू निवासी अल्लाह पुर सैदीखेल को गिरफ्तार किया है।

# समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, शाहाबाद हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन क्रांति के जिलाध्यक्ष ने किसानों की महापंचायत में किसानों की समस्या सुनकर उनका निराकरण करने के लिए डीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन क्रांति के जिलाध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव ने किसान पंचायत में क्षेत्र से आए किसानों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए जिलाधिकारी एमपी सिंह को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को दिया।

जिलाध्यक्ष श्री यादव ने बताया ग्राम पंचायत कठमा के मजरा समैची पुर में ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। गांव की लगभग टोटल आबादी हरिजन है गांव में एक अंबेडकर पार्क और एक बारात घर बना होना चाहिए।गांव में आवास का सर्वे किसानों के सामने नहीं हुआ दोबारा करवाया जाए। गांव से रेभा मुरादपुर तक गया नाला बिलकुल सुखा और बंद पड़ा है। गांव में नाली और खडंजा बिलकुल ध्वस्त है सही करवाया जाए। ग्राम फतेहपुर गयद में चार पोल टूटे पड़े हैं जिस कारण विद्युत सप्लाई बाधित है।ग्राम आगापुर के कोटेदार ने कार्ड धारकों की केवाईसी नहीं की है करवाई जाए। ग्राम रैगवा के किसान आदेश के घर की नाली का निकास नहीं है। तहसील के सभी ब्लाकों में लगे प्राइवेट कर्मी किसानों से अवैध वसूली कर रहे है इसे रोकने की मांग की है। तहसील क्षेत्र बढ़ते ई रिक्शों से आयदिन जाम और दुर्घटनाएं हो रही है। इसे रोका जाए। ग्राम उमरौली में आवारा गोवंशों की अधिकता है इन्हे गौशाला भिजवाया जाए। उन्होंने कहा जिलाधिकारी को ज्ञापन भेज कर किसानों की समस्या का निराकरण करवाने के लिए कहा गया है।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

### प्राइवेट बस स्टैंड के मैनेजर की मनमानी को लेकर किसान यूनियन का प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** किसान यूनियन अवध के कार्यकर्ताओं ने प्राइवेट बस यूनियन के मैनेजर की दबंगई के विरोध में प्रदर्शन करते हुए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर हस्तक्षेप की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन अवध के जिलाध्यक्ष इम्तियाज अली इदरीसी ने बताया बस स्टैंड पर प्राइवेट बस यूनियन के मैनेजर के गुंडे ई-रिक्शा और ऑटो वालों को परेशान करते हैं। आये दिन उनके वाहनों की चाभियां निकाल लेते हैं। गरीब ई-रिक्शा और ऑटो वालों के समर्थन में किसान यूनियन ने शुक्रवार को बस स्टैंड पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगा। इसकी सूचना उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से नायब तहसीलदार के माध्यम से एसडीएम दीक्षा जोशी को दे दी है। इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ता और ई-रिक्शा चालक ऑटो चालक उपस्थित रहेंगे।

## वर्ग पहेली-204

**बाएं से दाएं**

4.1. आसक्ति 2. प्रेम 3. लगाव; सौहार्द।

6.1. शिला की भांति 2. पत्थर की तरह 3. पत्थर के आकार-प्रकार का।

8.1. ब्रह्म प्राप्ति के लिए की गई ज्ञाननिष्ठा वाली साधना 2. ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को जानने का योग।

**ऊपर से नीचे**

1.1. भद्दा

2.1. अनुभवशून्यता, अनुभव आदि का न होना 2. संवेदनहीनता।

3. थिगली।

5. रात, रात्रि।

7.1. मगध देश का, मगध संबंधी 2. मगध या बिहार में उत्पन्न होने वाला।



### वर्ग पहेली -203 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ब | ■ | 2 नृ | ■ | 3 रँ |
| ■ | 4 ज | नो | प | यो | गी |
| 5 ठौं | र | ■ | नं | ■ | ला |
| ■ | ■ | 6 अ | द | ब | ■ |
| ■ | 7 उ | ड़ | न | ■ | 8 के |
| 9 ऑ | ■ | ती | ■ | ■ | ला |
| ठ | ■ | 10 स | ह | वा | स |

### सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 4 | | | 9 | |
| 1 | | | 7 | | | | | 4 |
| | | | 3 | | | 2 | | |
| 8 | 4 | 7 | | 5 | | 1 | | |
| 3 | | 6 | 2 | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 2 | | 7 | | 9 | 6 | 8 |
| | | 8 | | | 7 | | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 01.20 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 01.20 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** — आज आपकी योजना किसी कारणवश अटक सकती है। परिवार में परेशानियां उत्पन्न होंगी। दांपत्य संबंधों में कड़वाहट होने की आशंका है। व्यापार में इच्छित परिणाम न मिलने से मन खिन्न हो सकता है। अपने प्रयासों में कमी न होने दें।

**वृष** — आज रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। बच्चों के साथ दोस्ताना संबंध रखें। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। वरिष्ठ और बुद्धिमान लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

**मिथुन** — आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आनावश्यक गतिविधियों में आप समय बर्बाद न करें। प्रेमी जन से बहसबाजी न करें। ठंड से आपको बचना चाहिए। क्रोधी स्वभाव वाले लोगों की आलोचना हो सकती है।

**कर्क** — आज अनुसंधान संबंधी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में नज़दीकियां बढ़ेंगी। घरेलू मामलों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। ज्यादा टीवी और कम्प्यूटर का प्रयोग न करें। परिवार के लोग आपसे प्रेम तो रखेंगे लेकिन आपको अपनी बात समझाने में थोड़ी मुश्किल होगी।

**सिंह** — आज का दिन काफी रोमांचक रहेगा। काम की वजह से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। आंखों से जुड़ी समस्या सामने आ सकती हैं। बीते दिन की तुलना में आपको आज कार्यक्षेत्र में परेशानी का अनुभव होगा। यात्रा का प्रयोजन सफल होने में कठिनाई होगी।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में नए विकल्प विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। जल्दबाज़ी के बजाय गम्भीरता और धैर्यपूर्वक निर्णय लेंगे। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कानूनी मामलों में परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**तुला** — आज दिन व्यस्ततापूर्ण रहेगा। घर के नवनिर्माण पर धन खर्च कर सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घरेलू कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक** — आज अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्रों को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद जन्म ले सकते हैं। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है।

**धनु** — आज कारोबार के दृष्टिकोण से दिन सामान्य है। आपकी विनम्रता का लोग गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। अपने घर के छोटे सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। वैवाहिक कार्यक्रमों आदि को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** — आज समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। बच्चे काफी आज्ञाकारी रहेंगे। सभी काम समय पर पूर्ण हो जायेंगे। नया व्यापार शुरू करने के लिए दिन उत्तम है।

**कुंभ** — आज दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त होने की संभावना है। नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन** — आज मन की चंचलता पर नियंत्रण करें। अपने खानपान की आदतों पर सुधार करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही करेंगे। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता हो सकती है। जल्दबाज़ी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- राज तिलक — सुबह : 11.00
- अनाढ़ी — रात : 07.00

&pictures
- बच्चन पांडेय — सुबह : 10.18
- क्रिश — दोपहर : 01.13

Sony Pix
- स्पाइडर मैन — दोपहर : 12.02
- जॉन रेम्बो — शाम : 05.35

Zee Cinema
- रिश्ते — सुबह : 08.26
- हिम्मतवर — दोपहर : 01.58

Colors Cineplex
- बलवान — सुबह : 11.54
- दिल है तुम्हारा — दोपहर : 02.56

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 01.13 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

खूबसूरत लड़की के मुंह में थर्मामीटर रख देहाती डॉक्टर बोला- कुछ देर तक चुपचाप रहना है।
यह देख लड़की का प्रेमी बोला- यह कितने की चीज़ है और कहां मिलती है।

बेटा (अपनी मां से)- मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी- क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं। बेटा- नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे।

# मेडिकल कॉलेज में बाहर की दवाएं लिखने की होगी जांच

## समिति ने की सार्वजनिक उपक्रमों व निगमों की समीक्षा, आरएम रोडवेज की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

**संवाददता, हरदोई**

**अमृत विचार।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति की द्वितीय उप समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सभापति अनूप कुमार गुप्ता ने की। उनके साथ समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, राहुल राजपूत, महेन्द्र नाथ यादव, जयप्रकाश अंचल मौजूद रहे।

सभापति ने सबसे पहले समिति के कार्यों की रूपरेखा बताई। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की समीक्षा करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के पूर्ण भवन को जल्द हैण्डओवर कराया जाये। समिति ने प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में दवाओं की आपूर्ति निर्बाध रखी जाये। दवाएं यथा संभव बाहर से न लिखी जाएं।

सभापति ने मेडिकल कॉलेज में बाहर की दवाएं लिखे जाने की खबरों को गंभीरता से लिया है। मुख्य विकास अधिकारी, सीएमओ व जिलाधिकारी द्वारा नामित एक सदस्य की तीन सदस्यों की एक समिति से मेडिकल कॉलेज में दवाओं की उपलब्धता की शिकायतों की जांच कर रिपोर्ट समिति को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान रखा जाये। राज्य सेतु निगम को उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं को समय से पूरा किया जाये। सेतु की डिजाइन भविष्य की भौतिक परिस्थितियों को देखते हुए बनाई जाये। नदी के पास सड़क निर्माण में सिंचाई विभाग के समन्वय स्थापित किया जाये। जल निगम नगरीय की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा परियोजनाओं को समय से पूर्ण किया जाये। परियोजना पूर्ण होने के पश्चात रेस्टोरेशन की कार्रवाई जल्द करायी जाये। यूपीडा को निर्देशित किया कि गंगा एक्सप्रेस वे के कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। एनएचएआई को समयान्तर्गत एनएच 731 का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को सुनासीर नाथ मंदिर का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। आरएम रोडवेज के स्थान पर एआरएम रोडवेज की उपस्थिति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। यूपीसिडको को निर्देश दिए कि राजकीय आईटीआई के निर्माण के लिए अवशेष किश्त प्राप्त करने के लिए जिलाधिकारी की ओर से पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। सभापति ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोड़वा का कार्य जल्द पूरा किया जाये। जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिए कि परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण कर रेस्टोरेशन का कार्य जल्द कराया जाये। यूपीपीसीएल के कार्यों की समीक्षा करते हुए समिति ने जिलाधिकारी को दो सदस्यी अधिकारियों की टीम से शाहाबाद बस अड्डे की जाँच कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।



विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में समीक्षा बैठक करते समिति के सभापति अनूप कुमार गुप्ता। अमृत विचार

### समिति ने किया श्रवण देवी मंदिर का निरीक्षण

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति ने श्रवण देवी मंदिर में उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। समिति ने पूर्व निर्मित सत्संग भवन में आंशिक सुधार करने के निर्देश दिए। माननीय सभापति ने निर्माणाधीन हॉल का निर्माण जल्द पूरा कर हैण्डओवर देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रहलाद कुंड को विकसित कर उसमे पानी भरवाने की व्यवस्था हेतु पर्यटन विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर समिति के माननीय सदस्यगण, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



प्रहलाद कुंड का निरीक्षण करते सभापति। अमृत विचार

### क्षमता में वृद्धि कर विद्युत आपूर्ति में लाएं सुधार

समीक्षा के दौरान सभापति ने विद्युत वितरण निगम को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए निर्धारित समय सीमा में परियोजनाओं को पूरा किया जाये। ख़राब ट्रांसफार्मर जल्द से जल्द बदले जाएं और आवश्यकतानुसार क्षमता में वृद्धि की जाये। रोस्टर के अनुसार जनपद के सभी क्षेत्रों में आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। बार-बार ट्रांसफार्मर फुकने वाले डार्क जोन को चिन्हित किया जाये तथा लगातार एसई की ओर से अधीनस्थो के साथ अनुश्रवण कर समस्या को दूर किया जाये। जिन मजरों में विद्युतीकरण नहीं हुआ है, उन्हें सौभाग्य योजना के अंतर्गत लेने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। विजिलेन्स टीम के नियम विरुद्ध कृत्य के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाये। विद्युत विभाग की ओर से किसी भी एनओसी को लंबित न रखा जाये। पावर कारपोरेशन की ओर से प्राइवेट ट्यूबवेल को कनेक्शन देने की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखी जाये।

## बीडीओ ने बीडीसी के खिलाफ कराया केस

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कक्ष में आकर क्षेत्र पंचायत सदस्य को हंगामा कर बीडीओ को जान से मारने की धमकी देना महंगा पड़ गया। पुलिस ने आरोपी बीडीसी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। विकासखंड कार्यालय पर बीडीओ रामकिशोर की तैनाती है। बीडीओ ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि मंगलवार की शाम अपने कक्ष में बैठकर सरकारी काम कर रहे थे। इसी बीच सुनासी मढ़िया गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य कुलदीप यादव आए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गांव की सीसी सड़क बनवाने की बात कहने लगे। उन्होने सड़क बनवाने की बात कही। बताया कि इसके बाद आरोपी हंगामा करते हुए 5 हजार रुपये निजी खर्च के लिए मांगने लगा। मना करने पर जानमाल की धमकी देते हुए सरकारी कार्य मे बाधा डाली। शोर सुनकर ब्लाक के कुछ कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए चला गया। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य कुलदीप यादव का कहना है कि ब्लाक पर भ्रष्टाचार को उजागर करने को लेकर आरटीआई मांगी थी, जिसको वापस लेने के लिए बीडीओ ने बुलाया था और आरटीआई वापस लेने का दवाब बना रहे थे। कोतवाल अनिल सैनी ने बताया कि उनको तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### एक नजर

#### स्कूली बच्चों का हुआ डिप्थीरिया टीकाकरण

**हरदोई, अमृत विचार।** डिप्थीरिया संक्रामक को देखते हुए चलाए जा रहे अभियान के पहले दिन परिषदीय स्कूलों में टीकाकरण हुआ। बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर में स्वास्थ्य टीम ने कक्षा एक और पांच के 33 बच्चों को डीटीपी का टीका लगाया गया। विद्यालय पहुंची स्वास्थ्य टीम ने बच्चों और उनके अभिभावकों को डिप्थीरिया (गलाघोटू) के बारे में बताया। प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून ने कहा कि डीटीपी (डिप्थीरिया,टेटनेस और पर्टुसिस) का टीके से ही डिप्थीरिया संक्रामक से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों के स्वास्थ्य को ले कर काफी गंभीर है। इधर डिप्थीरिया संक्रामक के मामले सामने आने पर सरकार ने अभियान शुरु किया है। डिप्थीरिया अभियान 26 सितंबर (गुरुवार) से शुरु हो कर 7 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान टीम के साथ प्रधानाध्यापिका के अलावा शिक्षिका रेहाना नसरीन,प्रभा पाण्डेय,शिक्षा मित्र राकेश कुमार वर्मा,आंगनबाड़ी कार्यकत्री रेनू सिंह,सहायिका जनका मौजूद रहीं।

#### जिले में बारिश को लेकर हुआ यलो एलर्ट

**हरदोई, अमृत विचार।** मानसून एक बार फिर जिले में भारी बारिश कर सकता है। जिला प्रशासन ने बरसात को लेकर एडवाइजरी जारी की है। अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा प्रियंका सिंह ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मौसम विभाग, लखनऊ ने 26 सितम्बर से 28 सितम्बर के बीच जिले में मेघ गर्जन एवं वज्रपात होने की सम्भावना व 28 सितम्बर से 29 सितम्बर को माध्यम से भारी बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात (येलो अलर्ट) की सम्भावना व्यक्त की है।

#### युवती लापता, पिता ने दर्ज कराई अज्ञात पर रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने अज्ञात के विरुद्ध पुत्री को फुसलाकर कर भगा ले जाने का प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि पुत्री बुधवार की शाम फोन पर किसी से बात कर रही थी। उसने पुत्री को फोन किया तो उसका फोन बिजी जा रहा था। पुत्री ने पूछने पर घर आने पर सारी बात बताने को बोला। जब वह घर पहुंचा तो उसकी 19 वर्षीय पुत्री लापता थी। उसने काफी तलाश किया लेकिन पता नहीं चला। पुत्री जिस लड़के से फोन पर बात करती थी। वही उसे भगा ले गया है।

## डीएम ने नवविकसित पोर्टल पर देखी निस्तारण की स्थिति

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** शिकायत निस्तारण की पर्ची व्यवस्था लागू होने के बाद जिलाधिकारी ने पोर्टल के माध्यम से शिकायतों के निस्तारण की स्थिति को औचक रूप से देखा तथा सम्बंधित अधिकारियों से निस्तारण के सम्बन्ध में पूछताछ की। जिन अधिकारियों की शिकायत निस्तारण की स्थिति ठीक नहीं पायी, उन पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए निस्तारण की गुणवत्ता का स्तर सुधारने के निर्देश दिए। पोर्टल पर बीडीओ अहिरोरी व कछौना की ओर से कोई शिकायत दर्ज न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित जन सुनवाई के सम्बन्ध में लोगों के बीच प्रचार प्रसार करें ताकि लोग शिकायत लेकर सही जगह पर पहुंचें तथा उन्हें शिकायत के निस्तारण के लिए भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से कार्यालय ने जन सुनवाई करें। उन्होंने बताया कि जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा की टीम द्वारा जो जन शिकायत पोर्टल विकसित किया गया है उस पर नाम, शिकायत क्रमांक व मोबाइल नंबर से शिकायत निस्तारण की स्थिति को देखा जा सकता है।

## मेले में 151 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**हरदोई,अमृत विचार।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रामवीर सिंह ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में गुरुवार को छह कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। आयोजित रोजगार मेले में लगभग 232 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

कम्पनियों के अधिकारियों उपस्थिति अभ्यर्थियों को कम्पनी एवं उससे सम्बन्धित कार्य तथा प्राप्त वेतन भत्ते के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया । इच्छुक अभ्यर्थियों ने आवेदन के रूप मे कम्पनी द्वारा निर्धारित पपत्र को भर कर परीक्षा/साक्षात्कार में भाग लिया। साक्षात्कार में 151 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

## अतिक्रमण हटाए बिना लौटी प्रशासन की टीम

**संवाददाता, पाली, हरदोई**

**कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने में प्रशासन रहा नाकाम**

**अमृत विचार।** कस्बे में चक मार्ग को खाली कराने के लिए समाजसेवी द्वारा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट ने डीएम, एसडीएम व ईओ को चक मार्ग खाली कराने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने के लिए प्रशासन दो बार कोशिश कर चुका है, लेकिन सफलता नहीं मिली है। गुरुवार को राजस्व विभाग, पुलिस समेत नगर पंचायत के 100 कर्मचारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी रामलीला चौराहे पहुंचे लेकिन बिना अतिक्रमण हटवाए ही वापस हुए। इसको लेकर प्रशासन की जमकर किरकिरी हुई है। नगर पंचायत द्वारा दो बार मुनादी कराई गई थी।

पाली कस्बे के मोहल्ला आजाद नगर निवासी वृद्ध समाजसेवी रघुवीर ने भूमि गाटा संख्या 30 चक मार्ग स्थित भगवंतपुर टाउन एरिया बाहर को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर प्रयागराज उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच में जनहित याचिका दायर की। जिसमें नगर पंचायत पाली के अधिशासी अधिकारी, उपजिलाधिकारी सवायजपुर, जिला अधिकारी हरदोई को पार्टी बनाया। कोर्ट द्वारा उपरोक्त प्रतिवादियों को अतिक्रमण हटवाने के लिए आदेशित किया गया था। जिसके क्रम में गत माह नगर पंचायत द्वारा मुनादी कराकर चक मार्ग पर अतिक्रमण किए लोगों को चेतावनी दी गई थी और कहा गया था कि निर्धारित समय में अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें अन्यथा प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटवाया जाएगा, जिसका हर्जा खर्चा भी अतिक्रमणकारियों को ही देना पड़ेगा। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। बुधवार को एक बार फिर नगर पंचायत पाली द्वारा मुनादी कराई गई। जिसमें रामलीला चौराहे से पंत इंटर कॉलेज के सामने तक अतिक्रमण किए लोगों को अतिक्रमण हटाने को कहा गया। गुरुवार को नगर पंचायत पाली के अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश सिंह यादव, पुलिस फोर्स समेत एक सैकड़ा कर्मचारियों के साथ बुलडोजर लेकर रामलीला चौराहा पहुंचे। नायब तहसीलदार कानूनगो दफ्तर पर पर ही बैठी रहीं। खोखा मालिकों ने सिविल वाद प्रचलित होने की बात कहकर अतिक्रमण न हटाने को कहा। प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का विचार बदल लिया। जानकारी करने पर पता चला कि मुकदमा गाटा संख्या 27 पर है तो पुनः अतिक्रमण हटाने का प्रशासन ने मन बनाया। लेकिन बताया गया कि राजनीतिक दबाव के कारण ईओ, प्रभारी निरीक्षक व नायब तहसीलदार बिना अतिक्रमण हटवाए ही चले गए। नगर पंचायत सहित प्रशासन की इस मामले में जमकर किरकिरी हुई है। याचिकाकर्ता रघुवीर ने बताया कि वह हाईकोर्ट में अवमानना का मुकदमा करेंगे।

## वीके दुबे हटाए गए, अवधेश बने सीओ बघौली

**संवाददाता, हरदोई**

**सख्ती**

**शराब ठेके में चोरी के मामले को लेकर एसपी ने किया फेरबदल**

**अमृत विचार।** बघौली में देशी और अंग्रेजी शराब के ठेके में हुई सेंधमारी के बाद एसपी ने एसआई उमाशंकर सिंह को निलंबित करने के बाद सीओ बघौली वीके दुबे को वहां से हटा कर सीओ कार्यालय बनाया है और अवधेश पाण्डेय को सीओ बघौली की ज़िम्मेदारी सौंपी है।

एसपी नीरज कुमार जादौन ने बघौली में शराब के ठेके में हुई सेंधमारी के बाद पूरे एक्शन में है। एसआई उमाशंकर सिंह को निलंबित करने के बाद उन्होंने सीओ बघौली वीके दुबे को वहां से हटा कर सीओ कार्यालय बनाया है। उन्हें सीओ विशेष जांच प्रकोष्ठ,आईजीआरएस,जन-शिकायत प्रकोष्ठ व रिट सेल की ज़िम्मेदारी दी गई है। अवधेश पाण्डेय सीओ बघौली बनाए गए हैं। इसके अलावा सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह पहले टड़ियावां, हरियावां, पिहानी और बेनीगंज कोतवाली के अलावा सीओ डीसीआरबी, फील्ड यूनिट, विशेष जांच, आईजीआरएस,जन-शिकायत प्रकोष्ठ और आंकिक शाखा की ज़िम्मेदारी संभाल रहे थे। एसपी ने संतोष कुमार सिंह को सीओ हरियावां (हरियावां,टड़ियावां,पिहानी व बेनीगंज) के अलावा सीओ आंकिक शाखा की ज़िम्मेदारी दी है। इसके अलावा सीओ ट्रैफिक/क्राइम शिल्पी कुमारी सीओ कार्यालयों, रिट सेल, नारकोटिक्स सेल,अपराध शाखा,अभियोजन, एएचटीयू, जन-सूचना सेल, किशोर इकाई, मानिटरिंग सेल और सम्मन सेल देख रहीं थी, एसपी ने सीओ ट्रैफिक/क्राइम शिल्पी कुमारी को अब मिशन शक्ति, महिला सहायता प्रकोष्ठ, परिवार परामर्श केंद्र, एंटी रोमियो, वन स्टाफ सेंटर, रानी लक्ष्मीबाई सेल, फील्ड यूनिट और जन-सूचना सेल का भी ज़िम्मेदार बनाया है।

## कुशीनाथ मंदिर के कायाकल्प को 67 लाख रुपये स्वीकृत

**संवाददाता, कछौना, हरदोई**

**अमृत विचार।** कस्बे का पौराणिक मंदिर बाबा कुशीनाथ के कायाकल्प हेतु विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल के प्रयास से पर्यटन विभाग से 67 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है। इस मंदिर परिसर में संत निवास, हाल, चेंजिंग रूम, सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

बताते चलें कि बाबा कुशीनाथ मंदिर काफी पुराना/प्राचीन मंदिर है। यह कछौना कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित है। यह लगभग 250 वर्ष पुराना मंदिर है। कस्बा सहित आसपास के श्रद्धालुओं का केंद्र बिंदु है। मंदिर प्रवेश में स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण एक कथा मंडप, एक पुजारी हेतु आवास, सामुदायिक शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं के माध्यम से कायाकल्प किया जाएगा।

### सार-संक्षेप



केक काटकर ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश का जन्मदिन मनाते समर्थक।

#### जन्मदिन पर जुटी समर्थकों व कार्यकर्ताओं की भीड़

**हरदोई, अमृत विचार।** टड़ियावां ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश के जन्मदिन पर उनके समर्थकों ने खूब जश्न मानाया। यह सिलसिला शाम तक जारी रहा। इसके बाद उन्होने ब्लाक सभागार में इलाकाई प्रधानों के साथ केक काटा। गुरुवार की सुबह सबसे पहले रामजानकी मंदिर में माथा टेका और पूजा-अर्चना की, उसके बाद विधायक पिता श्यामप्रकाश और मां के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। इस बीच ब्लाक प्रमुख के भाई पैतृक गांव भड़ायल के प्रधान प्रतिनिधि अभिजीत प्रकाश ने ग्राम पंचायत में केक काटकर जन्मदिन की खुशी मनाई। इसके बाद उन्होने समर्थकों के बीच अपने जन्मदिन की खुशियां साझा की। इस बीच विधायक प्रतिनिधि लल्ला सिंह, अनुपम मिश्र, पंकज सिंह, ब्लाक प्रमुख पुत्र जितिन प्रकाश और उनके प्रतिनिधि कृष्ण मोहन शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष अविनाश त्यागी, मनोज तिवारी, डा .अनुज गुप्ता,अनीस प्रधान पाला, पूर्व प्रधान कमलेश अवस्थी, छोटू अवस्थी, सर्वेंद्र राव, अनिल गौतम, अरविंद वर्मा आदि तमाम लोग मौजूद रहे। इसके बाद उन्होने ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर समर्थकों के बीच अपने जन्मदिन की खुशियां साझा की

#### किरण मिश्रा का गुलाला घाट पर हुआ अंतिम संस्कार



**हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा की माता किरण मिश्रा का इलाज के दौरान हृदयाघात से निधन हो गया। वह पैर की चोट के बाद निजी हास्पिटल में भर्ती कराई गई थीं। जांच में उनकी किडनी में भी संक्रमण पाया गया था। अंतिम संस्कार लखनऊ के गुलाला घाट (पक्का पुल) पर हुआ। मुखाग्नि उनके पति डिग्री कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य डा .ओपी मिश्रा ने दी। दिवंगत किरण मिश्रा के दूसरे पुत्र हिमांशु मिश्रा भी पत्रकार हैं। उनकी दो बेटियां रचना और रेखा हैं। बड़े दामाद संजय शर्मा नगर पंचायत बरबर (खीरी) के चेयरमैन और छोटे दामाद डा . बीडी पांडेय जेल अधीक्षक हैं। दिवंगत किरण मिश्रा के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में शिक्षक, पत्रकार और संभ्रांत लोग शामिल रहे। हरदोई पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा की माता किरण मिश्रा के निधन की खबर से पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। जिला पंचायत परिषद कार्यालय परिसर में शोकसभा हुई,जिसमें दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

#### किसान फसल अवशेषों में न लगाएं आग

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मेकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्डयू योजना के अंतर्गत ग्राम भदेंचा में एक दिवसीय न्यायपंचायत स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। हरित अधिकरण द्वारा फसल अवषेष में आग लगाना दंडनीय अपराध घोषित है। गोष्ठी में सतीश चंद्र प्रावधिक सहायक द्वारा बताया गया कि फसल अवशेष मकहरा पुआल आदि को जलाना नहीं चाहिए इससे मृदा की उर्वरा शक्ति नष्ट हो जाती है लाभदायक जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाने पर मृदा में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ जाती है जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है जल धारण की क्षमता बढ़ जाती है। गोष्ठी में किसानों से अनुरोध किया गया कि कोई भी फसल अवशेष में आग ना लगाएं।

## छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन में किया प्रतिभाग

**हरदोई, अमृत विचार।** सीएसएन पीजी कॉलेज में बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय के सौजन्य से हिंदी माह एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में गुरुवार को कॉलेज में दो निबंध लेखन प्रतियोगिताओं 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो . कौशलेंद्र कुमार सिंह, हिंदी विभाग प्रभारी डॉ . साधना शुक्ला, निर्णायक मंडल के सदस्य शिक्षक डॉ . मणिपाल सिंह, डॉ . श्रवण कुमार गुप्त एवं डॉ प्रिया शर्मा उपस्थित रहे। बैंक ऑफ इंडिया की ओर से राजभाषा अधिकारी राकेश कुमार एवं सतर्कता अधिकारी अंकित आनंद ने कार्यक्रम का समन्वयन किया। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा गठित निर्णायक मंडल द्वारा चयनित कुल 8 विजेता प्रतिभागियों को गांधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले पुरस्कार-वितरण समारोह में बैंक के आंचलिक प्रबंधक अजय कुमार के द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।



निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करतीं छात्राएं व छात्र। अमृत विचार

## नगर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

**संवाददाता, सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गुरूवार की दोपहर नगर पालिका द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पालिका की अधिशाषी अधिकारी विजेता गुप्ता सहित नगर के कई व्यापारियो ने इस अभियान मे सहयोग किया। सर्वप्रथम अधिशाषी अधिकारी विजेता गुप्ता सहित पालिका स्टाफ व सफाई कर्मचारियों द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर झाडू लगाकर स्वच्छता अभियान का सन्देश दिया गया। इसके साथ-साथ अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर के व्यापारियों से अपनी दुकान के बाहर कूड़े का डिब्बा रखकर नगर को साफ सुथरा रखने की अपील की गई। इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, रितेश मेहरोत्रा, अतुल जायसवाल, ओमी गुप्ता, राजू गुप्ता, सहित नगर के कई व्यापारी मौजूद रहे।

**आयोजन** श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने कहा-

## निष्काम व अखंड होनी चाहिए भक्ति

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** नुमाइश ग्राउंड में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथाव्यास संत कविचंद्र दास ने कहा भागवत कथा सुनने की इच्छा करने मात्र से भगवान हृदय में आकर अवरुद्ध होकर बैठ जाते हैं।



श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कविचंद्र दास।

कहा कि भक्ति के दो अनिवार्य गुण हैं कि एक तो भक्ति निष्काम होनी चाहिए और दूसरा कि भक्ति अखंड होनी चाहिए। भक्त को भगवान से केवल भगवान को ही मांगना चाहिए! कोई कामना रखकर भक्ति करने से कामना पूर्ति होने पर भक्ति छूट जाती है और कामना पूर्ति न होने पर भी भक्ति छूट जाती है। भगवान के केवल 24 नहीं, बल्कि अनगिनत अवतार हैं। हर योनि में भगवान अवतार लेते हैं। उन अवतारों के वर्णन वाली भागवत केवल यमराज के पास है। संतों को भगवान का नित्यावतार कहा जाता है।

देवऋषि नारद के तीन जन्मों की कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि जिस प्रकार साबुन के संग से मैला कपड़ा साफ हो जाता है, उसी प्रकार साधु संग से व्यक्ति की चेतना निर्मल हो जाती है। श्री राधे गोविन्द समिति के तत्त्वाधान में चल रही इस कथा में अमित गुप्ता, प्रभाकर अग्निहोत्री, अनुराग दीक्षित, राजेश गुप्ता, अरविंद अवस्थी, राजू तिवारी, भरत पाण्डेय, अलोक गुप्ता, पियूष भारद्वाज, अरविन्द मिश्रा, राम प्रकाश मिश्रा, विपिन कनौजिया आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दुर्घटना में मौत, ऑटो चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, अमृत विचार।** थाना बेहटा गोकुल क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत मामले में पुलिस ने आरोपी आटो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम सकाहा निवासी प्रह्लाद ने बताया कि उसका भाई बलराम (45) अपने साथी रामवीर और शिवसरन के साथ ऑटो से बिहगंवा जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार ऑटो चालक ने लापरवाही से आगे जा ट्रैक्टर ट्राला में टक्कर मार दी। जिससे उसके भाई की मौके पर मौत हो गई। थाना पुलिस ने आरोपी सीएनजी ऑटो चालक आशीष के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। सीएनजी आटो को पुलिस घटना स्थल से ही जब्त कर लाई थी।



विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर बोलते सीएमएस डा . सुबोध कुमार।

## विश्व गर्भ निरोधक दिवस पर किया गया जागरूक

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला महिला चिकित्सालय में विश्व गर्भ निरोधक दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुबोध कुमार द्वारा फीता काट कर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने परिवार नियोजन के साधनों के बारे में बताते हुए कहा कि बढ़ती हुई आबादी व बेहतर स्वस्थ्य के लिए लोगों को जागरूक होना पड़ेगा, तभी अनचाहे गर्भ को रोका जा सकता है। परिवार नियोजन के साधनों को अपनाकर परिवार में खुशहाली लाई जा सकती है एवं अच्छी देखभाल की जा सकती है। निर्मला नर्सिंग इंस्टिट्यूट से आए हुए बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर परिवार कल्याण काउंसलर गरिमा शुक्ला, पीएसआई इंडिया से धर्मेंद्र सिंह गणेश शुक्ला एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाल संरक्षण आयोग ने छात्रा का जाना हाल

**महमूदाबाद, सीतापुर :** शिक्षक द्वारा छात्रा से छेड़छाड़ करने के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद गुरुवार को बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने अन्य अधिकारियों के साथ पीड़िता के घर व कालेज पहुंचकर मामले की जांच करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, डीपीओ प्रिया पटेल सहित कई अन्य अधिकारियों व स्थानीय पुलिस के साथ छात्रा के स्कूल पहुंचे। स्कूल में प्रधानाचार्य से घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करते हुए अभिलेख जांचे। पीड़िता के घर पहुंचकर परिजनों व बालिका से घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

### ग्रामीण को लाठी-डण्डों से हमला कर किया घायल

**खैराबाद, सीतापुर :** इलाके के ग्राम परसेहरा खुर्द में आटा चक्की निर्माण को लेकर विवाद हो गया। मारपीट में ग्रामीण घायल हुआ है। खैराबाद थाना अंतर्गत ग्राम परसेहरा खुर्द निवासी कुंज बिहारी पुत्र रामाधर ने का आरोप है कि गांव के बाहर स्कूल के पड़ोस उसकी जमीन है। उसी में उसकी आटा चक्की का निर्माण हो रहा है। उसी के पड़ोस रामचंद्र पुत्र प्रभु और मोनू पुत्र बादशाह सहित अन्य लोगों की झोपड़ी है। देर रात विपक्षी लोगों ने रंजिश आकर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की है।

### मुआवजा न मिलने पर टिकैत संगठन ने खोला मोर्चा

**महमूदाबाद, सीतापुर :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा पूर्व में दिए गए आठ सूत्रीय ज्ञापन पर कार्रवाई न होने पर किसान यूनियन ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि हमारी सभी मांगें पूरी की जाएं। किसान यूनियन ने 20 सितंबर को आठ सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा था। जिला प्रशासन ने संगठन के पदाधिकारियों को जल्द हो निस्तारण किए जाने को लेकर आश्वस्त किया था। इस मौके पर भाकियू के प्रदेश सचिव उमेश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष रामदास यादव, प्रताप कुमार, राजेंद्र प्रसाद शिव कुमार वर्मा सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# अपंजीकृत चिकित्सालय और झोलाछाप के विरुद्ध की जाए कार्रवाई

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिले। उन्होंने कहा कि अपंजीकृत चिकित्सालयों एवं झोलाछाप को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

रेउसा, बिसवां एवं महमूदाबाद के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कोल्ड चेन प्रबंधन में सुधार के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वैक्सीन को सत्र पर भेजते समय उसकी जांच अवश्य की जाये। टीकाकरण कार्ड पर फर्जी प्रविष्टि करने के लिए जिम्मेदार आशा एवं एएनएम को चिन्हित करते हुए आशा की सेवा समाप्त करने तथा एएनएम की वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई भी हो। उन्होंने डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान व्यापक रूप से चलाए जाने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि अपंजीकृत चिकित्सालयों पर कठोरता से कार्रवाई की जाए।


बैठक के दौरान उपस्थित जिलाधिकारी और चिकित्सा अधिकारी। अमृत विचार

जिले के कई स्थानों पर बाढ़ और कटान की स्थित है, ऐसे में झोलाछाप स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। इनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाने की जरूरत है।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कुपोषित बच्चों को चिह्नित करते हुए एनआरसी भेजा जाए

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषित की श्रेणी में लाने के लिए चिह्नित करते हुये व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जाये तथा बच्चों का नियमित रूप से भौतिक परीक्षण कराया जाये। आंगनबाड़ी केन्द्र द्वारा दर्ज किये गये आंकड़ों का सत्यापन भी कराया जाये। कुपोषित बच्चों को चिह्नित करते हुये एनआरसी भेजा जाये। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से निर्माण कार्य सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को प्री- स्कूलिंग स्तर का ज्ञान दिये जाने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। कहा कि सरकार की मंशा है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए जो भी आवश्यक कार्य हैं, उन्हें करवाना मेरी प्राथमिकता है।

**कुपोषित बच्चों का हो चिह्नीकरणः डीएम, सीतापुरः** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों को मूलभूत स्वच्छता की गतिविधियों से अवगत कराते हुये उन्हें स्वच्छ आदतें अपनाये जाने के लिए प्रेरित किया जाये।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. हरपाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित जिला पोषण समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम केसरीगंज में जंगली जानवर का हमला, बछिया जखमी


बछिया का उपचार करते पशु चिकित्सक। अमृत विचार

संवाददाता लहरपुर सीतापुर

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज में दरवाजे पर बंधी गाय की बछिया पर देर रात अज्ञात जंगली जानवर ने हमला किया, जिससे बछिया बुरी तरह घायल हो गई। बगल में बंधी गाय के दौड़ाने पर जंगली जानवार भागा। वहीं सूचना पर वन विभाग की टीम ने मुआयना किया है।

ग्राम केसरी गंज निवासी चमचम पांडेय का कहना है कि वे निजी कार्य के चलते परिवार सहित बाहर गए थे और उनकी एक गाय व बछिया दरवाजे पर बंधी थी। रात्रि में किसी अज्ञात जंगली जानवर ने बछिया पर हमला कर दिया और गर्दन व पूरे शरीर को नोच डाला, बछिया पर हमला होते हुए देखकर बगल में बंधी गाय ने रस्सी को तोड़कर बछिया की रक्षा की। सुबह ग्रामीणों द्वारा बछिया को घायल पड़ा हुआ देखकर तुरंत पशु चिकित्सक को सूचित किया और मौके पर पहुंची पशु विभाग की टीम ने टांके लगा कर घायल बछिया का इलाज किया। उप वन क्षेत्राधिकारी हरीश श्रीवास्तव ने बताया कि टीम को मौके पर भेजा गया था। ऐसा लग रहा है कि कुत्तों द्वारा बछिया पर हमला कर घायल किया गया है।

## मटमैला गैंग के नाम से फिर चस्पा मिला पर्चा

**महमूदाबाद, सीतापुरः** मटमैला गैंग की दहशत बढ़ती जा रही है। 6 गांवों के बाद अब सातवें गांव को गिरोह ने चुना है। गुरुवार सुबह गांव के एक घर पर धमकी भरे पर्चा फिर चस्पा मिला है। पर्चा चस्पा होने से लोगों में दहशत व्याप्त है। वहीं पुलिस जांच की बात कह रही है।

महमूदाबाद कोतवाली इलाजे के तुरसेना गांव रहने वाले विजय सिंह के घर की दीवार पर गुरुवार सुबह झब्बन चौहान उर्फ मटमैला गिरिह का पर्चा चस्पा मिला। पर्चे में गांव से तीन लाख की फिरौती की मांग की गई है। एक हफ्ते के भीतर रकम न मिलने पर गांव को मटमैला कर देने की धमकी दी गयी है। विजय सिंह का कहना है कि अब तक मटमैला के खौफ को सुना था। अब अपनी दीवार पर चस्पा पर्चे में देखने को मिला है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है। तहरीर नहीं मिली है, फिर भी जांच की जा रही है।

# गन्ना समिति नामांकन: हंगामे के बीच फटे पर्चे

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** जिले में सात सहकारी गन्ना विकास समितियों के चुनाव होने हैं। ऐसे में पहले दिन सीतापुर सदर और बिसवां केंद्रों पर हंगामा और पर्चा फाड़े जाने के आरोप लगे। हंगामे के बाद बड़ी संख्या में पुलिस की मौजूदगी के बावजूद अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। वहीं इस दौरान लोगों के चेहरों पर भय नजर आया।

बिसवां सहकारी गन्ना विकास समिति पर सुबह से गहमागहमी देखने को मिली। भाजपा के एक गुट से भगवंत सिंह पर्चा दाखिला करने पहुंचे। आरोप है कि एक गुट द्वारा जबरन उनके हाथों से सारे पत्र छीनकर फाड़ दिये। ये सबकुछ आरओ की टेबल के करीब हुआ। इसी के बाद अफरातफरी मच गई। लोगों ने स्थानीय पुलिस पर सवाल खड़े करने शुरू कर दिये। इसी तरह सीतापुर सदर में नामांकन की स्थिति कुछ देर के लिए बनी। आरोप-प्रत्यारोप के बीच खासा हंगामा भी बरपा। किसी तरह अधिकारियों ने पहुंचकर स्थितियों को शांत कराया। कमलापुर संवाददाता के अनुसार 335 नाम निर्देशन प्रपत्र की बिक्री हुई। 254 नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल किए गए। नाम निर्देशन प्रपत्र जमा करने के लिए लगाए गए समिति केंद्र पर काउंटर के इर्द गिर्द सुरक्षा व्यवस्था में कमलापुर, सिधौली, कोतवाली नगर का पुलिस बल मौजूद रहा। कई बार सर्किल प्रभारी सिधौली कपूर कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**महमूदाबाद में नहीं हुआ नामांकनः** महमूदाबाद सहकारी गन्ना विकास समिति में पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र नहीं दाखिल किया। हालांकि सुबह से ही पुलिस बल केंद्र पर तैनात कर दिया गया था। लेकिन बीतते समय के बीच सत्ता और विपक्षी पार्टियों की ओर से आवेदन नहीं किये गए।

**हरगांव में सबसे अधिक नामांकनः** हरगांव गन्ना विकास समित में डेलीगेट के 807 व डायरेक्टर के 11 पद हैं। डेलीगेट पद के लिए यहां सबसे अधिक 1012 पर्चे बिक्री हुए। ऐसे में 949 नामांकन दाखिल किए गए। उधर, महोली सहकारी गन्ना समिति में डेलीगेट पद के लिए 490 पर्चे दाखिल किये गए। इस दौरान विधायक शशांक त्रिवेदी मौजूद रहे। रामगढ़ गन्ना समिति में डेलीगेट के 387 पद हैं। यहां पर 425 पर्चों की बिक्री हुई, ऐसे में 387 नामांकन पत्रों को दाखिल किया गया।

### सांसद आनंद भदौरिया ने की डीएम से मुलाकात

धौरहरा के सपा सांसद आनंद भदौरिया ने सपा के राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता और पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी के साथ डीएम अभिषेक आनंद से मुलाकात की, उन्होंने हो रही धांधली को लेकर पत्र सौंपा। निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की। इसके बाद सपा नेता ने देर शाम अंबेडकर पार्क में बैठकर मौन प्रदर्शन किया।


हंगामे के दौरान फाड़े गए पर्चे।


नामांकन केंद्र से निकलकर फटा पर्चा दिखाते भगवंत सिंह। अमृत विचार

**जिले के सात केंद्रों पर होने हैं गन्ना समितियों के चुनाव**

## अश्लील हरकत करने वाले शाहजहांपुर के युवक को जेल


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** जिले के सात थाना क्षेत्रों में वांछित और वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। वहीं प्रभावी कार्रवाई के तहत 14 आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए।

**कार्रवाई**
**सात थाना क्षेत्रों से पकड़े गए 14 वांछित और वारंटी**

थाना रामपुरमथुरा पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित शाहजहांपुर जनपद के थाना जैतपुर स्थित जिगनिहा निवासी राहुल पुत्र सोनपाल सिंह और इलाके के केवड़ा निवासी हरद्वारी पुत्र समई को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना इमलिया सुल्तानर पुलिस ने छत्रपाल, खैराबाद पुलिस ने राकेश कुमार और कुबली की गिरफ्तारी की। थाना तंबौर पुलिस टीम द्वारा रमाकान्त, मनोज, अमरजीत और मायाराम को जेल भेजा। तालगांव से मंटू और सूरज चोरी से काटे हुए 15 बोटे लिप्टिस के व जलौनी कुल करीब 2 क्विंटल लकड़ी के साथ गिरफ्तार किये गए। अभियुक्तगण का चालान मा.न्यायालय किया गया है। थाना सकरन पुलिस द्वारा दिलीप कुमार और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा। महमूदाबाद से बाबूपुर निवासी मनिचन्द्र को जेल भेजा।

### आरोपी शिक्षक को जेल

**सीतापुर, अमृत विचार :** छात्रा को बंधकर बनाकर अश्लील हरकत करने वाले आरोपी संजय गुप्ता को प्रभावी कार्रवाई के तहत जेल भेजा गया। बता दें कि महमूदाबाद कस्बे में घर के भीतर बंधक बनी छात्रा को मुक्त कराने के दौरान भीड़ द्वारा शिक्षक संजय गुप्ता की पिटाई भी की गई थी। इसी कारण उसका उपचार जिला अस्पताल में पुलिस अभिरक्षा में हुआ। पिटाई के दौरान अभिभावकों और लोगों ने शिक्षक के खिलाफ पुलिस से कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते जमकर हंगामा किया था। साथ ही हंगामा करते हुए विद्यालय प्रबंधन पर भी लापरवाही का आरोप लगाया था। वहीं मामले में संस्था चेयरमैन आरके वाजपेयी ने कहा है कि विद्यालय परिवार पीड़िता व परिजनों के साथ खड़ा है। आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त करने के साथ पीड़िता के परिवार की हर संभव मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि संस्था के प्रति ईर्ष्या रखने वाले कुछ लोगों द्वारा पीड़िता की पहचान उजागर करने के साथ संस्था को लेकर अनेक प्रकार की अभद्र और अपमानजनक टिप्पणियां सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यम से प्रसारित कर दुष्प्रचार किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**
मैने अपना नाम USMAN से बदलकर MOHD USMAN KHAN रख लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना वा पहचाना जाये। **S/O: MUNNOO KHAN R/O: SIRTAAJ NAGAR, PO- KHORHSA, KHIRABHA, GONDA.**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा कक्षा 10, अनुक्रमांक 1110927 की अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गयी है। **जितेन्द्र कुमार पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम भेथरा माधव थाना व तहसील महमूदाबाद जिला– सीतापुर।**

**सूचना**
मैं रियाज, पुत्र अल्लाउदीन निवासी –EI 27 मोती झील पांडे का तालाब ऐशबाग, लखनऊ जिसका की आवंटन पत्र जो कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था, जोकि कही रखी गया है जिसका की मेरे अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अमान्य है, और गैर कानूनी है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै MUSLIM RAZA S/O ABRAR KHAN निवासी ग्राम– परसोहनी रामपुर बस्ती, थाना –हरदत्त नगर गिरंट, जनपद – श्रावस्ती ने अपना MUSLIM RAZA से बदल कर MUSLIM RAZA KHAN कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
मैं अपने पुत्र राजकुमार तथा उनकी पत्नी खुशबू देवी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति तथा संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **राम रंगीले पांडेय ग्राम नरायनपुर मझारी पूरे दिन्मनजोत जिला बलरामपुर।**

**सूचना**
मैं कुसुम तिवारी पत्नी श्री अष्टभुज प्रसाद निवास– म. न. 27, पुरदिलपुर, गोरखपुर, उ.प्र. का नाम भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमाणपत्र स. 000174630 में कुसुम त्रिपाठी अंकित है जबकि मेरे आधार व पेन कार्ड मैं मेरा नाम कुसुम तिवारी है। मैं घोषणा करती हूं कि कुसुम त्रिपाठी व कुसुम तिवारी दोनों नाम मेरे ही हैं। – **कुसुम तिवारी**

**सूचना**
सूचनार्थ, मैं लक्ष्मी रावत पत्नी स्व0 भीमसेन रावत निवासिनी 554/1294, पवनपुरी आलमबाग, लखनऊ–226005 की हूँ। मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश ज्योति अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा वास्तविक व सही नाम लक्ष्मी रावत अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम के ही महिला के है। भविष्य में मुझे लक्ष्मी रावत के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा के अंकपत्र सहप्रमाण पत्र मे मिथलेश तथा जन्मतिथि 25–03–1994 अंकित है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम सोनम पत्नी जगदम्मा व जन्मतिथि 01–01–1991 अंकित है। अब मुझे मिथलेश पत्नी जगदम्बा के नाम से जाना पहचाना जाए। **मिथलेश पत्नी जगदम्बा निवासिनी ग्राम अनंतपुर पोस्ट वीरपुरभोज जिला गोंडा।**

**सूचना**
मैंने अपना नाम रुस्तम सिंह के स्थान पर भिक्खु रक्खितानन्द पुत्र शिव सिंह कर लिया है। भविष्य में मुझे भिक्खु रक्खितानन्द के नाम से ही जाना जाये। **भिक्खु रक्खितानन्द पुत्र शिव सिंह निवासी दुगावली संतोषपुर घाट जिला इटावा**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अंकुर शुक्ला पुत्र रमाकान्त शुक्ला, निवासी– म0नं0 153 चांऊपुर, डाकखाना बेहटा रमपुरा, ब्लाक व थाना हरपालपुर, तहसील –सवायजपुर जिला हरदोई,** मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम अंग्रेजी LALTA अंकित हो गया है। जो कि गलत है जबकि उनके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरी माताजी का वास्तविक नाम अंग्रेजी में LALITA DEVI ही है जो सही व शुद्ध है। मेरी माता जी को ललिता देवी LALITA DEVI पत्नी रमाकान्त शुक्ला के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का सही नाम अंकित किया जाये।

**सूचना**
मेरी पुत्री शफक हाशमी (SHAFAQ HASHMI) के कक्षा 5 की टीसी में मेरा नाम त्रुटिवश SABEENA BANO अंकित हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम SHABEENA BANO अंकित है, जो कि सही है। उक्त दोनों नाम एक ही, मुझे SABEENA BANO व SHABEENA BANO से जाना एवं पहचाना जाए। शपथीः– **शबीना बानो (SHABEENA BANO) पत्नी रशीद अहमद हाशमी (RASHEED AHAMAD HASHMI) निवासी मलिकपुर पोस्ट– पखरैली, जिला सुलतानपुर।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा पुत्र साहस श्रीवास्तव दून ग्लोवल स्कूल झाझरा देहरादून का विद्यार्थी है। विद्यालय के शैक्षिक अभिलेखों में साहस श्रीवास्तव पुत्र निरंजन श्रीवास्तव दर्ज है। लेकिन इंग्लिश में NIRANJAN SRIVASTAVA दर्ज हो गया है, जबकि वास्तविक नाम NIRANJAN SRIVASTAV है। **निरंजन श्रीवास्तव पुत्र दिनेश चंद्र श्रीवास्तव निवासी सब्जीमंडी के पास, गोविंद बाग बलरामपुर यूपी, हाल निवासी पुराने पोस्ट आफिस के पास सेलाकुई तहसील विकानगर जिला देहरादून।**

## क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### तालाब में डूबकर दिव्यांग की मौत

**कमलापुर, सीतापुर :** घर से निकलकर दिव्यांग लापता हो गया। बाद में उसका शव गांव के बाहर तालाब में उतराता हुआ मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों के बयान दर्ज किये और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना क्षेत्र के सरैया बलदेव सिंह निवासी परिजनों के मुताबिक, दिव्यांग प्रमोद (38) पुत्र मोतीलाल सुबह करीब 11 बजे घर से शौच के लिए निकला था। इसी के बाद वो लापता हो गया। काफी तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। बाद में उसका शव गांव के बाहर स्थित तालाब उतराता हुआ मिला। खबर मिलने के बाद एसओ कमलापुर प्रदीप सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों के बयान दर्ज किये, एसओ का कहना है कि परिवार की ओर से कोई भी शंका नहीं जताई गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### अतिक्रमणकारियों को प्रशासन का अल्टीमेटम

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** रामपुर मथुरा कस्बे के अंदर अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों को सचेत किया गया। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विवेक चंद्र चौरसिया और अवर अभियंता राजेश पाल ने मिलकर रामपुर मथुरा में सभी अवैध रूप से सड़क पर कब्जा किये दुकानदारों को अपने आप अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कहा कि न हटाने पर विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि कस्बे के भीतर रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। दुकानों के आगे अवैध रूप से दुकान लगाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया जाता है, जिससे लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### 20 दिनों से खराब ट्रांसफार्मर जन-जीवन प्रभावित

**पिसावां, सीतापुर :** पिसावां क्षेत्र की ग्राम पंचायत ठकुरेपुर गांव के लोगों ने लगभग बीस दिनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदले जाने की मांग की है। गांव के लोगों का कहना है कि इन दिनों गांव के हर लोगों का जन जीवन प्रभावित हो गया है। बताया कि पिसावां क्षेत्र के ठकुरेपुर गांव में रखे दो ट्रांसफार्मरों से गांव में बिजली सप्लाई होती है। लेकिन गांव के उत्तर में रखा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगभग बीस दिनों से खराब पड़ा है। ग्रामीणों द्वारा 1912 पर फोन कर के भी शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदारों की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया गया। उमस भरी गर्मी में बिजली न होने से ग्रामीणों का हाल बेहाल है। तंग आकर ग्रामीणों ने जेई को प्रार्थना पत्र देकर ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। यहां रामऔतार, रामकुमार, रामसहाय, विजय, सरजू, अवधेश, रामदेव, महादेव, सुखराम, रामखेलावन, बहादुर, परसुराम, बिजपाल, सुरेश, अयोध्या, रमेश आदि उपभोक्ताओं मौके पर मौजूद रहे।

# मिड-डे मील खाने से बच्चों का इंकार, बढ़ी रार

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

- महमूदाबाद विकास खंड के लोनियनपुरवा मजरे धरमपुर गांव का मामला


प्राथमिक विद्यालय लोनियनपुरवा।

**अमृत विचार:** महमूदाबाद विकास खंड के लोनियनपुरवा मजरे धरमपुर गांव में बने उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को मिड-डे मील में परोसे जाने वाले भोजन को देख बच्चों ने खाना खाने से इंकार कर दिया। बच्चों का आरोप है कि गुणवत्ता विहीन भोजन अक्सर उन्हें दिया जाता है।

गहराते मामले को लेकर महमूदाबाद खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि शिकायत मिली है, प्रधान प्रतिनिधि और प्रधानाचार्य के बीच कुछ विवाद भी चल रहा है। फिर भी सारे आरोपों की जांच कराते हुए कार्रवाई की जाएगी। धरमपुर गांव में बने उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को मिले खाने के बाद गांव में रार बढ़ गई। आरोप गुणवत्ता विहीन भोजन वितरण का था। ऐसे में प्रधान प्रतिनिधि मोइन खान को लेकर अभिभावक विद्यालय पहुंच गए। आक्रोशित परिजनों ने बच्चों को परोसे जाने वाला खाना बेहद घटिया और अधपका बताया। ये भी दावा किया कि रखे राशन में कीड़े हैं। वहीं प्रधानाचार्य मुशीर अहमद से शिकायत की गई तो उन्होंने इसे सिरे से नकार दिया। उधर महमूदाबाद खंड शिक्षा अधिकारी सीमा चौहान ने बताया है कि शिकायत मिली है, प्रधान प्रतिनिधि और प्रधानाचार्य के बीच कुछ विवाद चल रहा है। फिर भी सारे आरोपों की जांच करते हुए कार्रवाई के लिए लिखूंगी।

# नपा की बैठक में सफाई और संक्रमण बना मुद्दा

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर


नगर पालिक की बैठक में उपस्थित चेयरमैन व सदस्य। अमृत विचार

- पालिका अध्यक्ष ने की सभी को एकजुट होकर साफ-सफाई पर ध्यान देने की अपील

**अमृत विचार:** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सभागार में एक बैठक का आयोजन पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं पालिका परिषद के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक में साफ-सफाई और संक्रमण का मुद्दा उठाया गया। वहीं पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने सभी से एकजुट होकर साफ-सफाई पर ध्यान देने की अपील की।

बैठक को संबोधित करते हुए पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने, नाले-नालियों की सफाई व सभी वार्डों में रोस्टर बनाकर फागिंग कराए जाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र के बीएमसी अखिलेश पांडे, डॉ. शिवकुमार नगरीय स्वास्थ्य केंद्र ने संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने व संचारी रोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी वार्डों में लगने वाले स्वास्थ्य कैम्पों में सभासदों से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि मोहल्ला जोशी टोला में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। इसमें तेज बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच कर दवाइयां का वितरण किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल ने सभी सदस्यों से कहा कि सभी सभासदगण संचारी रोग डेंगू, मलेरिया दिमागी बुखार, वायरल फीवर आदि को लेकर अपने-अपने वार्डों के लोगों को जागरूक करें।

# तो नजूल भूमि पर खोल दीं प्लाटिंग की दुकानें

## सीतापुर शहर और खैराबाद इलाके में तेजी से नजूल और फलपट्टियों पर बसाई जा रहीं अवैध कॉलोनियां

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



खैराबाद में बोर्ड लगाकर बसाई जा रही कॉलोनी। अमृत विचार


हाईवे स्थित मार्ग के किनारे होती प्लाटिंग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर और उसके आसपास फलपट्टी व नजूल पर खूब खेल हुए। कागजों की दौड़ में कार्रवाई भी हुईं लेकिन अवैध कॉलोनियों और प्लाटिंग करने वालों पर शिकंजा नहीं कसा गया। ऐसे में पुराने कागजातों में दर्ज तमाम साक्ष्यों के मुताबिक फिलहाल जमीन ढूंढ़े नहीं मिल रही है। वहीं हाल-फिलहाल प्रशासन की ओर से 64 लोगों को नोटिस थमाई जा चुकी है।

शहर और उसके आसपास बड़ी संख्या में नजूल भूमि है। खैराबाद के नगर पालिका अभिलेखों में तो इसका परिक्षेत्र करीब 2505 बीघा तक है। कभी शहर के करीब से लेकर खैराबाद इर्द-गिर्द का इलाका मलिहाबाद की तरह फलपट्टी के रूप में बागवन और आमजन की सेहत दुरुस्त रखता था। 15 वर्षों के भीतर इलाकों की तस्वीर बदल गई। शहर में तरीनपुर, श्यामनाथ, होली नगर, नेपालापुर, हाता कप्तान, खैराबाद का इर्द गिर्द इलाकों में प्लाटिंग के अलावा बस्तियां भी बस गईं। खैराबाद में तो हर मोहल्लों के छोर पर लोग प्लांटिंग का बोर्ड लगाकर अपनी दुकानें चला रहे हैं। नगर मजिस्ट्रेट केएन तिवारी का कहना है कि पुराने साक्ष्यों को आधार बनाकर डीएम के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग और अनियोजित निर्माण कराने वालों के विरुद्ध नोटिस जारी की जा चुकी है। बड़ी संख्या में लोगों के जवाब आना बाकी है। हाइवे किनारे बसी वृंदावन कॉलोनी और चन्द्र सिटी ही वैद्य है। बिना ले आँउट सहित अन्य साक्ष्यों के अभाव में कैसे कॉलोनियां खड़ी कर ली गईं, इसकी गंभीरता से जांच हो रही है।

- नगर मजिस्ट्रेट बोले-64 लोगों को भेजी जा चुकी है नोटिस, कई के जवाब मिलना बाकी

**नदी के आसपास बन गई कंक्रीट की इमारतें:** सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर के अभिलेखों में कैंची पुल से होकर गुजरी सरायन एक नदी है। नियम है कि नदियों के इर्द-गिर्द 30 मीटर तक कोई भी निर्माण कार्य नहीं कराया जा सकता। लेकिन यहां तो नदी के बहाव को ही भूमाफियाओं ने छोटाकर दिया है। इतना ही नहीं सरहदों पर कंक्रीट की इमारतें भी खड़ी कर दी गईं हैं। पुराने शहर में पक्का पुल के करीब बसी बस्तियां आम नजरों से देखी जा सकती हैं। लगातार आसपास के इलाकों में इमारतें खड़ी होती जा रही हैं। बावजूद इसके इन इमारतों के विषय में कोई जिम्मेदार सुधि लेना वाला नहीं है।

### शहर में हो रहा चिह्नीकरण अभियान

वहीं इस मामले में नगर पालिका सीतापुर के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी का कहना है कि शहरी क्षेत्र में अतिक्रमित स्थानों पर चिह्नीकरण चिन्हींकरण कराया जा रहा है। सूचीबद्ध करते हुए अतिक्रमण हटाए जाने का अभियान जारी है। नदी और सड़कों के इर्द-गिर्द चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लाई जाएगी।

# होटल की रसोई में भी लगाएं सीसीटीवी: एडीएम


बैठक के दौरान व्यापारियों को दिशा-निर्देश देते एडीएम। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर

- व्यापार मण्डल पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश
- खाद्य विभाग के अधिकारी भी रहे बैठक में शामिल

**अमृत विचार:** व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई है। इसमें सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय उपस्थित रहे।

अपर जिलाधिकारी नीतीश सिंह बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के सुझाव को सुना तथा उन्हें खाद्य लाइसेंस/पंजीकरण प्राप्त कर ही खाद्य कारोबार करने, मिलावट रोकने में विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय में रहकर मिलावट करने वालों के खिलाफ प्रभावी सहयोग की अपील की। कहा कि त्यौहारों से पूर्व ही विभाग प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सम्पादित करें। जिले में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों एवं अन्य संबंधित खाद्य प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई रखने के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरा विशेष कर किचन और निर्माण स्थल पर लगाये जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य)-II अमित कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी सिंह, औषधिक निरीक्षक अनीता कुरील सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शौच गई युवती से दुष्कर्म पुलिस से की शिकायत

**संवाददाता खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** खैराबाद इलाके के एक गांव की महिला ने बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता का दावा है कि आरोपी धमका भी रहा है। खैराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती घर से शौच के लिए निकली थी। आरोप है कि इसी दौरान विकास ने गन्ने के खेत से खींचकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में धमकी दी कि इस संबंध में किसी को जानकारी दोगी तो सभी को मार डाला जाएगा। घटना को लेकर वादी पक्ष ने पुलिस को सूचना दी है। खैराबाद थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया है कि घटना संज्ञान में नहीं है, तहरीर प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएग।

## बनाए गए 32 रेलवे ट्रैक मित्र

**सीतापुर, अमृत विचार:** रेलवे की आरपीएफ शाखा ने 32 रेलवे ट्रैक मित्र बनाए हैं। इसमें 30 ग्राम प्रधान और दो रेलवे ट्रैक कर्मी शामिल हुए हैं। इंस्पेक्टर आरपीएफ मनोज कुमार ने बताया है कि एडीजी के निर्देश पर पटरियों पर नजर रखने के लिए नई व्यवस्था आरंभ की गई है। ऐसे में जिले के अलग-अलग स्थानों पर दो दर्जन कार्रवाई भी की गई हैं।

# अजब-गजब: एक आरोपी पर की गई दो बार कार्रवाई

महमूदाबाद संवाददाता, सीतापुर

- सिंचाई के पाइप सहित भीड़ ने दबोचकर किया था पुलिस के सुपुर्द
- पुलिस का दावा- चेकिंग के दौरान पकड़ा गया है आरोपी, केस दर्ज


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।


युवक को भीड़ ने चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा, केस दर्ज

युवक को पकड़कर पीटे ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र की घटना, जमकर की पिटाई

अमृत विचार: शराब पीने के इरादे से सिंचाई पाइप चोरी कर ले जा रहे युवक को भीड़ ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी से हुई पूछताछ के बाद केस दर्ज कर लिया है।

कोतवाली इलाके के महमूदाबाद-रेउसा मार्ग स्थित सेमरी पेट्रोल पंप के पास लगी आटा चक्की के निकट पड़े ... पाइप ले जाते युवक का पकड़ा गया तो पता चला कि वो इसे बेचकर शराब पियेगा। इसी के बाद युवक की जमकर पिटाई कर दी गई। पीआरवी 112 को सूचना देकर उसको हवाले कर दिया। पकड़े गए युवक की पहचान महमूदाबाद कोतवाली इलाके के सेमरा गांव निवासी लवकुश पुत्र रामऔतार के रूप में हुई। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया ...

2 दिन पूर्व अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार:** खाता न बही खाकी जो कहे सब सही, ये कहावत महमूदाबाद पुलिस के गुडवर्क पर सटीक बैठती है। दरअसल इलाके में एक युवक को चेकिंग के दौरान पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ पकड़े जाने का दावा किया है। आरोपी को पकड़ने में दरोगा के साथ हमराह फोर्स भी शामिल रही। वहीं 23 सितंबर को ग्रामीणों ने एक चोर को रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया था, तब भी इस युवक को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे पकड़कर जेल भेज दिया था। ऐसे में लोगों के यह समझ में नहीं क्षेत्रीय पुलिस ने एक आरोपी पर दो बार किस प्रकार की कार्रवाई की है। इससे पुलिसिया कार्रवाई पर बी सवाल उठने लगे हैं।

मामला एक युवक को जेल भेजने की कार्रवाई के चलते खास चर्चा में है। पुलिस विभाग की मीडिया सेल से एक प्रेस नोट जारी किया गया। जिसमें ये दावा किया गया है कि महमूदाबाद कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक मनोज कुमार दुबे, मुख्य आरक्षी पाखण्डूराम कनौजिया और आरक्षी मोहित गुप्ता ने चेकिंग के दौरान महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के सेमरापुरवा निवासी लवकुश पुत्र रामऔतार को एक अदद अवैध तमंचा, एक अदद जिंदा कारतूस के साथ 25 सितंबर को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई।

इसी घटनाक्रम का दूसरा पहलू बीते सोमवार को ग्रामीणों की पिटाई से जुड़ा है। डफरा गांव के लोगों के मुताबिक, 23 सितंबर को महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के महमूदाबाद-रेउसा मार्ग स्थित डफरा गांव में लगी आटे की चक्की के साथ भीड़ ने इसी नीली शर्ट पहने युवक को सिंचाई के पाइप के साथ पकड़ा और जमकर पिटाई कर दी, बाद में उसे पुलिस के सपुर्द भी कर दिया। सुपुर्दगी के दौरान युवक के हाथ में चोरी किया गया पाइप था। हवालों के आधार पर खबर अमृत विचार में 24 सितंबर को युवक को भीड़ ने चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा शीर्षक से प्रकाशित की गई। चंद घंटों के बाद इसी नीली शर्ट पहने लवकुश के हाथ में तमंचा और कारतूस कैसे आ गया, इस बात को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बहस छिड़ गई है।

वहीं इस मामले में कोतवाल महमूदाबाद अनिल सिंह का कहना है कि सिंचाई पाइप चोरी करते वक्त ग्रामीणों ने युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था। मगर गांव वालों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली थी। बुधवार को युवक फिर से दरोगा को मिला तो उसके पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए।

# होटल पर चला जिला प्रशासन का बुलडोजर


होटल की दीवार ढहाता बुलडोजर। अमृत विचार

संवाददाता नैमिषारण्य, सीतापुर

**अमृत विचार:** नैमिषारण्य में कॉरिडोर निर्माण कराये जाने को लेकर एक बार फिर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला। इस बार बुलडोजर की जद में स्पर्श होटल की दीवार आई, अतिक्रमित अन्य स्थान को लेकर कई व्यापारियों को प्रशासन की सख्ती का सामना करना पड़ा।

नैमिषारण्य में कॉरिडोर निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर दोपहर बाद उपनिदेशक पर्यटन कल्याण सिंह व उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना नैमिषारण्य पहुंचे। बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। इस बार राही पर्यटक आवास से बाईपास मार्ग पर अभियान चलाया गया। बुलडोजर सायंकाल कृष्ण स्पर्श होटल पहुंचा। अतिक्रमण की जद में आ रही दीवार को ढहा दिया गया। होटल मैनेजर ने इमारत के बाकी हिस्से को खुद ही तोड़ने के लिए एक दिन समय मांगा। इसके अलावा अन्य व्यापारियों ने भी मोहलत मांगी। इस पर प्रशासन ने इन सभी को एक दिन का समय दे दिया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर लोग खुद ही अपना अतिक्रमण हटवाते नजर आए।

## सार-संक्षेप

### भाषा विकास में कविता व कहानी प्रभावी साधन

**संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** ब्लाक संसाधन केंद्र लहरपुर में चल रहे शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों ने बच्चों को सरल तरीके से पढ़ाने और सिखाने की नवीन तकनीकी बारीकियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। केआरपी अनवर अली ने प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा शिक्षण में बच्चों के पूर्व ज्ञान और रूचियां को ध्यान में रखकर शिक्षण रणनीतियों एवं संदर्शिकाओं के प्रयोग से बच्चों को सीखने में आसानी होती है। मौखिक भाषा विकास में पोस्टर, चार्ट, कविता और कहानी जबकि गणित विषय में गणित किट बहुत ही प्रभावी साधन है। इन सामग्रियों का सदैव बेहतर तरीके से प्रयोग किया जाना चाहिए। केआरपी सुरेश कुमार ने भाषा शिक्षण और गणित विषय के शिक्षण सूत्रों को विस्तार से बताया। प्रशिक्षक संदीप कुमार एवं पुष्पेन्द्र मौर्य ने साप्ताहिक और मासिक आंकलन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उसके अभिलेखीकरण के बारे में जानकारी दी। पवन मित्तल और ध्रुव कुमार बाजपेई द्वारा तकनीकी प्रदान किया गया। इस मौके पर शिक्षक सरोज कुमार वर्मा, महफूज खां, रूक्मणी देवी, सोनाली महरोत्रा, रीमा श्रीवास्तव, संजय वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### मेहंदी कला के साथ छात्राओं में बढ़ाई जागरूकता


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण व छात्राएं। अमृत विचार

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कालेज में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए मेहंदी कला प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम अयोजित किया गया। उपस्थित लोगों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बढ़ाई गई धनराशि एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 102, 108, 1076 की जानकारी भी प्रदान की गई। घरेलू हिंसा को रोकने, दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### कोटेदार के चयन पर बिफरे ग्रामीण, सौंपा ज्ञापन



तहसील मुख्यालय पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार :** इलाके के ग्राम मुशियाना में खुली बैठक में कोटेदार के चयन को लेकर नाराज ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से चयन प्रकिया को लेकर सवाल भी उठाए गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुशियाना में खुली बैठक के माध्यम से नए उचित दर विक्रेता का चयन होना था। इसमें ग्राम पंचायत के कार्डधारक ग्रामीण शामिल हुए। इसमें संजय कुमार, कन्हैया लाल व अताउल मुस्तफा के मध्य उचित दर विक्रेता का चयन किया जाना था। ग्रामीणों का आरोप है कि सांठगांठ करके कन्हैया लाल का चयन कराया गया। इसी के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण बिफर पड़े। रोष व्यक्त करते हुए सभी तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने असंतोष व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को दिया और मांग की गई कि कोटे का चयन निरस्त करके फिर से सक्षम अधिकारियों के मध्य खुली बैठक कराकर चुनाव कराया जाए। इस मौके पर संजय कुमार, संतोष कुमार, झब्बू लाल, श्याम सुंदर, अजय, राम सागर, राम रतन, जीतू, राजेंद्र, सुरेश, कपिल कुमार, राजपाल, देशराज, वीरेंद्र मिश्रा, शिवानी, गीता, रिंकी, रानी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**परेशानी** — रामपुर मथुरा ब्लॉक क्षेत्र के 6 गांव में पानी बढ़ने से फसलों पर संकट, ग्रामीणों ने लगाई नई आफत से बचाव की गुहार

# बाढ़ के पानी से धान की फसल को खतरा, मुआवजे की मांग

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर


रमेश।


राम तीरथ।


हैदर अली।


लुटई।


गांव के बाहर बनी पानी की टंकी के परिसर में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** चौका नदी में पानी बढ़ जाने से कई ग्राम सभाओं में लगी धान की फसलें प्रभावित प्रभावित होने लगी हैं और ये सड़ भी सकती है। ऐसे में किसानों की ओर से मुआवजे की मांग की जाने लगी है। साथ हुई उन्होंने बाढ़ के चलते प्रशासन से बचाव की गुहार लगाई है।

चौका नदी में पानी बढ़ जाने से दूलमपुरवा के पास बने रपटा पुल से बाढ़ का पानी तेजी से गांव की ओर रुख कर रहा है। इसकी चपेट में बांसुरा, रायपुर, पैगंबरपुर, सिरकुंडा, करनापुर, गोझवा चंदपुरवा भागीपुर व अन्य गांव के खेतों में लगी फसल आ गई है। ग्रामीणों के मुताबिक, पकी हुई धान की फसल ऐसी स्थितियों में सड़ने के साथ-साथ टूटकर गिर भी सकती है। तेजी से बड़ा नुकसान होने की संभावना है।

सबसे अधिक प्रभावित पैगंबरपुर व सिरकुंडा के किसान हैं। सिरकुंडा में गांव के चारों र पानी भरा है। घरों के भीतर भी पानी आ गया है। सिरकुंडा निवासी राम तीरथ ने बताया कि हमारी 15 बीघा धान की फसल में पानी भर गया है। फसल सड़कर गिर भी सकती है। धान कटना अब मुश्किल है। पैगंबरपुर निवासी हैदर अली ने बताया कि खड़ी फसल में पानी भरा है। जल्दी पानी नहीं निकला तो फसल गिर जाएगी। रास्तों में पानी भर जाने के कारण आने-जाने में काफी दिक्कत है। पैगंबरपुर निवासी लुटई ने बताया दो-तीन दिन में फसल काटने वाले ही थे कि यह नई आफत आ गई है। जल्दी-जल्दी पानी नहीं निकला तो फसल के भार के कारण फसल गिर जाएगी।

**आर्थिक संकट बढ़ा, लेना पड़ रहा कर्जा:** चंद्र पुरवा निवासी राम विजय व रमेश ने बताया कि हम लोगों के पास दो -दो बीघा खेत था, उसमें भी पानी भर गया है। आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पहले भी कर्जा ले चुके हैं। अब फिर कर्जा नहीं मिल पा रहा। हालात खासे खराब हो चले हैं।

> अभी बाढ़ और कटान पीड़ितों में खाद्य सामग्री वितरित की जा रही है। इसके बाद सभी किसानों की प्रभावित फसलों का आंकलन करते हुए मुआवजा भी दिया जाएगा।
>
> –अनिल कुमार राम, तहसीलदार महमूदाबाद।

## एक नजर

### अभिभावक बच्चों को प्रतिदिन भेजें स्कूल

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : पैरेंट्स काउंसिलिंग के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र सभागार में किया गया। इसमें जिला समन्वयक सुधा जायसवाल के निर्देश पर अभिभावकों की काउंसिलिंग की गई। इस दौरान दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र की उपयोगिता एवं मेडिकल असेस्मेन्ट, लार्ज प्रिन्ट, बुक ब्रेल के दिव्यांग बच्चों को शत-प्रतिशत विद्यालय भेजने आदि के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी ने दिव्यांग बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए अभिभावकों से अपील की। इस मौके पर सहायक अध्यापक सतेन्द्र कुमार, हसन, शम्भू दयाल, शैलेन्द्र कुमार, पूर्णिमा सिंह आदि मौजूद थे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत

संवाददाता, मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गुरुवार की देर शाम बूंदाबुंदी के दौरान ग्राम रहरामऊ मे 11 हजार हाईटेंशन विद्युत लाइन से उतरे करंट की चपेट में आने से मौक़े पर ही भैंस की मौत हो गयी। भैंस को बचाने के दौरान करंट की चपेट में आने से घायल हुए पशुपालक की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे मौत हो गयी।

सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रहरामऊ निवासी 47 वर्षीय ओमप्रकाश गुरुवार देर शाम भैंस चराकर घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान बारिश होने लगी। कैलाश यादव पुत्र हरद्वारी के खेत के निकट से गुजरी 11 हजार हाइटेंशन विद्युत लाइन के अर्थिंग करंट की चपेट में आने से भैंस तड़पने लगी। जिसे बचाने के दौरान पशुपालक ओमप्रकाश भी करंट के चपेट में आ गया।

जानकारी पर जब तक परिजन पहुंचते तब तक भैंस की मौत हो गयी थी तथा ओमप्रकाश अचेत पड़ा था। जिसे आनन फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव लेकर गये। जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। सूचना पर पहुंची सफदरगंज व मसौली पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मॉडल सूर्यग्राम से आत्मनिर्भर बनेगी ग्राम पंचायत

## योजना के तहत 5000 से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में से एक का किया जाएगा चयन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब पांच हजार से अधिक आबादी वाली एक ग्राम पंचायत को मॉडल सूर्यग्राम के रूप में बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत पूरे गांव को सूर्य ऊर्जा संसाधन से लैस किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीणों को भी सोलर प्रोजेक्ट से जोड़ने का प्रयास होगा ताकि ग्रामीणों को बिजली के बिल से राहत मिल सके। इस प्रयोग का उद्देश्य यह भी है कि एक गांव का चयन कर उसे पूरी तरह से सौर ऊर्जा से जोड़ने के बाद अन्य गांवों तथा ग्रामीणों को इसके प्रति जागरूक किया जा सके।



**प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना**

**63** ग्राम पंचायतों की आबादी पांच हजार से अधिक है

योजना के तहत पूरे गांव को सूर्य ऊर्जा संसाधन से लैस करने के साथ ही ग्रामीणों को सोलर प्रोजेक्ट से जोड़ा जाएगा। इससे बिजली के बिल में लोगों को खासी राहत भी मिलेगी। जिले में 63 ग्राम पंचायतें पांच हजार से अधिक आबादी वाली हैं। इन्हीं में से एक पंचायत को चुनकर नेडा कार्ययोजना बनाएगा। इनमें से किसी एक ग्राम पंचायत को मॉडल सूर्यग्राम के रूप में चयनित करने के लिए जिलाधिकारी स्तर से मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके बाद जनप्रतिनिधियों के माध्यम से चयनित गांव को सूर्यग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस योजना का मकसद गांव के लोगों को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। यही नहीं, गांव में सौर आधारित जल प्रणाली, कृषि कार्य के लिए सोलर पंप की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइटें लगेंगी ताकि रात में पूरा गांव सौर ऊर्जा से रोशन हो। इसके लिए जिले की पांच हजार से अधिक आबादी वाली पंचायतों को सूचीबद्ध किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा डीपीआरओ से पांच हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों की सूची मांगी गई है।

### शासन की पहल से सौर ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा

शासन की पहल से मॉडल सौर ग्राम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। एक पंचायत तैयार कर अन्य पंचायतों को प्रेरित किया जाएगा, जिससे वहां के लोग सौर ऊर्जा के प्रयोग के लिए प्रेरित हो सकें और उन्हें बिजली के बिल से काफी हद तक छुटकारा मिल सके।

### पंचायत का होगा सर्वे तय होगा बजट

चुनी गई ग्राम पंचायत का नेडा विभाग की टीम सर्वे करेगी जिसके आधार पर परिवार के हिसाब से सौर ऊर्जा से जुड़ी परियोजनाओं को लागू करने का बजट तय होगा। गांव के सार्वजनिक स्थलों का भी सर्वे होगा, जिसमें पंचायत के धार्मिक स्थानों, मैदान, शैक्षिक संस्थान आदि में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना तैयार होगी।

### डीएम के स्तर से होगी गांव के चयन की कार्यवाही

यह पूरा काम नेडा को ही करना है लेकिन इस संबंध में शासनादेश और गांव के चयन की कार्यवाही जिलाधिकारी स्तर से होनी है। इसके बाद पांच हजार से अधिक आबादी वाले किसी एक मॉडल ग्राम पंचायत को सूर्यग्राम के रूप में तैयार किया जाएगा।

**-टीकाराम,** परियोजना अधिकारी

# पुरानी पेंशन बहाली को कर्मियों ने भरी हुंकार

## अटेवा के नेतृत्व में निकाली आक्रोश बाइक रैली, गरिमा के साथ रिटायरमेंट के लिए मांगी पुरानी पेंशन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम से पुरानी पेंशन बहाली की मांग के समर्थन में आक्रोश बाइक रैली निकालते विभिन्न विभागों के कर्मचारी व शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली की मांग और एनपीएस व यूपीएस के विरोध में अटेवा के नेतृत्व में जनपद के अनेक विभागों के कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने गुरुवार को आक्रोश बाइक रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। बाइक रैली राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम बाराबंकी से रवाना होकर पटेल तिराहा से होते हुए बंकी ब्लॉक के सामने से लायंस क्लब चौराहा, पुलिस लाइन चौराहा होते हुए गन्ना दफ्तर कार्यालय पहुंचकर विशाल सभा में परिवर्तित हो गई।

जिला अध्यक्ष अमित वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनपीएस और यूपीएस एक अस्थिर और अनिश्चित प्रणाली है, जिसमें हमारे भविष्य को बाजार के उतार-चढ़ाव पर छोड़ दिया गया है। शिक्षक और कर्मचारी अपने जीवन का कीमती समय देश की सेवा और समाज के निर्माण में लगाता है और बदले में उन्हें इस अनिश्चितता में धकेल दिया जाता है। पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है, हमें सिर्फ पुरानी पेंशन चाहिए जो हमें आर्थिक और गरिमा के साथ रिटायरमेंट का जीवन दे सके। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पुरानी पेंशन फिर से बहाल करने की मांग का ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि देश के लगभग एक करोड़ शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी लगातार पुरानी पेंशन की मांग कर रहे हैं, क्योंकि नई व्यवस्था एनपीएस के दुष्परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। इसके तहत शिक्षक एवं कर्मचारियों को पेंशन के नाम पर 800, 1200 व 1800 रुपये मिल रहे हैं। जिससे न तो उनका स्वयं का खर्च और न ही उनके परिवार का घर चल सकता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय विभाग व देश की सेवा में देते हुए 25 से 30 वर्ष का योगदान करता है। वह अपने बुढ़ापे के लिए चिंतित है। अब केंद्र सरकार ने भी इस बात को स्वीकार कर लिया है कि एनपीएस व्यवस्था न्यायपूर्ण नहीं है। इसलिए नई व्यवस्था यूपीएस लायी है, लेकिन यूपीएस एनपीएस से भी ज्यादा नुकसानदेय है। जिसमें एनपीएस यूपीएस से पूरे देश के कर्मचारी असंतुष्ट हैं। पुरानी पेंशन व्यवस्था शिक्षक कर्मचारी के हित में वास्तविक रूप से सामाजिक सुरक्षा के विस्तार का आधार स्तंभ है।

### आक्रोश बाइक रैली में इन विभागों के कर्मी हुए शामिल

अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिला संयोजक अमित वर्मा के नेतृत्व में आक्रोश रैली में ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मचारी, दीवानी, अमीन संघ, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, सिंचाई विभाग, लैब टेक्नीशियन और बेसिक शिक्षा विभाग समेत जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन, उर्दू टीचर्स एसोसिएशन, विशिष्ट बीटीसी टीचर्स एसोसिएशन, प्रशिक्षित स्नातक संघ, अंतर्जनपदीय शिक्षक संघ और एससी/एसटी टीचर्स एसोसिएशन सहित सभी विभागों एवं संगठनों के कर्मचारियोंआक्रोश बाइक रैली में प्रतिभाग किया।

# हादसे में जीजा-साले की मौत

संवाददाता, कोठी, बाराबंकी

**हादसा**

- चचेरे भाई के यहां शादी में शामिल होने आया था शहीम
- हादसे की सूचना मिलते ही मातम में बदल गयीं शादी की खुशियां

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में भानमऊ चौराहा के निकट तेज रफ्तार ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद वह सड़क के किनारे बने गड्ढे में जाकर पलट गयी। हादसे में बाइक सवार जीजा और साला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों के सहयोग से पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की और ट्रैक्टर ट्राली और बाइक को अपने कब्जे में लिया है।

थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी मतीन के घर पर गुरुवार को वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित था। उनका चचेरा भाई शहीम (20) पुत्र लईक अहमद अपने बहनोई कोठी चौराहा निवासी शमीम (40) पुत्र मोहम्मद अली के साथ बाइक से भानमऊ चौराहा शादी से संबंधित कुछ सामान खरीदने जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार, इब्राहिमाबाद भानमऊ संपर्क मार्ग स्थित भानमऊ चौराहा के समीप एक भट्ठा की ईंट लदी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी फिर ट्रैक्टर ट्राली किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के जरिए उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे हलका दरोगा सरफराज अहमद व हेड कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह ने जांच पड़ताल की। उधर, अस्पताल में इलाज के दौरान शहीम ने दम तोड़ दिया। उसके बहनोई शमीम को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया लेकिन लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी भी मौत हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं।

# वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत खरसतिया के निकट गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक अधेड़ की मौत हो गई। राहगीरों ने सड़क पर दुर्घटना का शिकार हुए एक अधेड़ का शव पड़ा हुआ देखा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किये पर सफलता नहीं मिली।

## सार-संक्षेप

### चिकित्सा जगत में अहम भूमिका निभा रहे फॉर्मासिस्ट



विजेताओं के साथ प्रबंधक पूनम सिंह व अन्य। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस जेबीएस इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी मालिनपुर रामसनेहीघाट में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें रंगोली प्रतियोगिता, क्विज कंपटीशन, पोस्टर प्रेजेंटेशन, वॉलीबॉल प्रतियोगिता आदि हुई। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्राध्यापक मंजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्थान की प्रबंधक पूनम सिंह ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि चिकित्सा जगत में फार्मासिस्ट अपनी अहम भूमिका निभाते हैं तथा आने वाला समय फार्मेसी में करियर बनाने वाले विद्यार्थियों के लिए बेहतर साबित होगा। इस अवसर पर रामकिशोर वर्मा, प्राचार्या नीरजा सिंह, कल्यान यादव, अतीक, लवकुश, अस्मिता, बबली, अंशिका समेत संस्थान से जुड़े लोग मौजूद रहे।

### छात्राओं को ताज पहनाकर किया सम्मानित



प्राथमिक विद्यालय मुंजापुर में वात्सल्य की ओर से सम्मानित छात्राएं।

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय मुंजापुर में वात्सल्य संस्था के द्वारा आयोजित हम होंगे कामयाब के तहत कक्षा 8 और कक्षा 12 पास करने वाली छात्राओं को ताज पहनाकर और इनाम देकर सम्मानित किया गया। मसौली ब्लाक के ग्राम मुंजापुर में ब्लॉक समन्वयक महेंद्र कश्यप द्वारा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा वर्मा, रेखा के माध्यम से किशोरियों को सम्मानित किया गया। सामुदायिक कार्यकर्ता सीमा वर्मा एवं श्वेता के माध्यम से लड़कियों को पढ़ने और आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पुरस्कृत होने वाली छात्राओं में निधि यादव, योग्यता, शालिनी, चांदनी, छवि, शिखा, रितु, काजल, आलिया आदि शामिल रहीं।

### भाजपा नेता की पत्नी के अंतिम संस्कार में पहुंचे जनप्रतिनिधि



अंतिम संस्कार में पहुंचे भाजपा विधायक व अन्य लोग।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के खरसतिया गांव निवासी भाजपा नेता रामभीख त्रिवेदी की पत्नी एवं हैदरगढ़ प्रथम से जिला पंचायत सदस्य कलावती त्रिवेदी (65) का बुधवार की देर रात बीमारी के चलते निधन हो गया। गुरुवार को पैतृक बाग में जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, जिला पंचायत सदस्यों जनप्रतिनिधियों एवं जनसमूह के बीच पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। उनका उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। जहां पर कल देर शाम उनका निधन हो गया। निधन के बाद शव के गांव पहुंचने की सूचना पर स्थानीय लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों के आना का सिलसिला शुरू हो गया। गांव के बाहर स्थित पैतृक बाग में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक दिनेश रावत, एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व सांसद राम सागर रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, डीडीसी नेहा आनंद, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# बीमारियों से बचने को स्वच्छता आवश्यक

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकास खंड मुख्यालय के सभागार में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों, शिक्षकों एवं सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता बहुत आवश्यक है। निर्देश दिया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में जहां भी झाड़ियां उंगी हैं कटाई कराई जाए इसके अलावा हैंड पंप के पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाए।जिससे ग्रामीणों को मच्छर जनित रोगों से बचाया जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान रानीपुर शिव दिनेश सिंह, प्रधान पति प्रवेंद्र तिवारी, प्रधान बदनापुर श्रीनाथ यादव प्रधान राकेश यादव, ग्राम पंचायत सचिव पवन कुमार, उदय प्रकाश शुक्ला, अखिलेश दुबे, ज्ञान प्रकाश सिन्हा, चंद्रभान पांडे चंद्रेश कुमार अजय यादव, हर्षित श्रीवास्तव, पंकज कुमार, दीपक राजपूत, बिंद्रा राज यादव, दिनेश प्रसाद, नवीन कुमार, सत्य प्रकाश वर्मा, शिवकुमार सफाई कर्मी कौशल किशोर राजेश मौर्य तेज बहादुर मौर्य मौजूद रहे।

बैठक में बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता, एडीओ पंचायत आनंद कुमार सिंह, सीएचसी चिकित्साधीक्षक डॉ. सौरभ शुक्ला, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय रावत, यूनिसेफ की बीएमसी पूजा सिंह आदि मौजूद रहे।

# सार्वजनिक स्थान पर दांव आजमा रहे 5 गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कमलेश मौर्या, मो. नियाज, रामतीरथ महमूदाबाद सीतापुर, फहीम महमूदाबाद, सीतापुर व मेराज सीतापुर को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़, जामातलाशी के 35सौ रुपये बरामद किये गये। आरोपियों के विरुद्ध थाना मोहम्मदपुर खाला पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

**रैबीज से संक्रमित मरीज की मौत, त्रिवेदीगंज, बाराबंकीः** पागल कुत्ते के काटने के बाद एंटी रैबीज इंजेक्शन लगने पर भी रैबीज से संक्रमित मरीज की आकस्मिक मृत्यु हो गई। नरेंद्रपुर मदरहा निवासी राम उजागर को पागल कुत्ते ने काट लिया था। उसे एंटी रैबीज इंजेक्शन भी लगाया गया था।

# लेखपाल पर कार्रवाई को शिक्षकों ने सराहा

## बीएलओ के रूप में कार्य कर रहे शिक्षक से किया था अभद्र व्यवहार

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी



एसडीएम से मुलाकात करते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बूथ लेवल अधिकारी द्वारा समस्त कार्य पूर्ण किए जाने के बावजूद लेखपाल द्वारा सहायक अध्यापक के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने से नाराज शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी पवन कुमार से शिकायत की। मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम द्वारा लेखपाल के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने से शिक्षकों ने एसडीएम की सराहना की।

विकासखंड रामनगर के ग्राम भरसवां के प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक सचिंद्र गुप्ता जिनको बीएलओ की जिम्मेदारी दी गई थी। कर्तव्य निर्वहन करते हुए उन्होंने समस्त कार्य पूर्ण कर लिए थे। इसके बावजूद तहसील में कार्यरत लेखपाल धर्मेंद्र यादव ने उनसे अमर्यादित व्यवहार किया था। इससे क्षुब्ध होकर सहायक अध्यापक ने इसकी पूरी जानकारी शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को दी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए शिक्षक नेता उमानाथ मिश्रा व हनुमंत अवस्थी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम पवन कुमार को प्रार्थना पत्र देते हुए पूरे घटनाक्रम को बताते हुए लेखपाल के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। एसडीएम ने मामले को पूरी तरह संज्ञान में लेते हुए लेखपाल के खिलाफ त्वरित करवाई की।

**टीसी के लिए चक्कर लगा रहा अभिभावक, सूरतगंज, बाराबंकी :** बेटे की टीसी के लिए एक पिता पांच माह से अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रहा है। हरक्का निवासी राम तेज पाण्डेय ने बताया है कि उसका बेटा एक इंटर कालेज में कक्षा आठ उत्तीर्ण कर चुका है। इस वर्ष उसने दूसरे कालेज पर बेटे का नाम दर्ज कराया है जिसके लिए उसे टीसी प्रपत्र की आवश्कता है।कुछ दिनों पहले जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी को शिकायत पत्र दिया था लेकिन पांच माह से उसे अश्वासन ही मिल रहा है।

**लापरवाही** क्षेत्र वासियों को आवागमन में हो रही दिक्कत, संक्रामक रोगों के फैलने की बढ़ी आशंका

# पूर्व सांसद आवास के चंद कदमों की दूरी पर भीषण जलभराव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



पूर्व सांसद के आवास को जाने वाले रास्ते पर जलभराव के बीच से गुजरता वृद्ध। अमृत विचार

**अमृत विचार :** इसे नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही कहें या हीलाहवाली भाजपा के पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत के आवास से चंद कदमों की दूरी पर महर्षि नगर मोहल्ले मे क्षेत्र वासियों को जलभराव की स्थिति से रोजाना दो चार होना पड़ रहा है। सड़कों पर जलभराव होने की वजह से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। एक लंबे समय से यहां के लोगों ने अलग अलग तरीके से इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए नगरपालिका परिषद से गुहार लगाई, लेकिन उनकी आवाज जिम्मेदारों तक पहुंच कर ही दब कर रह गई। रोजाना हजारों की संख्या में क्षेत्र के निवासियों व आने जाने वाले लोगों का इधर से गुजरना होता है। पानी से लबालब सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने की वजह से आये दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। बावजूद नगर पालिका प्रशासन की तरफ से जल निकासी के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

**संक्रामक रोगों के फैलने का बढ़ा खतराः** भाजपा पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत का आवास महर्षि नगर में है। यह शहर के रिहायशी इलाकों में शुमार है। वावजूद इसके क्षेत्र वासियों में जलभराव को लेकर जहां एक ओर आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं, वहीं जलभराव की स्थिति की वजह से संक्रामक रोगों के फैलने का डर सता रहा है। समय रहते जलभराव की स्थिति से निजात न दिलाई गई, तो संक्रामक रोगों के फैलने का जोखिम क्षेत्र वासियों को उठाना पड़ सकता है।

# आधार केंद्र पर लगायी जाए रेट लिस्ट

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचारः** पंजाब नेशनल बैंक शाखा सफदरगंज आधार केंद्र के संचालक पर लोगों ने वसूली का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आधार संशोधन की दर चस्पा की जाए। थाना व कस्बा सफदरगंज निवासी शशिकांत अवस्थी पुत्र गोविंद प्रसाद अवस्थी ने शाखा प्रबंधक को इस संबंध में एक शिकायती पत्र दिया है जो तेजी से वायरल हो रहा है।

केंद्र संचालकों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से केंद्र संचालकों की मनमानी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। कस्बा सफदरगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक मे आधार कार्ड पंजीयन और उसमें सुधार के लिए केंद्र खोला गया हैं।

## एक नजर

### सूरज बने दूरसंचार विभाग के मंडल सलाहकार सदस्य



**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत हैदरगढ़ के भटखेड़ा वार्ड से सभासद सूरज दीक्षित को भारत सरकार द्वारा दूरसंचार विभाग का मंडल सलाहकार सदस्य बनाए जाने पर पारिजात संस्थान के मालिक राहुल दीक्षित की अगुवाई में उनके प्रतिष्ठान पर माला पहनाकर स्वागत किया गया। श्री राम युवा सेवा के अध्यक्ष बृजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि यह हमारे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर महामंत्री पंडित शशांक दीक्षित, पंडित अरुण यादव, अभिषेक मिश्रा, देवेंद्र गिरी, रोहित पांडे मालिनपुर प्रधान कुलदीप सिंह उपस्थित रहे।

### खेत की सिंचाई कर रहे किसान की सर्पदंश से मौत

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में धान की फसल में पानी लगा रहे एक किसान की सर्पदंश से मौत हो गई। घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टाईं कला में बुधवार की शाम हुई। गांव के रहने वाले चंद्र प्रताप (50) धान की फसल में पानी लगाने अपने खेत गए थे। खेत की सिंचाई करने के दौरान सांप ने उन्हें डस लिया। जानकारी होने पर परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, यहां पर देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मादक पदार्थ समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कुर्सी पुलिस टीम ने फैसल उर्फ छोटू पुत्र अलीम निवासी ग्राम व थाना तम्बौर सीतापुर को ग्राम दरापुर तिराहे कुर्सी से गिरफ्तार किया। उसके पास से 254 ग्राम स्मैक व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद कर थाना कुर्सी पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम ने विनोद रावत पुत्र रामबरन उर्फ नन्हा निवासी 12 गीतापुरी कालोनी खरगापुर थाना चिनहट, लखनऊ को ग्राम कोटवा सड़क के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 45 ग्राम स्मैक बरामद की गयी।

### दो मामलों में वांछित चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम ने समोराज निवासी ग्राम चिड़ा मोहम्मदपुर, थाना रौनाही जनपद अयोध्या को ग्राम कोटवा सड़क से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। थाना लोनीकटरा पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित मुकदमे में वांछित चल रहे शानू पुत्र रामदयाल निवासी ग्राम सराय पाण्डेय थाना लोनीकटरा व इसी एक्ट से सम्बन्धित वांछित चल रहे अमरेश रावत पुत्र रामकिशुन निवासी पैकौली थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया।

# विधि के अनुसार काम करते हैं अधिवक्ता

- जिला न्यायाधीश ने किया ग्राम न्यायालय परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी:



लोकार्पण के दौरान मौजूद जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बार-बेंच के सामंजस्य से वादकारियों को सुगमतापूर्वक त्वरित न्याय मिलता है। न्याय दिलाने में बार-बेंच दोनों एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनका आपसी तालमेल बना रहे। हम सभी का यही प्रयास होना चाहिए। ये बातें जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह ने रामनगर ग्राम न्यायालय परिसर के सौंदरीकरण के लोकार्पण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कोई भी अधिवक्ता छोटा नहीं होता है सभी विधि के अनुसार कार्य करते हैं। हम सभी एक परिवार की तरह हैं। इसमें छोटे बड़े निवेदन आदि शब्दों की कोई गुंजाइश नहीं है। अधिवक्ताओं की यदि कोई भी समस्या है, उसका समाधान मिल बैठकर कराया जाएगा।

जिला न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में लगी इंटरलॉकिंग व बेंच आदि का अवलोकन कर अच्छा कार्य बताया। उपस्थित एसडीएम पवन कुमार से ग्राम न्यायालय भवन निर्माण की भूमि आवंटन प्रक्रिया की जानकारी ली। इस पर उप जिलाधिकारी ने अति शीघ्र भूमि चिह्नांकन कराए जाने की बात कही। जनपद न्यायाधीश श्री सिंह ने फूल व फलदार पौधे रोपित किये।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश रोहित शाही, नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी, महामंत्री सुरेश शास्त्री, शिव कुमार सिंह, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, सतीश चंद्र शुक्ला, कुलदीप शुक्ला, रामकुमार सोनी, बी डी खान, बृजेश कुमार गौतम, चेतन नारायण, आनंद प्रताप, निरंकार त्रिवेदी, धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, गुरुदेव मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, अनिल दीक्षित, अशोक उपाध्याय, जीके शुक्ला, अतुल मिश्रा, मुकेश शुक्ला, दयाशंकर तिवारी सहित अधिवक्ता व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पांडेय फोर्स के साथ मौजूद रहे।



स्वर्ण पदक विजेता छात्रा के साथ विद्यालय के छात्र, संस्थापक, प्रबंधक व अन्य कर्मचारी। अमृत विचार

### राज्यपाल से स्वर्ण पदक पाने वाली मेधावी छात्रा को कॉलेज ने किया सम्मानित

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री बैजनाथ शिव कला पीजी कॉलेज मंगलपुर में अलंकरण समारोह का आयोजन कर कॉलेज की प्रतिभावान छात्रा और उसके माता-पिता को सम्मानित किया गया। त्रिवेदीगंज के जौरस गांव निवासी छात्रा श्रद्धा वर्मा ने बीएससी जंतु विज्ञान विषय में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या के 29 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने माता-पिता सुनीता वर्मा व सुनील कुमार वर्मा का नाम रोशन किया। महाविद्यालय में आयोजित समारोह में स्वर्ण पदक विजेता छात्रा श्रद्धा वर्मा व उनके माता-पिता को को संस्थापक व संरक्षक पूर्व एमएलसी रामपाल वर्मा, प्रबंधक इं. रमेश वर्मा ने सम्मानित किया। बीएड,विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष वर्मा, प्राचार्य डॉ. अमरेश सिंह, प्रो. बृजेश यादव और प्रो. प्रेम चंद्र पटेल आदि मौजूद थे।

# तत्कालीन दो ईओ पर कार्रवाई चेयरमैन से मांगा स्पष्टीकरण

## डीएम द्वारा गठित टीम को जांच में पांच शिकायतें मिलीं सही

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी




**अनियमितता का मामला**

- सभासदों ने शासन को भेजा था सात सूत्री शिकायती पत्र
- अध्यक्ष के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति

**अमृत विचार :** नगर पंचायत बेलहरा में सभासदों द्वारा की गई अनियमितताओं की शिकायत में प्रथमदृष्टया तत्कालीन दो अधिशासी अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष को जांच में दोषी पाया गया है। मामले में दोनों ईओ के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई तथा शासन स्तर पर नगर पंचायत अध्यक्ष से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

बेलहरा नगर पंचायत के सर्वजीत, मृदुल शुक्ला, नितिन वर्मा, लज्जावती आदि सभासदों ने नगर पंचायत बेलहरा में विभिन्न अनियमितताओं को लेकर सात सूत्री शिकायती पत्र देकर शासन से प्रकरण की जांच कराने की मांग की थी। इस पर डीएम सत्येंद्र कुमार द्वारा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर जगत साईं, एक्सईएन पीडब्लूडी निर्माण खंड-3 व डीडीओ की तीन सदस्यीय समिति द्वारा शिकायतों की जांच कराई गई। जांच में पांच शिकायतें सही पायी गईं। इससे सहमत होते हुए प्रदेश नगर विकास अनुभाग- 1 के पूर्व विशेष सचिव धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर पंचायत बेलहरा के तत्कालीन अधिशासी अधिकारी शिवमूर्ति व तत्कालीन अधिशासी अधिकारी विनय शंकर अवस्थी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की तथा नगर पंचायत अध्यक्ष शबाना खातून के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति की है। वर्तमान समय में ईओ विनय शंकर अवस्थी आजमगढ़ के कटघर लालगंज नगर पंचायत में तैनात हैं। वहीं शिवमूर्ति की तैनाती मऊ में है।

शिकायती पत्र में नियमित बैठक न होने, संकल्प प्रतिलिपि को अध्यक्ष द्वारा न भेजे जाने, पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के तहत लगी लाइटों में सरकारी धन का दुरुपयोग होने, अध्यक्ष द्वारा अपने देवर को अध्यक्ष प्रतिनिधि का दर्जा देकर प्रतिनिधि के रूप में स्वीकार करने तथा विभिन्न मदों में डीजल खर्च के नाम पर आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। इस संबंध में एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि जांच कमेटी जो निर्णय लेगी, उस आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

### संचारी रोगों की रोकथाम को गांवों में करायें दवा का छिड़काव

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लाक परिसर में संचारी रोगों के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य व ग्राम पंचायत विभाग की बैठक आयोजित हुई। इसमें गांव की सफ़ाई व दवा छिडकाव कराये जाने की चर्चा हुई। गुरुवार को ब्लाक परिसर में हुई बैठक की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह ने की। उन्होंने कहा कि सभी प्रधान सफाई कर्मचारियों व अन्य मजदूरों को लगाकर गांव में सफाई करायें जिससे गांव में बढ़ रहे मच्छरों को खत्म किया जा सके। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राघवेन्द्र वर्मा ने कहा कि गांव की स्वास्थ्य समिति के मद से गांव में दवा का छिड़काव करें, गांव में कोई भी बीमारी फैले, उससे पहले स्वास्थ्य विभाग को सूचना दे। बैठक में सहायक विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, सरोज कुमार, माया पति, तारा चन्द, प्रदीप कुमार महेन्द्र उर्फ पिंटू आदि मौजूद रहे।

# निकाह का झांसा दे फुफेरी बहन से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**रिश्ता कलंकित**

- फोन किया तो आरोपी की बहन ने दी जान से मारने की धमकी
- कानपुर में छोड़कर भागा, 10 हजार की नकदी व जेवर हड़पे

**अमृत विचार :** रिश्ते में फुफेरी बहन को शादी का झांसा देकर एक युवक ने शारीरिक संबंध बनाए फिर शादी के ही नाम पर नकदी, जेवरात मंगवाने के बाद कानपुर ले जाकर जबरन दुराचार किया। इसके बाद युवक उसे वहीं छोड़ कर फरार हो गया। पीड़िता किसी तरह घर लौटकर आयी और संपर्क किया तो आरोपी की बहन ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है। इस गांव की रहने वाली युवती अनाथ है। उसका कहना है कि उसके मामू के बेटे कादिर निवासी थाना कोठी ने उससे शादी का झांसा देकर दो साल तक शारीरिक सम्बंध बनाए। जब वह शादी करने के लिए कहती तो कादिर टालमटोल करता रहा। गत 7 सितंबर को पूर्वाहन 11.30 बजे कादिर ने उसके मोबाइल पर फोन करके घर से बाहर बुलाया, कहा कि अपने घर से कुछ रुपये व जेवरात लेकर आओ, तो चल कर शादी कर लेंगे। वह अपने घर जाकर 10 हजार रुपये नकद, दो जोड़ी पायल, 3 तोले की झुमकी लेकर कादिर के पास पहुंची। कादिर व उसका दोस्त हामिद पुत्र अज्ञात बाइक पर बैठाकर उसे लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन लेकर गये। वहां से ट्रेन से कानपुर पहुंचे। पीड़िता का आरोप है कि कानपुर पहुंचकर कादिर ने उसके साथ दुष्कर्म किया फिर बहला फुसलाकर रुपये व जेवरात ले लिये। उसे एक स्थान पर बैठाकर कहा कि अभी वह आता है। इसके बाद वह 4 घंटे तक वहीं बैठककर इंतजार करती रही और फोन मिलाती रही, लेकिन कादिर ने फोन नहीं उठाया। वह किसी तरह कानपुर से अपने घर आयी और कादिर के नंबर पर फोन किया तो उसकी बहन किस्मतुल ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की, जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग -अलग गांवों में हुई दुराचार की घटनाओं के आरोपी दो युवकों को जेल भेजा गया है। थाना लोनी कटरा के एक गांव में बुधवार शाम गांव के बाहर गई 15 वर्षीया नाबालिग मंदबुद्धि किशोरी के साथ गांव निवासी एक युवक ने दुराचार किया था। थानाध्यक्ष सौमित्र सेन रावत ने बताया कि आरोपी अमरीष को जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के ही एक गांव निवासी एक युवती की शिकायत पर शादी का झांसा देकर लगभग छह माह से शारीरिक शोषण करने वाले युवक शानू गौतम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# कार और 10 लाख रुपये न मिलने पर दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** दहेज में कार व प्लाट खरीदने के दस लाख रुपये नहीं मिले तो पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पति की धमकी से डरी विवाहिता ने कई दिन बाद पुलिस से शिकायत की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बंसल पेट्रोल पंप के सामने लौताबाग के रहने वाले अकील अहमद की पुत्री निशा खातून ने तहरीर में कहा है कि उसका निकाह मोहम्मद शाहरूख निवासी राजाजीपुरम अमन बिहार कालोनी थाना तालकटोरा लखनऊ से 23 मार्च 2021 को हुआ था। पिता ने हैसियत के मुताबिक उपहार दिया था किन्तु इससे शाहरूख व सास परवीन जहां खुश नही थे। शादी के बाद से ही पति व उसकी मां दहेज में कार व प्लाट के लिए 10 लाख की मांग करते रहे, जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। इसी मध्य एक बच्ची का जन्म हुआ, वह अपने मायके में रह रही थी। 17 सितंबर की शाम पति शाहरुख उसके घर आया और दहेज की मांग करने लगा। उसने अभद्रता करते हुए तीन तलाक भी दे दिया। जाते समय धमकी दी कि इस घटना की रिपोर्ट कही दर्ज कराई तो जान से हाथ धो दोगी।

## सार-संक्षेप

### विद्यार्थियों ने पढ़ाया स्वच्छता का पाठ



साफ-सफाई करते बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम पर बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा नि :शुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल ग्राम छंदवल विकास खंड बनीकोडर के छात्रों शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार के निर्देशन में स्वच्छता अभियान की शुरुआत प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने झाड़ू लगाकर की। स्वच्छता अभियान में स्कूल के छात्रों, शिक्षकों द्वारा स्थानीय छन्दवल गांव के रास्तों, गलियों की सफाई की गई। गांव की गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही लोगों को स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूक किया गया। स्वच्छता अभियान में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शिक्षिका वंदना वर्मा शारदा रावत, पूनम रत्नाकर प्रिया मोर्य, अनीता, अर्चना, सरोज, सरस्वती, जियालाल सहित 150 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

### जेब्रा पार्क में किया गया पौधरोपण




जेब्रा पार्क में पौधरोपण करते न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंपनी के शाखा प्रबंधक अरुणेश कुमार की मौजूदगी में पल्हरी चौराहे के निकट बने जेब्रा पार्क में गुरुवार को पौधरोपण करते हुए कई प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। शाखा प्रबंधक ने पौधरोपण के महत्व पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर अन्य कर्मी सोनल, कंचन, नवदीप, रामदयाल, रामपाल भी मौजूद रहे।

### ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में महिलाओं ने सुनाईं कविताएं

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इकाई मध्य बाराबंकी की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन किया गया। अध्यक्षता महिला काव्य मंच की महिला प्रदेश इकाई अध्यक्ष डॉ. ऊषा चौधरी ने किया। जिलाध्यक्ष डॉ. कंचन गुप्ता संयोजक के रूप में रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। डॉ. ऊषा चौधरी ने अपनी रचना 'कोई इस दुनिया में यूं तो ना आया है' सुनाई। वहीं अलका श्रीश ने अपनी कविता 'कुमुदिनी खिलने के सूर्य किरण की एक झलक पाने के लिए प्रतीक्षारत रहती है' सुनाई। इसके बाद डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, किरण भारद्वाज, डॉ. आरती श्रीवास्तव, मोनिका तिवारी, डॉ. प्रतिभा श्रीवास्तव, कल्पना रस्तोगी, योगिता सिंह, आराधना मिश्रा, सिम्पी मौर्या, हर्षिका पटेल और डॉ. कंचन गुप्ता ने अपनी रचनाएं सुनायीं।

### सीएससी से मिलेंगी इंडियन बैंक की सुविधाएं

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सीएससी और इंडियन बैंक के साझा सहयोग से बंकी नगर पंचायत में अब लोगों को बैंकिंग सम्बंधित सुविधाएं मिलेगी। गुरुवार को इंडियन बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का सीएससी स्टेट हेड राजेश मिश्रा एफआई हेड गौरव खन्ना, नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद इमरान, मोहम्मदपुर के इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक प्रमोद गुप्ता, आई हेड मैनेजर अभिषेक, जिला प्रबंधक रवि वर्मा, केंद्र संचालक साजिद व अन्य लोगों की उपस्थिति में फीता काट कर उद्घाटन किया गया। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से गांव व शहरों में अनेक प्रकार की सेवा लोगों को दी जा रही है। इस केंद्र के माध्यम से लोगो को नए खाते खोलने, जमा निकासी, एफडी, आरडी और लोन आदि की सुविधा के साथ सभी प्रकार की सीएससी की सुविधा उपलब्ध रहेंगी। यहां पर सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक सभी सुविधा मिलेंगी। इस केंद्र का संचालन इंडियन बैंक मोहम्मदपुर ब्रांच के अंतर्गत किया जाएगा।

# दबोचा गया वृद्ध की हत्या का आरोपी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर लाठी से वार कर वृद्ध की हत्या के प्रकरण में आरोपी दबोच लिया गया। इसके पास से हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद हुआ है। इस घटना के बाद एसपी ने मौके का जायजा लेकर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

बीती 25 सितंबर की देर शाम वादी संतोष कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के अमरनाथ यादव के जानवर अक्सर उसके जानवरों का चारा खा जाते हैं। उसके पिता रामगोपाल यादव ने इस बात का जिक्र करते हुए विरोध किया तो उत्तेजित होकर अमरनाथ यादव ने रामगोपाल यादव के सिर पर लाठी से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल रामगोपाल को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने रामगोपाल यादव को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही एसपी दिनेश सिंह मौके पर पहुंचे और जानकारी हासिल की। उन्होने शीघ्र हत्यारोपी को पकड़ने के निर्देश दिए। वादी की सूचना पर पुलिस ने अमरनाथ यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। अमरनाथ को कल्याणी नदी, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# चार बिजली चोरों पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग ने गुरुवार को क्षेत्र में अभियान चलाकर ग्राम गोठिया व अन्य गांवों में कटिया लगाकर बिजली चोरी करने वाले कमलेश, बृजेश कुमार, माधव नगर के राज करन सहित चार लोगों के विरुद्व मुकदमा दर्ज किया। विभागीय कार्यवाही से लोगों में हड़कम्प मचा रहा। इसके बाद अवर अभियंता मिर्जा परवेज हुसैन, वकार मेहंदी, नरेन्द्र कुमार, कर्मचारियों की टीम ने बिजली बिल न जमा करने वाले 15 लोगों के बिजली के कनेक्शन काटे। इसके अलावा उपभोक्ताओं से 60 हजार रुपए के बकाया बिल की वसूली की गयी। कई गांवों में बिजली के कनेक्शनों की टीम द्वारा जांच भी की गयी।

# सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर कीमती जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दो सप्ताह से गृहस्वामी जिला मुख्यालय पर एक आटा फैक्ट्री में काम कर रहा था। पीड़ित ने सूरतगंज चौकी पर तहरीर दी है।



मोहम्मदपुर खाला थाने के मसुरिहा गांव के मजरे भवानीपुरवा निवासी सर्वेश कुमार यादव पुत्र छोटेलाल पिछले पंद्रह दिन से जिला मुख्यालय पर आटा की फैक्ट्री में मजदूरी करने गया हुआ था, उसकी पत्नी मायके में रह रही है। इसकी वजह से घर में ताला लटक रहा था। इसका फायदा उठा कर चोरों ने इस घर को निशाना बनाया और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। चोरों ने यहां से जेवरात, नकदी उड़ा दी। घटना की जानकारी सर्वेश को गुरुवार की सुबह हुई, जब वह धान खेत में पानी लगाने के लिए घर पहुंचा। ताला टूटा और बक्से का सामान बिखरा देख कर उसने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंचे पीआरवी कर्मियों ने जांच पड़ताल की परंतु चोरों का कुछ पता नही चला। सूरतगंज चौकी पहुंच पीड़ित ने तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया है कि जांच की गई। मामला संदिग्ध लग रहा है।

### अर्द्धनिर्मित मकान से चोर उठा ले गए सामान

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** अर्द्धनिर्मित मकान में रखे सामान चोर उठा ले गए। गुरुवार सुबह पहुंचे मकान मलिक मौके पर पहुंचा तो उसे वारदात का पता चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सतरिख थाना क्षेत्र के शरीफाबाद गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार यादव का गांव के बाहर अर्द्धनिर्मित मकान है। मकान में इस समय रंगाई पुताई ,वायरिंग और पानी आपूर्ति का काम चल रहा है। रोज की तरह मकान मालिक दरवाजे में ताला बंद करके चला जाता था। बुधवार की रात अज्ञात चोर छत के रास्ते से मकान में घुस गए और मकान रखा पुट्टी, रंगाई पुताई,और बिजली का सामान चोर चोरी कर ले गए। सुबह मकान मालिक मकान पहुंचा और ताला खोला तो उसमें सामान गायब था। । मकान मलिक के अनुसार करीब एक लाख 20 हजार रुपए का सामान चोरी हुआ है।

# वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर बार अध्यक्ष ने एसडीएम को नौ सूत्री मांगों का ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। दि बार एसोसिएशन फतेहपुर के बार अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने बताया कि राजस्व संहिता 2006 की धारा 31 उपधारा 2 की उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 4 सन 2016 की धारा 23 द्वारा अन्तः स्थापित है, के अनुसार खातेदारों के अंश विहित रीति से निर्धारित किया जायेगा। कलेक्टेट द्वारा अंश का निर्धारण कराया जाना प्राविधानित है उपनियम 3 व 4 के अन्तर्गत प्रारम्भिक रूप से हिस्से का निर्धारण किये जाने का नियम है। इन समस्याओं का तहसील स्तर पर समाधान कराना अति आवश्यक है।

**लापरवाही**

## अतिक्रमणकारियों ने पाट डाला तालाब का खासा हिस्सा, लगने के बाद एक बार भी नहीं चला फव्वारा

# चक्रतीर्थ के रूप में विकसित नहीं हो सका धनोखर तालाब

संवाददाता, बाराबंकी



शहर का धनोखर तालाब। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अपने मूल स्वरूप में ही धनोखर तालाब ठीक था। सुंदरीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किये गये। कई योजनाएं बनीं पर धरातल पर कम ही दिखीं। इस तालाब को न अतिक्रमण से बचाया जा सका और न ही गंदगी से। कहा जाए कि तालाब का दायरा और सिकुड़ गया है तो गलत न होगा। रमणीक स्थल कौन कहे, नागरिकों के टहलने लायक भी धनोखर तालाब नहीं बच सका। इस स्थल से आस्था रखने वाले भी यही कह रहे कि इससे अच्छा तो पुराना तालाब था। अब इस तालाब के सुंदरीकरण के नाम पर न तो फूटी कौड़ी बची है और न आगे की कोई योजना।

वर्ष 2010 के पूर्व से ही धनोखर तालाब के सुंदरीकरण के नाम पर लापरवाही बरती जा रही है। तालाब को सुंदर बनाने के नाम पर सिर्फ रस्म अदायगी हुई और कागजों पर रुपये खर्च किये गये। वर्ष 2014 में कहा गया कि एक करोड़ की परियोजना स्वीकृत हो चुकी है, खैर सीढ़ियां बन गईं, प्लेटफार्म बन गया पर बेंच आज तक दिखी ही नहीं। योजना तो थी कि तालाब को मिश्रिख (सीतापुर) के चक्रतीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। चक्रतीर्थ बनना तो दूर उसकी नकल ही नहीं हो सकी। बीचोंबीच फव्वारा लगने के बाद से ही नहीं चला। एक कोने पर प्लेटफार्म बनाकर श्री कृष्ण की विशालकाय मूर्ति लगनी थी वह भी नहीं लगी। चारों ओर मंदिर बनने की बात कौन करे, नाला खोदवाकर छोड़ दिया गया। सड़क बनाने के नाम पर अतिक्रमण कर लिया गया। आलम यह है कि चारों ओर का गंदा पानी तालाब के चारों ओर बने नाले में आकर गिरता है। अब तालाब की यदा-कदा ही सफाई हो रही है। तालाब का खासा हिस्सा अतिक्रमणकारियों ने पाट डाला, वहीं काफी जमीन कब्जा कर मकान बना डाले गए। बीच तालाब में जमा गंदा पानी और काई इस तालाब की बदहाली खुद ही बयां कर रही है।

### दशहरा से पूर्व करायी जाएगी सफाई

नगर पालिका परिषद चेयरमैन के प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा कहते हैं कि पहले क्या हुआ, नहीं कह सकता। फिलहाल धनोखर तालाब के लिए कोई योजना नहीं है। हां, दशहरा से पहले तालाब की विधिवत साफ-सफाई करा दी जाएगी।

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहें उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला अधिकारों के संरक्षण में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का बड़ा महत्व है। भारत में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा अपराध की घटनाएं निरंतर जारी हैं, जो देश के समक्ष गंभीर चिंता का कारण बनी हुई है। 2005 के अधिनियम के अनुपालन के बाद भी भारत में घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी नहीं आई है। इन हालात में भारत में घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों के प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालने वाली सामाजिक-सांस्कृतिक और कानूनी चुनौतियों पर चर्चा जरूरी हो जाती है। न्यायालय ने कहा कि भारत में एक महिला को पुत्री, बहन, पत्नी, मां, साथी या एकल महिला के रूप में घरेलू हिंसा एवं भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो कि चिंतनीय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5), 2019-2021 के अनुसार, 18 से 49 वर्ष की आयु के बीच की 29.3 प्रतिशत विवाहित भारतीय महिलाओं ने घरेलू/यौन हिंसा का अनुभव किया है 18 से 49 वर्ष की आयु की 3.1 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा है। यह केवल महिलाओं द्वारा दर्ज कराए गए मामलों की संख्या है।

अक्सर ऐसे बहुत से मामले होते हैं जो पुलिस तक कभी नहीं पहुंच पाते। एनएफएचएस के आंकड़ों के अनुसार हिंसा की शिकार 87 प्रतिशत विवाहित महिलाएं मदद नहीं मांगती हैं। घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों का प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण है? कानूनों का असंगत क्रियान्वयन प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालता है। इसका कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायिक निकायों में घरेलू हिंसा के मामलों से निपटने के लिए उचित प्रशिक्षण का अभाव हो सकता है। साथ ही अदालत में घरेलू हिंसा साबित करने के लिए पर्याप्त सबूतों की आवश्यकता होती है। गवाहों या भौतिक साक्ष्यों की कमी से मामले कमज़ोर हो सकते हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध कभी न खत्म होने वाले चक्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। घरेलू हिंसा अक्सर परिवार के भीतर ही होती है। कानूनी कार्रवाइयों से पारिवारिक रिश्ते खराब हो सकते हैं, जिससे पीड़ित कानूनी उपाय अपनाने में हिचकिते हैं। ऐसे में ज़मीनी स्तर पर महिलाओं के हितों के लिए कार्य करने वाले संगठनों एवं समुदायों को दृढ़ता से समर्थन करने की आवश्यकता है।

# विकसित भारत का विजन पूरा करने को पर्यटन में अवसर



गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया।

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एंबेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहां भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है।

पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एंबेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं।

प्रधानमंत्री निरंतर यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई।

पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है।

पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है। वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है।

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था। एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है–एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें। इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें।

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विज़न से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें। आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके। प्रधानमंत्री का विकसित भारत का विज़न पूरा करने के लिए पर्यटन अनेक अवसर प्रदान करता है। विश्व पर्यटन दिवस पर,इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने प्रधानमंत्री की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें।

## प्रसंगवश

# तंत्र की लोक से अनपहचान

समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है,वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय-जीवन की सामाजिक-राजनैतिक-सांस्कृतिक-आर्थिक साहित्यिक समस्त गतिविधियों का केंद्र लोकजीवन है। हमारी आधार-भूत समस्याओं का मूल है-तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं। एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 प्रतिशत जनता ईडियट है। और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक-आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मान कर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं। अनेक देशों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं, भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं। संस्कृतिशास्त्र के विभाग नहीं हैं।

लोकवार्ता लोकतंत्र का तत्वदर्शन है। साहित्य के व्याख्याता किताबी भाष्य तो करते हैं, लोकजीवन को विस्मृत कर देते हैं। यह खंडित दृष्टि है। समकालीन दृष्टि, ऐतिहासिक दृष्टि, वैज्ञानिक दृष्टि पर लंबी चौड़ी बहस करते हैं किंतु इतनी सी बात समझ में नहीं आती कि ये सारी दृष्टियां लोकजीवन के लिए हैं। यदि इन दृष्टियों में समष्टिभाव का लोप है, तो इन दृष्टियों का उधार तो हम पर है नहीं। इनका क्या करना है? समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है, वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।

# आसान नहीं है 'हाइब्रिड' वाहनों की राह



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमें लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है।

पेट्रोल तथा डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ अपना रुझान करते जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकार का प्रयास भी इसी दिशा में है। लेकिन इन सबके बीच ऑटोमोबाइल से जुड़ी बहुत सारी कंपनियां पारंपरिक इंजन से चलने वाले वाहनों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच की एक कड़ी लाने की कोशिश कर रही हैं। जिसे 'हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल' कह सकते हैं।

हाल ही में 'एचएसबीसी ग्लोबल' रिसर्च की रिपोर्ट में आगामी 5-10 वर्षों में भारत को आवागमन हेतु सतत समाधान के रूप में बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) के स्थान पर हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। जिसके परिणामस्वरूप भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर के ट्रेंड्स में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। देश में लोग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से दोगुनी कीमत होने के बावजूद अब हाइब्रिड वाहनों की तरफ मुड़ते जा रहे हैं।

वस्तुतः भारत में अभी होंडा, सुजुकी,और टोयोटा जैसी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अपने हाइब्रिड वाहनों को लांच किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर पहले से ही बहुत सी गाड़ियां आ रही थीं। लेकिन उनकी एक सीमा (रेंज) है। और उससे बचने के लिए हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को व्यापक स्तर पर देखा जा रहा है।

ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट के मुताबिक हाइब्रिड कारों की 'रनिंग कॉस्ट' लंबी अवधि में ईवी से कम होती है। गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 'चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर' की कमी अभी भी एक बड़ी समस्या है लेकिन वहीं हाइब्रिड कारें ईंधन और बैटरी दोनों से चल सकती हैं। हाइब्रिड वाहनों को पसंद करने का एक और प्रमुख कारण इसकी 'रेंज एंग्जाइटी' का 'नहीं' होना है क्योंकि ईवी में 'रेंज एंग्जाइटी' यानी कि कम चार्जिंग में लंबी दूरी तय करने को लेकर चिंता अभी भी बरकरार है। जबकि हाइब्रिड कारें इस चिंता से निजात दिलाती हैं। क्योंकि बैटरी के चार्ज नहीं होने की स्थिति में हम इसे पेट्रोल से चला सकते हैं।

गौरतलब है कि ऑटो कंपनियों के संगठन 'सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटो मोबाइल मनुफक्चरर्स' के आंकड़ों के मुताबिक भारत में हाइब्रिड कारों की बिक्री पिछले साल 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। यही वजह है कि मारुती सुजुकी टोयोटा जैसे जापानी वाहन निर्माता ईवी के बजाय हाइब्रिड पर जोर दे रहे हैं। हुंडई भी 2026 तक भारत में अपनी पहली हाइब्रिड कार लांच करने की योजना बना रही है।

हाइब्रिड वाहनों में पेट्रोल या डीजल जैसे 'इंटरनल कम्बशन इंजन' (आईसीई) के साथ ही इलेक्ट्रिक बैटरी भी होती है। जो वाहनों की रेंज और ईंधन की दक्षता को बढ़ाने में मददगार है। दुनिया में पेट्रोल एवं डीजल चलित वाहनों के अतिरिक्त स्ट्रांग हाइब्रिड, माइल्ड हाइब्रिड, प्लग इन हाइब्रिड और प्योर इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ रही है।

भारत में हाइब्रिड वाहनों की चुनौतियां भी कम नहीं हैं, जिसमें से कुछ प्रमुख चुनौतियां निम्न हैं : भारत एक मूल्य संवेदनशील बाजारः भारत का बाजार अभी 'संक्रमण काल' (ट्रांजीशन फेज) से गुजर रहा है। क्योंकि देश में लंबे समय से पेट्रोल, डीजल तथा सीएनजी वाहनों का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार भी अभी चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रहा है। इन सबके बीच हाइब्रिड तकनीक अभी शुरुआती नवीनतम स्तर पर है। इस तकनीक के पूरी तरह से विकसित होने के बाद ही इसकी कीमतों में कमी देखने को मिल सकती है।

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमे लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है। बैटरियों की लागत ज्यादा होने के कारण वाहनों की कीमत भी बढ़ जाती है। सरकारी सब्सिडी इसमें कुछ हद तक सहायक सिद्ध हो सकती है। अतः इसे कम कीमतों के साथ बाज़ार में उपलब्ध कराना होगा ताकि लोग इससे जुड़ सकें और इसका उपयोग कर सकें।

हमारे देश में जैसे-जैसे हाइब्रिड वाहनों का उपयोग बढ़ेगा, स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। साथ ही जीवाश्म ईंधनों की कीमतों में वृद्धि से भी राहत मिलेगी। सरकार भी इसमें 'टैरिफ' देकर इलेक्ट्रिक वाहन के निर्माताओं को भरसक सहयोग कर रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाइब्रिड वाहनों के उपयोग से प्रदूषण की स्थिति को भी सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# कुछ न सोचता है न बोलता



रमा शंकर सिंह
दिल्ली

वर्तमान की दो पीढ़ियां शहर में नक़ली खाकर बड़ी हुई हैं। नक़ली ख़राब खाना जिसमें सब्ज़ी दाल आटा और सबसे ख़राब वे जो पैक किए मसाले ही इन्हें अच्छे लगते हैं और जैविक और कीटनाशक रहित सब्ज़ियों में इन्हें चमक नहीं मिलती तो बेकार समझते हैं। मोम की परत से चमकीला बनाया पुराना शीतगृहों का सेब अच्छा लगता है जबकि बाग़ान से उतरा कम लाल व कम चमकीला इन्हें सस्ता होने पर भी बुरा लगता है। ऋतु मौसम के अनुसार फल व सब्ज़ियों का चुनाव कैसे करें यह सीख स्कूल तो देते नहीं जबकि हर इंसान को दिन में तीन चार बार इन्हीं से बनी चीजों की ज़रूरत पड़ती है और पेट में जाती हैं। स्कूल जीवन के लिए नहीं नौकरी धंधे के लिए तैयार कर रहे हैं जबकि जीवन जीते हुए ही नौकरी धंधा होता है। दवाइयों में अकल्पनीय मिलावट है। अभी हाल ही में एक एंटीबायोटिक गोली की प्रयोगशाला में जांच हुई तो पाया कि शुद्धतः खड़िया मिट्टी थी। इन सब विषयों पर जो जीवन पर प्रतिकूल असर डालकर जीवन को छोटा और बीमार कर रहे हैं, भारत कुछ न सोचता है न बोलता है। लड्डू में मिलावट भी बुरी और ख़तरनाक है लेकिन सिर्फ़ मंदिर की नहीं हर दुकान पर हो रही भी। जो समाज हर दुकान की मिठाई शुद्ध नहीं बनवा सकेगा वो मंदिर की क्या ख़ाक ठीक करेगा? चार महीने बाद हल्ला कम होने पर वही चर्बी वाले तेल में देसी घी का फ्लवेर और पीला रंग तुम्हें फिर से देसी घी लगने लगेगा।

उपभोक्ता आंदोलन किसने ख़त्म किया? फ़ैक्ट्री मालिकों, मज़दूर व उपभोक्ता यूनियनों संस्थाओं के भ्रष्ट नेताओं, ब्लैकमेल करने वाले वकीलों और सो रहे लेकिन लगातार लुट रहे उपभोक्ताओं ने। सरकारों पार्टियों के मजे , खूब चंदा उड़ाओ; सबसे अपार पैसे खाओ। असल में भारत सदियों से अभिशप्त है कि यहां की जनता अपने मुद्दों की मालिक खुद कभी नहीं बनना चाहती, इसे हर बात के लिए अवतार चाहिए। आख्यानों कथाओं के लिए तो ठीक है पर असल ज़िंदगी में जो भी अवतार बनने की प्रक्रिया से गुज़रते हैं वे किन महाशक्तियों ने गढ़े हैं यह देखना जानना भी नहीं है।

**- फेसबुक वॉल से**

# दिशाओं की बातें



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर।

सुबह जब मैं अपने घर के बगीचे में टहल रहा था तो मैंने सूर्य को उदय होते हुए देखा। मैंने सूर्य के उदय होने की दिशा देखी। मैंने गौर किया कि मेरे घर की दिशा के सापेक्ष जून में सूर्य मुझे अभी की अपेक्षा उत्तर की ओर से उदित होता हुआ दिखाई पड़ता था और जाड़ों में दक्षिण की ओर से। मुझे याद आया कि अभी कुछ दिन पहले-22 सितंबर को-उत्तरी गोलार्ध का ऑटम इक्विनॉक्स होकर चुका है। इसका अर्थ हुआ कि इस समय सूर्य भूमध्य रेखा के ऊपर है। जब उत्तरी गोलार्ध में गर्मियां पड़ती हैं तब वह 23.5 डिग्री उत्तर-कर्क रेखा-के ऊपर और यहां जाड़े पड़ने पर 23.5 डिग्री दक्षिण में मकर रेखा के ऊपर होता है।

यह देख कर मेरे मन में विचार आया कि पूर्व दिशा क्या है। हम लोग बचपन में पढ़ते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदित होता है, वह पूर्व दिशा होती है। इसकी ओर मुंह करके खड़े होने पर हमारी पीठ पीछे पश्चिम दिशा, बाएं हाथ की ओर उत्तर दिशा और दाएं हाथ की ओर दक्षिण दिशा होती है। लेकिन सूर्य तो किसी एक निश्चित दिशा से उदित नहीं होता है। यह आभासी रूप से 23.5 डिग्री उत्तर अक्षांश से 23.5 डिग्री दक्षिण अक्षांश के बीच घूमता हुआ दिखाई पड़ता है। तब हम पूर्व दिशा किसे मानेंगे ?

यह कहना गलत है कि पृथ्वी के केंद्र से सूर्य के केंद्र की ओर जाने वाली दिशा पूर्व दिशा होती है। सूर्य के चारों ओर पृथ्वी द्वारा अपनी यात्रा के पथ में हर बिंदु पर यह दिशा बदलती रहती है। वास्तव में कोई भी 'कार्डिनल' दिशा पृथ्वी की सतह के सापेक्ष देखी जाती है। पृथ्वी की सतह के किसी स्थान से हमें सूर्य जिस ओर दिखाई पड़ता है, आम तौर पर उसे पूर्व दिशा कह दिया जाता है। किन्तु क्या यह एक सही परिभाषा है?

यह कहना भी गलत है कि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी किसी भी ओर से घूमे, हम उसे पश्चिम से पूर्व या पूर्व से पश्चिम कह सकते हैं। कहने का सही तरीका यह है कि यदि हम पृथ्वी को उसके उत्तरी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे की ओर देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों के चलने की विपरीत दिशा में चलती हुई-या घूमती हुई- दिखाई पड़ेगी। या इसे हम ऐसे कह सकते हैं कि हम पृथ्वी को दक्षिणी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों की दिशा में चलती हुई दिखाई पड़ेगी। पृथ्वी की सतह पर दिशाएं उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव से भी तय की जा सकती हैं। लेकिन यहां पर चुंबकीय ध्रुवों और भौगोलिक ध्रुवों का अंतर भी सामने आता है। कहीं पर चुंबकीय ध्रुवों को देखा जाता है और कहीं पर भौगोलिक ध्रुवों को। इसके विभिन्न कारण होते हैं।

अंतरिक्ष में वैसे तो कोई दिशा नहीं होती है-या कहना चाहिए कि पृथ्वी की सतह के सापेक्ष वाली कोई दिशा नहीं होती है - लेकिन फिर वहां दिशाएं होती भी हैं। वह दिशाएं अनेक प्रकार से देखी जाती हैं, उदाहरण के लिए गैलेक्टिक एक्सिस से, हमारी गैलेक्सी या गैलेक्सी के बाहर की विभिन्न सेलेस्टियल बॉडीज के कोऑर्डिनेट्स से, पृथ्वी के पोल्स के एक्सटेंशन से, उसकी भूमध्य रेखा के एक्सटेंशन से, 'राइट एसेंशन' और 'राइट डेक्लीनेशन' से और अनेक अन्य प्रकार से। और अंतरिक्ष में 'ऊपर' और 'नीचे' भी नहीं होता है। और पृथ्वी की सतह के हर स्थान पर ऊपर और नीचे की दिशा एक-दूसरे के सापेक्ष भिन्न-भिन्न होती है।

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर। पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुव समय के साथ-साथ अपना स्थान थोड़ा-थोड़ा बदलते भी रहते हैं। बल्कि पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुवों ने तो पृथ्वी के इतिहास में अनेक बार एक-दूसरे के साथ भी स्थान बदला है। जहां इस समय उत्तरी ध्रुव है, कभी वहां दक्षिणी ध्रुव था, और जहां दक्षिणी ध्रुव है, वहां उत्तरी ध्रुव। ऐसा उसके अंदर के लोहे के क्रोड की स्थिति में परिवर्तन के कारण होता है। पृथ्वी के भौगोलिक ध्रुव भी अंतरिक्ष के तारों के सापेक्ष एक लट्टू के समान चक्कर लगाते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि पूर्व और पश्चिम दिशा एक निश्चित दिशा नहीं है। हम यह मोटे तौर पर कहते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदय होता है, वह पूर्व दिशा होती है। तो, दिशाओं का संसार बहुत रोचक है। 'दिशाओं' से मुझे 'दिग्गजों' की याद आ रही है। दिग्गज - अर्थात् दिक् + गज - अर्थात् दिशाओं के हाथी। कभी यह माना जाता था कि चार दिशाओं में चार बड़े-बड़े हाथी होते हैं जो पृथ्वी को अपनी पीठ पर धारण किए रहते हैं। कैसी-कैसी धारणाएं थीं! लेकिन क्या अभी भी हम लोग अपनी धारणाओं में बहुत सुसंगत हो पाए हैं? क्या अभी भी हम अनेक अतार्किक धारणाएं नहीं पाले बैठे हैं? क्या अभी भी हमारे समाज की एक वैज्ञानिक मानसिकता बन पाई है?

# प्रसाद में मिलावट आस्था से खिलवाड़



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डुओं में बीफ, फिश ऑयल और जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल का खुलासा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू के एक दावे से बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। प्रयोगशाला रिपोर्ट में नमूने लेने की तारीख 9 जुलाई, 2024 थी और प्रयोगशाला रिपोर्ट 16 जुलाई की थी। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या घी का टेंडर ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को दिया गया। यह अनदेखी या जानबूझकर छूट का मामला है। टेंडर की शर्तों का उल्लंघन किया गया और घी को जांच के लिए नहीं भेजा गया। टेंडर के क्लॉज 80 के अनुसार आपूर्ति की गई घी की प्रत्येक खेप के लिए एनएबीएल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना जरूरी है।

इसके अलवा टेंडर क्लॉज 81 के अनुसार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी के नमूनों को लैब परीक्षण के लिए भेजना अनिवार्य है। सवाल उठ रहे हैं कि अगस्त 2023 और जुलाई 2024 के बीच ब्लैक लिस्टेड कंपनी के पहले के नमूनों में ये मिलावट कैसे नहीं पकड़ी गई? क्या टीटीडी ने एनएबीएल/लैब परीक्षण के लिए नमूने नहीं भेजे? क्या ब्लैक लिस्टेड कंपनी ने उस बैच का एनएबीएल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया जिसमें मिलावट पाई गई थी? भारत के कई राज्यों में एक लाख से अधिक मंदिरों (तिरुपति सहित) के प्रबंधन पर संबंधित सरकारों का नियंत्रण है। तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम ट्रस्ट के अंतर्गत श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का संचालन होता है, जो दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट भी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल, 2024 तक तिरुपति ट्रस्ट के बैंक खाते में 18,817 करोड़ रुपये की राशि थी। मंदिर प्रबंधन को करीब 500 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। ट्रस्ट के पास कुल 11,329 किलो सोना है, जिसकी कीमत करीब 8,496 करोड़ रुपये है।

श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) का विश्वप्रसिद्ध प्रसाद (लड्डू) तैयार किया जा रहा था, वह न केवल मिलावटी है, बल्कि उसमें 'फीश ऑयल', 'बीफ-टैलो' और 'लार्ड' (सुअर की चर्बी) जैसे तत्व भी पाए गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करता है। आंध्र के सीएम ने विधायक दल की मीटिंग में दावा किया कि तिरुमाला लड्डू घटिया सामग्री से बनाया गया। तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर मिलने वाले लड्डुओं में इनकी मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस तरह के कृत्य से इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपति मंदिर में प्रतिदिन औसतन 87 हजार भक्त दर्शन हेतु आते है। उन्हें प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में प्रतिमाह 42 हजार किलो घी, 22,500 किलो काजू, 15 हजार किलो किशमिश और 6 हजार किलो इलायची लगता है। यक्ष प्रश्न यही है कि आखिर इनकी शुद्धता और गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन आधुनिक प्रयोगशाला में क्यों नहीं कराई जाती? हैरानी है कि प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलने के खुलासे के बाद भी इस संबंध में कोई बात नहीं हो रही है।

**ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का रास्ता खुलेगा**

राज्य सरकार ने खरीदारों और विक्रेताओं के बीच निर्बाध संबंध सुनिश्चित किए हैं। इन व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के लिए निरंतर ध्यान और प्रचार की आवश्यकता है, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के विजन के अनुरूप है।
**राकेश सचान, एमएसएमई मंत्री**





**व्यापारिक संभावनाएं बढ़ाएगा ट्रेड शो**

ट्रेड शो राज्य के व्यापारिक संभावनाओं को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब तक की जबरदस्त प्रतिक्रिया के साथ यह ट्रेड शो एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में उभर रहा है, जो उत्तर प्रदेश को एक सांस्कृतिक और आर्थिक शक्ति के रूप में प्रदर्शित कर रहा है। **–आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग और हथकरघा**

**40** हजार से अधिक लोग पहुंचे उत्तर प्रदेश के उत्पादों को देखने

# जल्द तैयार होगा सेमीकंडक्टर व सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी का हब

धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा

**03** प्रोजेक्ट पूरे करने पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने किया फोकस

**16** स्टाल लगाए यीडा ने हॉल नंबर 3 में

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से राज्य सरकार न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि यहां के उत्पादों, योजनाओं और गतिविधियों को भी ग्लोबल पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। इस कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने हॉल नंबर 3 में 1644 स्क्वायर मीटर जगह में फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के प्रोजेक्ट पर फोकस करते 16 स्टाल लगाए हैं।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीनें भी आरक्षित कर दी गई हैं। हाल में हुए सेमीकॉन समिट में निवेशकों ने रुचि दिखाई।इसमें अमेरिका की तीन कंपनियां भी हैं। तीनों प्रस्ताव भारत सरकार में कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्तावित हैं। मंजूरी मिलते ही सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीन दी जाएगी। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) के लिए इंफोसिस, विप्रो, टाटा जैसी बड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। हमने आईटी और आईटीईएस सॉल्यूशंस के लिए अलग से जमीन निर्धारित की है। इसकी स्कीम यीडा की बोर्ड मीटिंग के बाद निकाली जाएगी। फिनटेक पार्क के लिए हैवल्स, एंकर जैसी कंपनियां सामने आ रही हैं। उम्मीद है कि इसकी स्कीम भी अगले 10 से 15 दिनों में लांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन तीन बड़े स्टॉल्स के अलावा पूर्वांचल रियल स्टेट, आगरा की शू एक्सपोर्ट कंपनी आरटेक वान, न्यू जेन, फिल्म सिटी, पतंजलि, नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट, वीवो, सूर्या फूड और सिफी टेक्नोलॉजी जैसी कंपनियों के भी स्टॉल लगाए गए हैं। ये सभी कंपनी यीडा क्षेत्र में या तो कार्य कर रही हैं या फिर करने जा रही हैं।


योजनाओं के बारे में बताते यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह।

- सेमीकंडक्टर पार्क की तैयारियां पूरी, सरकार की मंजूरी मिलते ही भूमि आवंटन संभव
- सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में विप्रो, टाटा, इंफोसिस कंपनी ने दिखाई रुचि
- फिनटेक सिटी में हैवल्स और एंकर जैसी यूनिट्स की हो रही स्थापना


ग्रेटर नोएडा में लगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्पादों को देखते बाहरी प्रदेशों से आए लोग।

## उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में बताया

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** ट्रेड शो के दूसरे दिन हॉल नंबर-2 में तीन ज्ञान सत्र आयोजित किए गए। इसमें उद्यमी, उभरते उद्योग, नवउद्यम और नए व्यापार शुरू करने के इच्छुक लोग शामिल हुए। अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा इनोवेशन और स्टार्ट-अप सत्र आयोजित किया गया। छात्रों को एकेटीयू की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में जानकारी दी गई। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने अकादमिक उत्कृष्टता से उद्यमिता तक की यात्रा पर एक प्रस्तुति दी गई। इनोवेशन हब के प्रमुख माहीप सिंह और इनोवेशन हब की प्रबंधक वंदना शर्मा ने बताया कि कैसे इनोवेशन हब उत्तर प्रदेश में उद्यमियों और नवउद्यमों को सशक्त बना रहा है और स्थानीय नवउद्यमों के लिए फंडिंग का मार्ग खोल रहा है। साथ ही एक अन्य सत्र में युवाओं के कौशल विकास के लिए चर्चा की गई। इस सत्र की अध्यक्षता जीबीयू के कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा ने की।

# अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलने से गदगद हैं युवा उद्यमी

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**400** निर्यातकों ने लगाए हैं स्टाल

**277** नये निर्यातकों ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार :** युवा उद्यमियों के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो वरदान साबित हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मंच मिलने से वे उत्साहित हैं। उनका कहना है कि भारत के बाहर से आने वाले बॉयर्स से काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। यह उनके कारोबार को बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। शो के एक्सपोर्ट पवेलियन में आए लगभग 400 निर्यातकों में 277 नये हैं। इनमें से अधिकतर ने 2-3 साल पहले ही कारोबार शुरू किया है।

### सीए की नौकरी छोड़ शुरू किया स्टॉर्टअप : दिलीप


दिलीप चौहान

सिद्धार्थनगर के युवा कारोबारी दिव्यम आहार के फाउंडर दिलीप चौहान ने सीए की अच्छी खासी नौकरी छोड़कर दिव्यम आहार नाम से अपना स्टॉर्टअप शुरू किया है। इनके 'काला नामक' चावल को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। उन्होंने कहा, सरकार जिस तरह स्टॉर्टअप को बढ़ावा दे रही है, वह हम जैसे युवाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

### विदेश के बॉयर्स आने से उत्साहित : गार्गी गौर

चीनी मिट्टी इंडिया की फाउंडर मथुरा निवासी गार्गी गौर को दूसरी बार इस ट्रेड फेयर में शामिल होने का मौका मिला है। पिछली बार भी बहुत अवसर मिला था।हमारे पास बहुत सारी एजेंसी के लोग आए थे। इस बार भी बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि इंडिया के अलावा बाहर के देशों से भी लोग आ रहे हैं। यह ट्रेड फेयर हमारे लिए बड़ा अवसर साबित हो रहा है।


गार्गी गौर

### जर्मनी- ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में निर्यात : सहर्ष


सहर्ष

टेराकोटा उत्पाद का कारोबार करने वाले गोरखपुर के युवा एन्टरप्रिन्योर सहर्ष ने कहा कि बी-टू-बी सेशन के माध्यम से उन्हें काफी रिस्पांस मिला है। इसमें बहुत सारे एक्सपोर्टर्स से कनेक्ट होने का मौका भी मिला। हाल में ही जर्मनी, नेपाल और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी एक्सपोर्ट करने का अवसर मिला है। ऐसी प्रदर्शनी से हमें एक्सपोजर मिलता है।

### प्रदर्शनी से मिल रहा है अच्छा रिस्पांस : कीर्ति

हाथ से भगवानों की पोशाक बनाने का व्यवसाय करने वाली वृंदावन, मथुरा निवासी कीर्ति ने कहा कि हमने पिछले साल भी यहां स्टॉल लगाया था, तब भी बहुत अच्छा रिस्पांस मिला था। इस बार दिल्ली-एनसीआर के साथ ही हरियाणा, पंजाब के साथ ही आसपास के क्षेत्रों से लोग आ रहे हैं। यह प्रदेश सरकार का बड़ा सहयोग है कि बड़ा एक्सपोजर मिल रहा है।


कीर्ति

# सरकार ने दिया प्लेटफार्म तो संवर गई ओडीओपी उद्यमियों की जिंदगी

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** छोटे-छोटे कस्बों और बाजारों से आए उद्यमियों की आखों में वर्ष 2017 से पहले तरक्की के सपने थे। उद्यम को बुलंदी तक पहुंचाने का जज्बा भी था, मगर उनकी मेहनत सरकारी उदासीनता के आगे पस्त थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने उद्यमियों की भी सुध ली। नतीजा यह निकला कि एक समय हताश, निराश हो चुके उद्यमी आज कारोबारी सफलता की नई गाथा लिख रहे हैं। ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो ऐसे ही ओडीओपी उद्यमियों की सफलता की कहानियां सुना रहा है। पेश है कुछ उद्यमियों की कहानी....

**2017** से पहले की सरकार ने नहीं ली जिला स्तर के उद्यमियों की सुध

### पुश्तैनी कारोबार छोड़ मुंबई में बेचनी पड़ी भेलपूरी

सोहित कुमार प्रजापति कहते हैं कि काली मिट्टी से बर्तन (ब्लैक पॉटरी) बनाने का उनका पुश्तैनी काम है। सरकारी सहायता नहीं मिलने के कारण एक समय ऐसी स्थिति भी आई कि सोहित को मजबूरन अपना पुश्तैनी काम छोड़ मुंबई जाकर भेलपूरी तक बेचना पड़ा। कोरोना काल में घर लौटे सोहित को हर तरफ अंधेरा नजर आ रहा था। बकौल सोहन, योगी सरकार ने एक जिला एक उत्पाद के तहत ब्लैक पॉटरी को शामिल किया तो सरकारी मदद से इस कारोबार की रौनक लौट आई। यूपी सरकार ने सोहित को स्विटजरलैंड भी भेजा।


सोहित कुमार

### 20 दिव्यांग बच्चों को सरकार ने भेजा सिंगापुर

दिव्यांग डेवलपमेंट सोसायटी मूकबधिर बच्चों की संस्था है। मनप्रीत कौर बताती हैं कि दिव्यांग बच्चे कैंडल समेत अन्य उत्पाद बनाते हैं। पहली बार ये बच्चे ट्रेड शो में भाग ले रहे हैं। बकौल मनप्रीत योगी सरकार ने इन बच्चों के हौसलों को नई उड़ान दी है। 2018 में रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2018 में ही संस्था के 20 दिव्यांग बच्चों को यूपी सरकार ने प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर भेजा। भावुक मनप्रीत कहतीं हैं कि इन बच्चों ने कभी ट्रेन में भी सफर नहीं किया था, लेकिन योगी आदित्यनाथ ने इन्हें हवाई जहाज का सफर कराया।


मनप्रीत कौर

### मोटे अनाज को भी सरकार ने किया प्रोत्साहित

मिलेट्स से बनी कुकीज का स्टॉल लगाने वाले बांदा जिले के कमल आहूजा बताते हैं कि योगी सरकार लगातार उद्यम को प्रोत्साहित कर रही है। गत वर्ष केंद्र की मोदी सरकार और सूबे की योगी सरकार ने मोटे अनाज को लगातार प्रोत्साहित किया। कमल स्थानीय किसानों से ज्वार, बाजरा खरीदकर बिना चीनी की कुकीज बनाते हैं। योगी सरकार से मिले लोन से कमल ने पैकेजिंग मशीनें खरीदी। आज इनके बनाए उत्पाद दुबई, नेपाल, भूटान भी भेजे जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ और मुख्यमंत्री योगी पहले दिन इनके स्टॉल पर भी आए थे।


कमल आहूजा

### मृतप्राय उद्यम में योगी सरकार ने फूंकी जान

यूपी का बांदा जिला शजर पत्थरों से बने आभूषणों के लिए जाना जाता है। शजर पत्थरों के कारोबार से जुड़े द्वारिका प्रसाद शर्मा कहते हैं कि एक समय पूरे बांदा में 80 फैक्ट्रियां थी। फिर एक समय तो ऐसा भी आया कि बांदा में केवल 3 कारखाने बचे। 2017 में योगी सरकार ने इस मृतप्राय उद्यम में जान फूंकी। ओडीओपी में लोन दिया और सब्सिडी भी। प्रदर्शनियों में स्टॉल मुहैया कराया। यही नहीं जी-7 अतिथियों को प्रधानमंत्री मोदी ने जो गिफ्ट दिए थे उसमें शजर भी शामिल था। आज इस कारोबार में 50 से 60 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है।


द्वारिका प्रसाद

### मुश्किल वक्त में सरकार ने थामा हाथ

ओडीओपी पवेलियन में ग्लॉस हैंडीक्रॉफ्ट के स्टॉल संचालक प्रतीश कुमार कहते हैं कि वो 1990 से इस कारोबार से जुड़े हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि पहले लोग इसे जानते तक नहीं थे। योगी सरकार ने एक जिला एक उत्पाद के तहत इस उद्यम को प्रमोट किया तो लोगों में कौतूहल बढ़ा। लोग घरों के सजावट में उत्पादों का प्रयोग करने लगे। बकौल प्रतीश योगी सरकार से उन्हें 5 लाख रुपये का लोन मिला था। लोन से उन्होंने ना केवल संयत्र खरीदने बल्कि कारोबार के विस्तार में भी मदद मिली। यूपी सरकार का ट्रेड शो कई लिहाज से मददगार है।


प्रतीश कुमार

### सरकारी मदद मिली तो शौक बना कारोबार

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शिप्रा शर्मा का स्टॉल दर्शकों के कौतुहल का केंद्र बना हुआ है। बेकार बोतलों पर मधुबनी, लिप्पन और मंडाला आर्ट का ऐसा फ्यूजन प्रयोग किया है कि दर्शक वाह-वाह कर रहे हैं। बकौल शिप्रा इससे पर्यावरण संरक्षण भी हो रहा है। 7 साल पहले लिप्पन आर्ट को शौकिया अपनाने वाली शिप्रा ने यूपी सरकार से मिल रही मदद से अपने कारोबार को ना केवल आगे बढ़ाया बल्कि ट्रेड शो में भी दस्तक दीं। वह कहतीं हैं कि महिला उद्यमियों को यूपी सरकार प्रोत्साहित कर रही है। इससे उनके उद्यम में बढ़ोत्तरी की राहें खुलेंगी।


शिप्रा शर्मा

**शासन-सत्ता**

# पुलिस के हाथ लगीं जाली नोट के धंधेबाजों के साथ कांग्रेस नेता की तस्वीरें, होगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- औरंगजेब का नेपाल कनेक्शन मिलने पर सक्रिय हुई एनआईए

**अमृत विचार:** कुशीनगर में जाली नोट के धंधेबाजों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को कठघरे में खड़ा करने वाले कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू स्वयं जांच के दायरे में आ गए। गैंगरेप के आरोपी मीर औरंगजेब और रफी खान उर्फ बबलू के साथ कांग्रेस नेता लल्लू के कई तस्वीरें पुलिस के हाथ लगी हैं। पुलिस तस्वीरों के आधार पर ही अजय कुमार लल्लू से पूछताछ करेगी। उधर, जाली नोटों के पाए जाने की सूचना पर एनआईए भी सक्रिय हो गई है। दरअसल एनआईए को यह जानकारी मिली है कि आरोपी औरंगजेब का लगातार नेपाल आना-जाना रहता है। एनआईए उसके नेपाल कनेक्शन का पता लगाने के लिए सक्रिय हुई है।

बतादें कि कुशीनगर पुलिस ने तमकुहीराज से सपा नेता रफी खान समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक ये सभी जाली नोट, मसाला तस्करी और पशु तस्करी से जुड़े रहे हैं। राजनीतिक दलों से जुड़े इन आरोपियों के पकड़े जाने का मामला पूरे सूब में सुर्खियों में है। आरोपियों का पक्ष लेते हुए कुछ नेता न्यायिक जांच की मांग कर चुके हैं। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू ने भी एक्स और फेसबुक पर पोस्ट की। एक पोस्ट में उन्होंने पुलिस को राबिनहुड बताते हुए सवाल खड़े किए तो दूसरी पोस्ट में आरोपियों के पैर में लगी चोट का जिक्र करते हुए दो वीडियो भी साझा किए और डीजीपी से सवाल किया है। उधर, एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि अजय लल्लू की भूमिका संदिग्ध लग रही है। उनके खिलाफ जांच शुरू करा दी गई है। जेल भेजे गए आरोपियों के साथ उनका फोटो मिला है और उनको बचाने के लिए वे प्रयास कर रहे हैं।

# प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल पूर्व प्रधानाचार्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रयागराज स्थित विशप जानसन इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य रही हैं पारुल सोलोमन

**अमृत विचार:** वर्ष 2023 में हुई आरओ-एआरओ परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में पुलिस ने प्रयागराज के विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी इसी कॉलेज से 04 अप्रैल को गिरफ्तार एक आरोपी की शिनाख्त के बाद की है। एसटीएफ ने पूर्व प्रधानाचार्य से पूछताछ शुरू कर दी है।

विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अर्पित विनीत यशवंत नामक व्यक्ति इसी कॉलेज में कार्मिक था, जिसको प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में 04 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान जब उससे पूछताछ शुरू की गई तब पता चला कि उसकी नियोक्ता एवं तत्कालीन प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन के इशारे पर वह प्रश्नपत्र लीक कराने में मदद कर रहा था।

**ग्रामीण पर्यटन विकास नीति** | देवीपाटन, चित्रकूट, अयोध्या, लखनऊ व वाराणसी मंडल पर फोकस

# 5 मंडलों के 93 गांवों में पर्यटन स्थल तलाश रही योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार देशी-विदेशी सैलानियों के लिए उप्र. के गांवों में पर्यटन स्थलों की तलाश कर रही है। इसी कवायद के तहत ग्रामीण पर्यटन विकास नीति तैयार हो रही है जो ग्रामीण पर्यटन के कायाकल्प का आधार बनेगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिवेश को भी अब पर्यटकों के बीच लोकप्रिय करने का रास्ता साफ होगा।

इस प्रक्रिया के अंतर्गत देवीपाटन मंडल, चित्रकूट मंडल, अयोध्या मंडल, लखनऊ और वाराणसी मंडल के 93 गांवों में पर्यटन को समृद्ध करने पर फोकस किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार, राज्य में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उप्र. पर्यटन विभाग ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिस पर कार्य भी शुरू हो गया है। साथ ही, ग्रामीण, वन समेत पर्यटन के लिहाज से प्रमुख टूरिस्ट सर्किट में टूर गाइड्स व ऑपरेटर्स की ट्रेनिंग प्रक्रिया को भी बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में विस्तृत फ्रेमवर्क पर काम जारी है। इस क्रम में, लखनऊ के मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट के कायाकल्प की भी तैयारी है।

### लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली व उन्नाव में 12 गांवों का चयन

अयोध्या मंडल में कुल 19 गांवों का चयन ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हुआ है। इनमें फिलहाल अंबेडकर नगर चुइंटियापारा, दर्वान तथा अयोध्या के अबनपुर सरोहा, अमौनी, सेवाधाट, रामपुरवा व गौराघाट को ग्रामीण पर्यटन के लिए होम स्टे विकास के तौर पर चिह्नित हुआ है। वहीं, सुल्तानपुर, बाराबंकी व अमेठी में 12 गांवों के चिह्नांकन की प्रक्रिया जारी है। इसी प्रकार वाराणसी मंडल में वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर व चंदौली में 10 गांवों को रूरल टूरिज्म के लिए होम स्टे प्रक्रिया से विकसित किया जाएगा। लखनऊ मंडल में कुल 23 ग्रामों में होम स्टे व पर्यटन विकास किया जाएगा, जिसमें सीतापुर के कोरौना, रामकोट, सरायसानी, बीहट बीरम, उरदौली व ठाकुर नगर प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली व उन्नाव में अन्य 17 गांवों का चिह्नांकन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त देवीपाटन मंडल में कुल 17 गांवों का विकास ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। इसमें, बहराइच, बलरामपुर, गोण्डा व श्रावस्ती के गांवों को चिह्नित कर विकसित किया जाएगा। वहीं, चित्रकूट मंडल में बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर व महोबा के 24 गांवों को चिह्नित कर होम स्टे प्रक्रिया व ग्रामीण पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जाएगा।

### एमकेआईटीएम का होगा कायाकल्प

गोमतीनगर में विकल्प खंड स्थित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) के कायाकल्प कराने पर भी राज्य सरकार का फोकस है। पर्यटन विभाग द्वारा एमकेआईटीएम में लैंडस्केप रेनोवेशन के कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अंतर्गत, सॉफ्ट स्केपिंग, प्लांटेशन, हॉर्टीकल्चर समेत हार्ड स्केपिंग प्रक्रिया (जिसमें म्यूरल फॉर्मेशन, फाउंटेन, पाथवे, सीटिंग, बैरीकेडिंग, शेड, वॉल पेंटिंग), इलेक्ट्रिकल व प्लंबिग वर्क्स समेत विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां किचन लैब को भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा।

## दो कैदियों की रिहाई एक की निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल ने हत्या दोषसिद्ध होने के बाद उम्रकैद की सजा पाए दो कैदियों को समयपूर्व रिहाई की अनुमति दे दी है, जबकि एक कैदी का आचरण संतोषजनक न पाए जाने पर रिहाई निरस्त कर दी है।

बरेली कारागार में निरुद्ध सीतापुर का निवासी गुड्डू पुत्र रहीम को 2005 में मृत्युदंड की सजा मिली थी। इसी तरह फतेहपुर जेल में बंद अनुज कुमार गुप्ता ने अपनी पत्नी को जलाकर हत्या कर दी थी। 1994 में अनुज को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। राज्यपाल ने इनकी समयपूर्व रिहाई की अनुमति दे दी है। उधर, वाराणसी जेल में बंद बलिया के सुशील ने किशोरी की रेप कर हत्या कर दी थी। उसे रिहाई नहीं दी गई।

**सार-संक्षेप**

### दवाओं की गुणवत्ता रिपोर्ट लोगों का भरोसा तोड़ने वाली है : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने देश में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर आ चुकी रिपोर्ट को लेकर केन्द्र व राज्य सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता को लेकर आने वाली रिपोर्ट लोगों का भरोसा तोड़ने वाली है। भाजपा सरकार में दवाएं लगातार महंगी हो रही है लेकिन उनकी गुणवत्ता बेहद घटिया है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, जब तक भाजपा दवा कंपनियों से चंदा बटोरती रहेगी, तब तक कम गुणवत्ता वाली दवाओं का धंधा जारी रहेगा। साथ ही कहा कि जो रिपोर्ट आयी है उस पर कोई कार्रवाई होती है या चंदे का रेट बढ़ाकर मामला रफादफा कर दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि यह कौन लोग है जो आम जनता, गरीबों के जीवन के साथ खेल कर रहे हैं। भ्रष्ट भाजपा सरकार को जवाब देना चाहिए कि क्वालिटी टेस्ट में फेल हो रहीं दवाओं को खाकर मरीज कैसे ठीक होंगे।


अखिलेश यादव

### मिलावट की रोकथाम के लिए कार्रवाई कम, चुनावी राजनीति ज्यादा : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा पर कार्रवाई कम और चुनावी राजनीति ज्यादा हो रही है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि राज्य सरकार की ओर से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों आदि में संचालक, प्रबंधक के नाम पता के साथ ही सीसीटीवी लगाने की घोषणा कांवड़ यात्रा के दौरान भी हुआ था। उन्होंने कहा कि खाद्य मिलावट की रोकथाम के लिए पहले भी सख्त कानून उपलब्ध हैं, पर सरकारी लापरवाही व मिलीभगत से मिलावट का बाजार हर तरफ गर्म है। उन्होंने कहा कि तिरुपति मंदिर में प्रसादम के लड्डू में मिलावट ने देश भर के लोगों को दुखी कर रखा है। इस घृणित खिलवाड़ का असली दोषी कौन है, इस पर चिंतन जरूरी है। झारखंड में गरीब व्यक्ति की पुलिस हिरासत में कथित तौर पर हुई मौत की जांच कराकर दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाए।


मायावती

### बाल सेवा योजना पर खर्च होंगे 86 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के लिए 86 करोड़ 24 लाख 42 हजार रुपए की स्वीकृति दे दी है। इस सिलसिले में शासन की ओर से आदेश जारी किया गया है। राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन योजनाओं के लिए 180,000 लाख रुपए के सापेक्ष द्वितीय किस्त के रूप में प्रस्तावित धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि निदेशक महिला कल्याण के निवर्तन पर रखी गई है।

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा बाबा गंगादास धाम

नीरज श्रीवास्तव, रायबरेली

विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष

▸▸ दिवंगत विधायक दल बहादुर कोरी के प्रयासों से किया गया था पर्यटन स्थल घोषित

**अमृत विचार:** डीह विकास खंड के ग्राम शेरनाथपुर मजरे गोपालपुर में आम जनमानस की श्रद्धा व आस्था का प्रतीक बाबा गंगादास धाम पर्यटन स्थल के रूप में धीरे-धीरे विकसित हो रहा है। वैसे तो पर्यटन विभाग द्वारा 44.71 लाख की लागत से स्थल का सौंदर्यीकरण कराया गया है लेकिन अभी भी धाम में रास्ता, चहारदीवारी, स्वागत द्वार सहित कई कार्य कराए जाने की आवश्यकता है।

परशदेपुर से रायबरेली जाने वाले मार्ग पर दो किमी. बाद बांई तरफ शेरनाथपुर गांव जाने का रास्ता है। करीब डेढ़ किमी जाने के बाद गांव में बाबा गंगादास की प्राचीन कुटी है, जो क्षेत्र के लोगों की श्रद्धा व आस्था का प्रतीक है। इस स्थान कर अक्सर लोग भंडारा करवाते रहते हैं जिसमें काफी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

दिवंगत भाजपा विधायक दल बहादुर कोरी के प्रयासों से उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे पर्यटन स्थल घोषित कर 44.71 लाख रुपए जारी किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 मार्च 2021 को लखनऊ से स्थल के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास कार्यों का शिलान्यास किया था। हालांकि उसके बाद दल बहादुर कोरी के निधन हो जाने से उनके पुत्र विधायक अशोक कुमार ने सौंदर्यीकरण के कार्यों का शुभारंभ किया था। पर्यटन विभाग द्वारा सामने चाहरदीवारी का निर्माण कराकर, गेट लगवाया गया है। समाधि स्थल पर टाइल्स लगवाकर सौंदर्यीकरण भी कराया गया। शौचालय भी बनवाया गया है। सौंदर्यीकरण के कार्यों का लोकार्पण सलोन विधायक अशोक कुमार द्वारा 16 फरवरी 2023 को किया गया। विधायक अशोक कुमार द्वारा हाइमास्क लाइट भी लगवाई गई है। दल बहादुर कोरी के प्रयासों से स्थल में हुए सौंदर्यीकरण से लोग खुश है लेकिन अभी भी कई कार्यों की आवश्यकता बताते हैं। लोगों का कहना है कि मुख्य गेट से अंदर तक आने का मार्ग अभी भी खराब है। चाहरदीवारी भी सामने बनी है, अगर पूरे परिसर में बन जाए तो आवारा जानवरों का प्रवेश रूक जाएगा। बुजुर्गो के टहलने के पथ की भी आवश्यकता है।



बाबा गंगादास की समाधि।



सीएम योगी द्वारा शिलान्यास व विधायक द्वारा लोकार्पण का शिलापट।

**दर्शन करने वालों की होती है मनोकामनाएं पूरी :** धाम के बाबा सेवादास बताते हैं कि बाबा गंगादास काफी सिद्ध व इच्छित पुरुष थे। करीब 80-90 वर्ष पूर्व करीब एक महीने पहले ही उन्होने स्वतः घोषणा कर समाधि ली थी। उनके चमत्कार की अनेकों कहानियां प्रचलित हैं। यहां पर सच्चे मन से आने वाले लोगों की मनोकामनाएं जरूर पूरी होती हैं। यहां पर चोरी करने की अराजक तत्वों की हिम्मत नहीं पड़ती।

**सामूहिक सहयोग से हुआ सौंदर्यीकरण :** धाम का सौंदर्यीकरण कराने में क्षेत्रीय लोगों का काफी योगदान है। गांव के लोग बताते हैं कि स्वर्गीय दल बहादुर कोरी के प्रयासों से स्थल का काफी विकास हुआ है। वहीं ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह का कहना है कि धाम में ग्राम सभा से खड़ंजा मार्ग लगवाया गया था। जल्द ही बाहर लोहे का गेट भी लगवाया जायेगा।

**बाबा सतगुरु शरण की भी है समाधि:** बाबा गंगादास के शिष्य रहे बाबा सत गुरु शरण का 14 जनवरी 2021 को निधन हो गया था। बाबा गंगादास की समाधि के बगल ही उनकी भी समाधि बनवाई गई है। वहां पर भी लोग माथा टेकते हैं।



"जल्द ही लगेगा भव्य स्वागत द्वार पिता जी के प्रयासों से बाबा गंगा दास धाम को पर्यटन स्थल घोषित कर सौंदर्यीकरण कराया गया है। कच्चे रास्ते पर जल्द ही इंटरलॉकिंग लगवाई जायेगी। परशदेपुर- रायबरेली मार्ग पर धाम जाने वाले रास्ते पर स्वागत द्वार जल्द ही लगवाया जायेगा। धाम के विकास कार्यों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी।"

-अशोक कुमार, विधायक सलोन

## अनामिका करण को मिला पहला स्थान

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली चिकित्सालय में रेल कोच महा प्रबंधक पीके मिश्रा की प्रेरणा से स्वच्छ एवं स्वस्थ पाक कला पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और पाक कला में स्वच्छता के महत्व को समझाना था। प्रतियोगिता का उद्घाटन महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा द्वारा किया गया। समारोह में महिला कल्याण संगठन की सभी सदस्यो के साथ आभा जैन, डॉ. भूमिका सिंह उपस्थित रही। प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान अनामिका करण, द्वितीय गरिमा श्रीवास्तव और तृतीय स्थान सोनी कुमारी को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी अन्य प्रतिभागियों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**सूचना (हॉल्ट एजेन्ट की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण) (यह नौकरी नहीं है)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा लखनऊ मण्डला के निम्नांकित 10 हाल्ट स्टेशनों पर टिकटों की बिकी हेतु हाल्ट एजेन्ट के रूप में कार्य करने के इच्छुक स्थानीय स्थाई निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र. सं. | हाल्ट स्टेशन का नाम | स्थित स्थान |
|---|---|---|
| 1. | धीरगंज | विश्वनाथगंज एवं मऊआइमां स्टेशनों के मध्य उन्नाव ऊँचाहर लाईन पर जिला प्रयागराज। |
| 2. | गौरियामऊ | रुदौली एवं बरागाँव स्टेशनों के मध्य रुदौली से अयोध्या लाईन पर जिला–अयोध्या। |
| 3. | इदामऊ | बीघापुर एवं तकिया स्टेशनों के मध्य जिला–उन्नाव, उ०प्र० |
| 4. | जुग्गौर | मल्हौर एवं सफेदाबाद स्टेशनों के मध्य लखनऊ से बाराबंकी लाईन जिला–लखनऊ। |
| 5. | रामगंज | पीपरपुर एवं कोहनडोर स्टेशनों के मध्य सुल्तानपुर प्रतापगढ़ लाईन पर जिला–अमेठी। |
| 6. | सरायगोपाल | अटरामपुर एवं फाफामऊ स्टेशनों के मध्य प्रयागराज से ऊँचाहार लाईन जिला– प्रयागराज, उ०प्र०। |
| 7. | सूरजकुण्डा | दरियापुर एवं उबरनी स्टेशनों के मध्य रायबरेली डलमऊ लाईन पर जिला–रायबरेली, उ०प्र०। |
| 8. | भूपियामऊ | प्रतापगढ़ एवं विश्वनाथगंज स्टेशनों के मध्य प्रतापगढ़ प्रयाग लाईन पर जिला–प्रतापगढ़। |
| 9. | चौरे बाजार | खजुराहट एवं कूड़ेभार स्टेशनों के मध्य फैजाबाद प्रतापगढ़ लाईन पर जिला–अयोध्या। |
| 10. | कुसुम्भी | जैतीपुर एवं अजगैन स्टेशनों के मध्य लखनऊ से कानपुर लाईन पर जिला–उन्नाव। |

पात्रता की शर्तों, आवेदन प्रारूप एवं अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइट www.indianrailways.gov.in देखें। 2984/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# ओपीएस के समर्थन में उमड़ा कर्मचारियों का सैलाब

## विकास भवन से हजारों कर्मचारियों ने निकाला आक्रोश मार्च, एनपीएस और यूपीएस का किया विरोध

संवाददाता, रायबरेली



आक्रोश मार्च के दौरान विकास भवन में एकत्र कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** यूपीएस, एनपीएस गो बैक-गो बैक, हमारी बस एक ही मांग, हमें मिले पुराना सम्मान, सरकार हमारी मांग पूरी करो, पुरानी पेंशन लागू करोजैसे नारों के बीच में गुरुवार को हजारों कर्मचारी अपना सम्मान पुरानी पेंशन सरकार से मांगने के लिए सड़क पर निकले। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) व ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के आवाह्न पर कर्मचारियों, शिक्षकों ने एनपीएस और यूपीएस योजना का विरोध किया गया, साथ ही पुरानी पेंशन की मांग को लेकर बाइक रैली निकाली।

काली पट्टी बांधकर विरोध जता चुके कर्मचारी गुरुवार को "आक्रोश मार्च" निकाला। यूपीएस के विरोध में और पुरानी पेंशन की मांग को लेकर अटेवा के बैनर तले एकत्रित होकर विकास भवन से हजारों कर्मचारी अपनी बाइकों से "आक्रोश मार्च" के लिए निकले। विकास भवन से एकत्रित होकर "आक्रोश मार्च" के लिए निकले कर्मचारी डिग्री कॉलेज चौराहा, कैनाल रोड, पुलिस लाइंस चौराहा, जेल रोड, सीएमओ दफ्तर, नेहरू नगर चौराहा, राना बेनी माधव स्मारक चौराहा होते हुए कलेक्ट्रट परिसर आए। कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

जिला संयोजक इरफान अहमद ने कहा कि कर्मचारियों की एक ही मांग है कि हम लोगों को सरकार की तरफ से पुरानी पेंशन स्कीम को एक बार फिर से लागू किया जाए। जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार की तरफ से यूपीएस के सुधारों को लेकर भी कोई चर्चा नहीं की जा रही है, इसकी वजह से कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सरकार पुरानी पेंशन बहाल न करके अब न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह पर यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने जा रही है। सरकार की यह पेंशन स्कीम बिल्कुल ही कर्मचारियों के हित में नहीं है। जिला संरक्षक राजेश यादव और सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि एनपीएस के तहत वर्तमान में कर्मचारी महज 800, 1200 और 2800 रुपये पेंशन के रूप में पा रहे हैं। यह कतई उचित नहीं है। जिला कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्य व जिला संरक्षक सरला वर्मा ने कहा कि यूपीएस एक छलावा मात्र है। भले इसमें सरकार अपना अंशदान 14 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी कर रही हैं, लेकिन सेवानिवृत्त पश्चात आपके द्वारा किया गया अंशदान भी आपको नहीं मिलेगा। हम लोग इसी का विरोध कर रहे हैं और हम अपनी बुढ़ापे की लाठी यानि पुरानी पेंशन स्किम की मांग सरकार ने अनवरत कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश यादव, डा. आशीष पटेल, मो. नसीम, सर्वेश पटेल ने किया। इस मौके पर जूनियर शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव, सियाराम सोनकर, शिवशरण सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, महामंत्री शैलेया यादव, टीएससीटी के संयोजक अनुराग मिश्रा, महिला शिक्षक संगठन से सरिता नागेन्द्र, महेंद्र बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## तीन पर बिजली चोरी का मुकदमा

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। विद्युत उपकेंद्र जगतपुर के अंतर्गत ग्राम सभा में धोबहा में उपखंड अधिकारी जगतपुर विशाल सिंह कुशवाहा, अवर अभियंता चंद्रेश कुमार पटेल, टेक्नीशियन इंद्र मोहन चौरसिया, अरविंद कुमार, करण कुमार, कमलेश कुमार, अभिषेक कुमार, महेश श्रीवास्तव, दशरथ लाल के साथ मॉर्निंग रेड किया गया। अवर अभियंता चंद्रेश पटेल ने बताया कि आशापाल पुत्र प्रताप बहादुर, राजेंद्र बहादुर सिंह पुत्र मनबोध सिंह, बुद्धि लाल पुत्र लाल बहादुर के यहां चेकिंग के दौरान विद्युत चोरी पकड़ी गई। इन सभी के खिलाफ विद्युत थाने में धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन "खुली" निविदायें (ई–टेंडरिंग) आमंत्रित करते है– उपरोक्त ई–निविदा के पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें। **क्र.सं.** 1 **निविदा सूचना संख्या** : ई–निविदा–एल–28–24–25 **कार्य का नाम (हिन्दी)** : PRRB-ARJ - POKL-ARJ-GCT सेक्शन में विभिन्न भवनों पर ऑन ग्रिड सौर प्रणाली का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रू.)** : 166707128.16 **अमानत राशि (रू.)** : 983500.00 **कार्य समापन अवधि** : 06 माह **निविदा समापन की तिथि एवं समय** : 18.10.2024 14:30 बजे **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 18.10.2024 14:30 बजे **क्र.सं.** 2 **निविदा सूचना संख्या** : ई–निविदा–एल–29–24–25 **कार्य का नाम (हिन्दी)** : CI-CPJ & GKC-PNYA सेक्शन में विभिन्न भवनों पर ऑन ग्रिड सौर प्रणाली का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रू.)** : 174083549.76 **अमानत राशि (रू.)** : 1020400.00 **कार्य समापन अवधि** : 06 माह **निविदा समापन की तिथि एवं समय** : 18.10.2024 14:30 बजे **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 18.10.2024 14:30 बजे **क्र.सं.** 3 **निविदा सूचना संख्या** : ई– निविदा–एल–30–24–25 **कार्य का नाम (हिन्दी)**: CPR-BTT-GKC सेक्शन में विभिन्न भवनों पर ऑन ग्रिड सौर प्रणाली का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रू.)** : 148081663.62 **अमानत राशि (रू.)** : 890400.00 **कार्य समापन अवधि** : 06 माह **निविदा समापन की तिथि एवं समय** : 21.10.2024 14:30 बजे **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 21.10.2024 14:30 बजे **क्र.सं.** 4 **निविदा सूचना संख्या** : ई–निविदा– एल–31– 24–25 **कार्य का नाम (हिन्दी)** : GCT (छोड़कर)-BUI-CPR सेक्शन में विभिन्न भवनों पर ऑन ग्रिड सौर प्रणाली का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रू.)** :154228681.62 **अमानत राशि (रू.)** : 921200.00 **कार्य समापन अवधि** : 06 माह **निविदा समापन की तिथि एवं समय** : 21.10.2024 14:30 बजे **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 21.10.2024 14:30 बजे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य,वाराणसी

मुजाधि/विद्युत–138

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ – उ.रे. – मण्डल – वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Mss-LKO-JNH-RCR-32-24-1 (Misc Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2024 समय12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Mss-LKO-GNG-RCR-26-24-1 (Misc Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2024 समय 12:40 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2983/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-LKO-OH-513-24-2 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-LKO-OH-514-24-2 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-LKO-OSN-507-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2024 समय 10:50 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2981/24


## चोरों ने नकदी समेत 5 लाख का समान चुराया

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** दीवार फांद कर घर में घुसे चोरों ने अलमारी का ताला तोड़ कर नगदी और जेवरात पार कर दिया। घर के सदस्यों को जब तक भनक लगती तब तक चोर आंखों से ओझल हो चुके थे। घर के पीछे बक्सा टूटा पड़ा था और सामान भी बिखरा था। चोरी की घटना की जानकारी होते ही परिजनों की सूचना पर सुबह पीआरबी मौके पर पहुंच गई। डलमऊ पुलिस ने पहुंच कर भी जांच पड़ताल की है। तेजवती ने डलमऊ पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि 20 हजार की नकदी सहित लगभग पांच लाख के जेवर चोरी हुए है। कोतवाल पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# चूड़ी बेचने के बहाने रेकी करने वाले 8 बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ अंतर्राज्यीय चोरों के गैंग का खुलासा, गिरफ्तार अभियुक्त दतिया मध्य प्रदेश के पारदी मोंगिया गैंग के हैं सदस्य



चोरी की घटना का खुलासा करते एएसपी संजीव कुमार सिन्हा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लालगंज पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चोरों के एक बड़े गैंग का खुलासा करते हुए पुलिस ने आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह सभी अभियुक्त मध्य प्रदेश के दतिया जनपद के रहने वाले हैं। जो उन्नाव जनपद में डेरा डालकर पारदी मोंगिया नाम से चोरों के गैंग का संचालन करते थे। इनके पास से पुलिस ने 31 हजार नगद और लाखों कीमत के जेवरात समेत तीन मोटर साइकिलें बरामद की हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की सात वारदातों में संलिप्तता जाहिर की है। जिसमें सलोन थाना क्षेत्र में बुजुर्ग दंपत्ति से मारपीट कर चोरी की घटना और लालगंज कस्बे में एक दुकान से बैग चोरी की घटना प्रमुख रूप से शामिल है। इसके साथ ही सरेनी गदागंज मिल एरिया और बछरावां थाना क्षेत्र की विभिन्न घटनाओं में भी यह लोग शामिल रहे हैं।

गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि इस गिरोह में कई महिलाएं भी शामिल हैं जो गांव-गांव चूड़ी की फेरी करके घरों की रेकी करती हैं। उसके बाद गिरोह में शामिल पुरुष अपनी सुविधा के हिसाब से घरों को चोरी का निशाना बनाते हैं। उन्होंने बताया कि चोरों का यह गिरोह अन्य जनपदों में भी सक्रिय रहा है। संबंधित जनपदों से समन्वय बनाकर घटनाओं का अनावरण करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही इन सभी के अपराधिक इतिहास को खंगालने के लिए भी क्षेत्रीय पुलिस से संपर्क साधा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विवेचना में जो भी अभियुक्त प्रकाश में आएंगे उन सभी की गिरफ्तारी की जाएगी। अभी फिलहाल अभिषेक मोगिया, राजीव मोगिया, कोहिनूर मोगिया, गुल्लू मोगिया, नितीश मोगिया, सुजीत मोगिया, जीतू मोगिया, इंकू मोगिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## संदिग्ध चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, तीन साथी फरार

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे लेंगड़न मजरे लोहड़ा गांव में बुधवार की रात करीब दो बजे ग्रामीणों ने चार संदिग्ध लोगों को गांव में देखा। ग्रामीणों को आता देख चारों संदिग्ध भागने लगे। ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर तीन संदिग्ध फरार हो गए। वहीं चौथा पकड़ में आ जोकि अपना नाम साहिल और फरार हुए तीन अन्य साथियों का नाम फूल, बीरू और नाहर बताया। साहिल ने यह भी बताया वह और उसके साथी गांव के बाहर तीन साइकिलें खड़ी करके गांव के अन्दर घूम रहे थे। उसके द्वारा बताये गये स्थान से ग्रामीणों ने तीनों साइकिलें भी कब्जे में ले ली। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर संदिग्ध को पुलिस के हवाले कर दिया। कार्यवाहक थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मामले की जाँच कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# एटीएम के कैश ट्रे में टेप लगाकर चोरी का प्रयास, ग्रामीणों ने दबोचा

सलोन, रायबरेली।



इंडिया वन एटीएम मशीन में चोरी करते पकड़ा गया युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सलोन कोतवाली पुलिस की लचर कार्यशैली से सिलसिलेवार तरीके से घटनाओं का दौर जारी है। कस्बे के इंडिया वन एटीएम मशीन के कैश ट्रे में टेप लगाकर चोरी करने का असफल प्रयास कर रहे चोर को ग्रामीणों ने धर दबोचा है। इसके बाद चोर की जमकर कुटाई की गई। घटना के दौरान स्थानीय पुलिस नदारत रही। घटना स्थल पर जमा भीड़ ने पुलिस बुलाकर आरोपी को सौप दिया है। एटीएम संचालक के मुताबिक नौ महीने के अंदर एक ही एटीएम में पांचवी बार चोरी का प्रयास कही न कही पुलिस की लापरवाही के चलते हुआ है। सलोन कस्बे के दुर्गा पूजा पंडाल के सामने इंडिया वन का एटीएम लगा हुआ है। गुरुवार की सुबह मुँह में गमछा लगाकर घुसे एक चोर ने पहले दिखावे के लिए एटीएम लगा कर बैलेंस चेक किया। संचालक का आरोप है कि एटीएम मशीन के कैश ट्रे में वाइट टेप लगाकर चोर चोरी का प्रयास करने लगा। एटीएम के बाहर मौजूद लोगों को शंका हुई तो चोर को रंगे हाथ ग्रामीणों ने दबोच लिया। इस दौरान एकत्रित भीड़ ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस को बुलाकर चोर को सौंप दिया गया। एटीएम संचालक में बताया कि उसकी एटीएम में कई बार चोरी का प्रयास हुआ। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। कोतवाली पुलिस को जांचकर सख्त कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-RBL-WRL-93-24-4 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-LKO-WRL-94-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.10.2024 समय 10:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2982/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय ग्राम पंचायत – चण्डेरिया, वि0ख0 संग्रामपुर, जिला अमेठी**

पत्रांक मेमो/24–25 दिनाँक 26.09.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

**मनरेगा/15 वित्त /पंचम राज्य वित्त आयोग**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मनरेगा/15 वित्त /पंचम राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2024–25 स्थानीय फर्मो से निम्नलिखित कार्यो पर मुहरबंद निविदाएं व कोटेशन 26/09/2024 से ग्राम पंचायत सचिवालय में 11 बजे प्राप्त होगी। सभी प्राप्त कोटेशन दिनांक 03/10/2024 को सचिवालय पर 2 बजे खोले जायेंगे। न्यूनतम दरदाता के पक्ष में आपूर्ति आदेश जारी किया जायेगा। किसी भी निविदा व कोटेशन को स्वीकार करने व अस्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| क्र0 | कार्य का नाम | माप | अनु0 लागत रुपये में | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | फिरोज खान के घर से कशीर खान के घर तक | 100x3 मीटर | 3.99 लाख | सीमेंट, मोरंग, बालू, लोकल सेंट, इंटर लॉकिंग व ईटा, गिट्टी आदि |
| 02 | राजेश मिश्रा के घर से लालजी मिश्रा के तक | 70x3 मीटर | 2.85 लाख | सीमेंट, मोरंग, बालू, लोकल सेंट, इंटर लॉकिंग व ईटा, गिट्टी आदि |

**तुफैल खान, प्रधान** ग्राम पंचायत – चण्डेरिया वि0ख0 संग्रामपुर, जिला अमेठी

**मिथिलेश यादव, सचिव** ग्राम पंचायत – चण्डेरिया वि0ख0 संग्रामपुर, जिला अमेठी



**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली**

पत्रांक: 413/न0पा0परि0रा0/सा0प्रशा0(ई0ओ0)–दर आ0सू0/2024–25 दिनांक: 26.09.2024

**अतिअल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा मार्ग प्रकाश अनुभाग के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में खराब एल0ई0डी0 लाइटों की सामग्री सहित मरम्मत कराये जाने हेतु मोहरबन्द दर दिनांक 05.10.2024 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदार/फर्म/दुकानदार/विक्रेता से आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3.30 बजे खोली जायेगी। डाक द्वारा प्रेषित दर आमंत्रण लिफाफे मान्य नहीं होगें, विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद रायबरेली के मार्ग प्रकाश अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। सूचना को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष / अधिशाषी अधिकारी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | दर प्रति लाइट रूपये (अंको/शब्दो में) समस्त करो सहित | मरम्मत की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 60 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | 05 दिवस |
| 2 | 72 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |
| 3 | 90 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |
| 4 | 120 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |
| 5 | 150 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |

**नियम व शर्ते :–**

1. दर दाता द्वारा पैनकार्ड व जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. मरम्मत की गई लाइटों की वारण्टी 01 वर्ष होगी, इस अवधि में लाइट खराब होने पर पुन सही करना होगा।
3. दर दाता द्वारा रू0–25000.00 की एफ0डी0/डी0डी0/टी0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी न0पा0परि0 रायबरेली के पक्ष में बन्धक हो जमानत के तौर पर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. दर सर्वन्यून पाये जाने पर सम्बन्धित द्वारा रू0 100.00 का स्टाम्प कार्यालय में जमा कर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
5. किसी प्रकार की वाद–विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय अध्यक्ष न0पा0परि0 रायबरेली का सभी पक्षों को मान्य होगा।
6. भुगतान धन की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी** नगर पालिका परिषद रायबरेली

**अध्यक्ष** नगर पालिका परिषद रायबरेली

## एक नजर

### ट्रेन के आगे कूदने जा रही युवती को पुलिस ने बचाया

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने की नियत से जा रही युवती की जान पुलिस की सक्रियता से बच गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि लाल जी का पुरवा मजरे कनहा निवासी पार्वती पुत्री कुंज बिहारी मां से नाराज होकर ट्रेन से कटने जा रही थी। वह रेल पटरी पर बैठी थी। तभी ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस में मौके पर पहुंचकर युवती को रेल पटरी से हटाकर ग्रामीणों की मदद से परिजनों को सौंप दिया।

### अलग-अलग सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** सरेनी बाजार में दो अलग-अलग स्थानों पर बाइकों में हुई टक्कर में तीन झल्लर (56) व सहजराम (42) निवासी भक्ताखेड़ा घायल हो गये। इन्हें पुलिस ने सीएचसी सरेनी पहुंचाया। यह घटना सेमरी बाजार के मौली मोहल्ले में हुई। जबकि दूसरी घटना में सेमरी मोड़ के पास बाइकों की भिड़ंत में अमित (34) निवासी पहुरी थाना सरेनी गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे भी सीएचसी सरेनी पहुंचाया गया, जहां हालत गम्भीर होने की वजह से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### पति ने पत्नी और ससुर को पीटा, केस दर्ज

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** बुधवार की रात लगभग साढ़े दस बजे आरोपी परमेश पाल ने अपने सहयोगियों के साथ थाने से कुछ ही दूर पर अपनी पत्नी आरती पाल व ससुर राधेलाल पाल को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दंपति घायल

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुवार को सुबह खीरों क्षेत्र के गांव निहस्था कॉलोनी में रास्ते के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में चार लोगों ने दंपति को पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक आयोजित

**बछरावां, अमृत विचार।** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बछरावां की बैठक में व्यापार मंडल के संरक्षक पूर्व शासकीय अधिवक्ता विजय बहादुर यादव ने नगर पंचायत बछरावां द्वारा उपलब्ध कराए गए उच्च न्यायालय के आदेश से समस्त व्यापारियों को अवगत कराया। इस दौरान अतिक्रमण व अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

# पालिका में विद्रोह कहीं कमीशन का चक्कर तो नहीं...

## सोशल मीडिया पर कुछ दिनों पहले वायरल हुआ था वर्तमान और पूर्व सभासदों का चैट

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार:** नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के आसीन होने के साथ ही माहौल काफी बदल गया। पहली बार कुर्सी मिलने के बाद लोग कयास लगा रहे थे कि जीते भले ही कांग्रेस से हैं, लेकिन जल्द ही भाजपा में पाला बदल लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। धुन के पक्के और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर जनता के हितों को लेकर शुरू से ही सजग रहे। इसके बाद आउट सोर्सिंग समेत कई मामलों में दबाव बनना शुरू हुआ। पुराने कर्मचारियों को बाहर तो नए को अंदर लाया गया। यहीं से विद्रोह की सुगबुगाहट शुरू हो गई।


कोई गलत बात नहीं है सभी माननीय सभासदों का अपना खर्चा है 25800 नहीं 50,000 होना चाहिये पर जनहित के काम भी हो हमे कोई आपत्ति नहीं है

आप ने सही बात कही जब सभासदो को 3 प्रतिशत देने की बात कही गयी तो सभासदो ने कहा किसी को पता ना चले हमने बोला क्यो ना चले जब पूरी नगर पालिका का कमीशन तय है टॉप टू बॉटम कमीशन जाता है तो सभासद का क्यो नही हम तो मीडिया के सामने भी बोलेंगे हम पेट्रोल का खर्चा कोई भी वार्ड में काम करने आएगा तो उसकी पान पुड़िया हम अपनी जेब से नही कर पाएंगे पर अपना हिस्सा लेकर अपना कर्तव्य पालन मत भूलिए ।हम ने भी लिया पर उसके बदले अपने होठ सी लू यह नही हो सकता ।अब आपको 860 के बारे में बता दू सभासदो के दो गुट है एक गुट परमजीत भय्या का 10,000 रूपये ले गया दूसरा 28 हजार चार सौ अट्ठाइस वाले ने कहा जब परमजीत भय्या नही लेते तो 10,000 वापस करो यह सुनकर दूसरे ने कहा 28 हजार 400 वापस करो अब 28 हजार 400 वाला गुट कुछ प्रॉब्लम की वजह से पैसा दे नही पा रहा था जिसे 10,000 वाला स्वीकार नही कर पा ... Read more

सोशल मीडिया पर वायरल सभासदों के चैट का एक अंश। अमृत विचार

अंदरखाने की माने तो कमीशन को लेकर सभासदों ने काफी दबाव बनाया। इसकी एक चैटिंग भी बीते दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें खूब किरकिरी हुई। हाल ही में हुए घटनाक्रम को कहीं ना कहीं इससे जोड़कर देखा जा रहा है।

वैसे तो इस बार शुरु से ही नगर पालिका मे ठेकेदारी कमीशन को लेकर सभासदों अध्यक्ष के बीच टकराव शुरु हो गया था। बताते है कि कुछ सीनियर सभासदों ने पहली बार जीत कर आए जूनियर सभासदों को मोहरा बनाया। धरना प्रदर्शन में उन्हे आगे किया। जिन्दाबाद, मुर्दाबाद के नारे लगाए। दूसरे दिन कुछ समझौता हुआ। इतना ही नहीं एक पूर्व चेयरमैन के घर पर दो-चार सभासदों को छोड़ बाकी लोगों को खुश किया गया। उसके बाद अध्यक्ष द्वारा क्रम को जारी रखते हुए दो-तीन बार खुश किया गया। सभासदों के हालात ऐसे बने कि कभी ईओ अच्छे हो जाते तो कभी अध्यक्ष। इधर, मनमाफिक काम नहीं हुआ तो सभासदों ने ईओ के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया। बीते दिनों एक पूर्व सभासद की चैटिंग में वर्तमान के कुछ सभासदों को छोड़कर अधिकांश के अपने हिस्से का कमीशन लेने की बात स्वीकार करते दिखाई दिए। इसको हर किसी ने सोशल मीडिया पर देखा भी। अचानक सभासदों द्वारा विकास के मुद्दे पर ईओ को घेरना भी इसी क्रम में माना जा रहा है। इससे जनता द्वारा चुने गए जिम्मेदारों की छवि कहीं न कहीं धूमिल हो रही है।

### अंदरखाने में मिले सभासद, दोनों पक्षों को रहे साध

अध्यक्ष और ईओ के बीच तनातनी का फायदा कुछ सभासद उठाने से नहीं चूक रहे हैं। दोनों पक्षों को ही संतुष्ट करने में लगे हैं। सामने कुछ और पीठ पीछे कुछ और करते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं कुछ सभासदों ने तो मेट से मिलकर बनी सड़कों तक का एस्टीमेट बनवा लिया है, जिसे अगले टेंडर में डालने की तैयारी है। फर्जी आउट सोर्सिंग पर रखे कर्मचारियों के मामले में भी पालिका की खूब किरकिरी हो रही है। अब देखना है कि यह घटना क्रम यहीं पर समाप्त हो जाता है कि या फिर कुछ और गुल खिलाता है।

### मामले की हो निष्पक्ष जांच


स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है। हम लोगों ने सफाई करने के साथ ही लोगों को प्रेरित किया। ईओ और अध्यक्ष के चक्कर में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। प्रशासन को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। शहर के अंदर गंदगी से व्यापार कैसे चलेगा। इससे पूरी व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**अतुल गुप्ता प्रदेश, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल**

नगर पालिका के जिम्मेदार अपने कर्तव्यों से भटकते जा रहे हैं। जनता के हित के बजाये अपना लाभ देख रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। अध्यक्ष, ईओ, सभासद हो या फिर कर्मचारी सबको आपसी सामंजस्य बनाकर चलना चाहिए। प्रकरण की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।


**राकेश तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा नेता**


आपसी मतभेद से नगर पालिका में सभासदों, ईओ और अध्यक्ष के बीच टकराव चल रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। वर्तमान में नगर पालिका की ओर से जनहित की समस्याओं को तनिक भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जनता सभासदों की मंशा को भांप चुकी है। बार-बार पलटा पलटी से सम्मान गिरता है।

**मो. इसरार, पूर्व सभासद**

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से हर तरफ लगे कूड़े के ढेर

## कार्य बहिष्कार कर कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, गंदगी से आम जनमानस परेशान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के अंदरखाने में चल रहा विरोध अब सड़क पर आ गया है। गुरुवार को सफाई कर्मियों ने पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार कर दिया। इससे सुबह शहर में कहीं पर भी सफाई नहीं हो सकी। बाजार हो या फिर सार्वजनिक स्थल हर तरफ कूड़े का ढेर लगा हुआ है। हाल यह रहा कि बाजारों में दुकानदार खुद ही झाड़ू लगाने को विवश रहे। नगर पालिका में आपसी खींचतान का खामियाजा कहीं न कहीं शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जार हा है।

नगर पालिका परिषद में बीते दिनों हुई आकस्मिक बोर्ड बैठक में अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के समर्थन में अधिकांश सभासद एकजुट होकर ईओ का जमकर विरोध किया। यहां तक कि नारेबाजी, प्रदर्शन के साथ ही उन्हें हटाने तक की मांग करने लगे। जैसे-तैसे मामला संभाला गया। वहीं दूसरे दिन बुधवार को ईओ स्वर्ण सिंह के समर्थन में सफाई कर्मी खड़े हो गए। उन्होंने अध्यक्ष पर ही भुगतान लंबित करने का आरोप लगा दिया। इसके बाद दो अक्टूबर तक का अल्टीमेटम दिया। वहीं गुरुवार को दूसरे कर्मचारी भी साथ में आ गए। इसके बाद सुबह से ही सफाईकर्मियों ने लंबित मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर दिया। इसके चलते मोहल्लों की गलियों की कौन कहे चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों तक में झाड़ू नहीं लगा। इससे हर तरफ गंदगी का अम्बार लगा रहा। सुबह जब दुकान खोलने के लिए व्यापारी पहुंचे तो गंदगी देख परेशान हो गए। जैसे-तैसे साफ-सफाई करके दुकान को खोला। लोगों का कहना है कि आपसी लड़ाई में व्यवस्था को चौपट किया जा रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। जिला प्रशासन को चाहिए कि मामले में हस्तक्षेप करके उचित कदम उठाए।


कैनाल रोड पर स्थित जलकल परिसर में धरना-प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

### पालिका अध्यक्ष पर वेतन रोकने की धमकी देने का आरोप

कर्मचारी नेताओं ने पालिका अध्यक्ष पर धरना प्रदर्शन को दबाने और वेतन रोकने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ जिलाध्यक्ष दिनेश वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार चौबे, नगर अध्यक्ष अंजनी कुमार, जिला महासचिव संजय मौर्या ने कहा कि हमारे बजट में कटौती करके ठेकेदारों को भुगतान करने की साजिश पालिका में चल रही है। इसे कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला संगठन सचिव रामपाल, जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, रामविलास सोनकर ने कहा कि हक के लिए जरूरत पड़ी तो आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस मौके पर नगर सचिव आशीष पाल, कलावती, शांती देवी, विनीता, बबिता, रज्जो, प्रभुदेई, मुन्नी देवी, सुनीता, अंजनी कुमार, अमर, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।


सब्जी मंडी में दुकान के पास पड़ा कचरा। अमृत विचार


गंदगी के बीच आवारा मवेशी। अमृत विचार


मधुबन रोड पर फैली गंदगी।


चौराहे पर फैली गंदगी। अमृत विचार

### पांच दिन बाद शारदा नहर में मिला वृद्धा का शव

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** संदिग्ध अवस्था में पांच दिन पूर्व अपने घर से अचानक लापता हुई वृद्धा का शव शारदा सहायक नहर में मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है कि जगतपुर थाना क्षेत्र के गांव सांईपुर निवासी प्रकाश चौरसिया की पत्नी रत्ना देवी (65) बीते रविवार की अपराह्न तीन बजे अचानक घर से संदिग्ध अवस्था में गायब हो गई थी। इस बीच गुरुवार की दोपहर ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगेहरा गुलाल गंज के पास शारदा सहायक नहर में किनारे झाड़ियों में फंसा हुआ एक शव ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला तो उसकी पहचान उपरोक्त लापता महिला के रूप में हुई है। सीओ अरुण कुमार नौहार और कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। शव पांच दिन पुराना होने के कारण काफी सड़ गया था। सीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### 7 ट्रकों का कटा चालान, एक सीज

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के सेमर पहा बाईपास जय ढाबा के पास खनिज विभाग ने बुधवार की रात अभियान चला कर सात ओवर लोड ट्रकों का चालान किया है और एक ट्रक को सीज करते हुए कोतवाली लालगंज के सुपुर्द किया है। जिला खनिज अधिकारी उमाकांत ने बताया कि शासन के निर्देश पर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार की रात चलाए गए अभियान में सात ओवरलोड ट्रको का चालान और एक ट्रक सीज किया गया है। दो वाहनों से एक लाख दस हजार रुपए ओवरलोडिंग के बाबत जुर्माना जमा कराया गया है। खनिज अधिकारी ने कहा है कि इसी तरह औचक अभियान ओवर लोडिंग के खिलाफ चलाया जाएगा।

### आमने-सामने भिड़े डंपर, चालक और क्लीनर घायल

**अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार-** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में अटौरा चौकी क्षेत्र के रायबरेली-लालगंज मार्ग पर बुधवार की देर रात लाला का पुरवा मोड़ अटौरा बुजुर्ग के निकट दो डंफरों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। इस घटना में एक डंपर का चालक व क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लम्बी लाईन लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

बुधवार की देर रात लाला का पुरवा मोड़ अटौरा बुजुर्ग के निकट रायबरेली की तरफ से आ रहे डंपर और लालगंज की तरफ से आ रहे डंपर में आमने सामने से टक्कर हो गई। इससे डंपर चालक दीनदयाल (41) पुत्र स्व. बुद्धीराम निवासी मदरिया, हरपुर बुदहट, गोरखपुर व राजन (20) पुत्र विजय कुमार निवासी अर्जनडीहा, गौरी बाजार, देवरिया गम्भीर रूप से घायल हो गए। साथ ही दोनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

## सार-संक्षेप

### ऊंचाहार व्यापार मंडल भंग, 15 साल बाद होगा चुनाव

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुवार को ऊंचाहार व्यापार मंडल की आम बैठक में वर्तमान कमेटी को सर्वसम्मत से भंग कर दिया गया है। अब नई समिति के लिए चुनाव कराया जाएगा। यह चुनाव 15 वर्षों बाद होने जा रहा है। गुरुवार को नगर के कौशल्या इंटर कॉलेज में व्यापार मंडल की आम बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष धर्मेंद्र मौर्य ने की, जहां पर व्यापारियों ने एक मत से कहा कि विगत 15 वर्षों से एक ही व्यक्ति अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन है, यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध है। नियमानुसार हर दो वर्ष में चुनाव होना चाहिए। सभी व्यापारियों ने एकमत से एक प्रस्ताव पारित करके वर्तमान कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही नया चुनाव संपन्न कराने की घोषणा भी कर दी। चुनाव के संचालन के लिए पांच सदस्यों की समिति बनाई गई है। जिसके निगरानी में नए पदाधिकारी का चुनाव किया जाएगा। बैठक में जेके जायसवाल, भूपेंद्र अग्रहरि, मनोज साहू, आदर्श अग्रहरि, मोहम्मद अनवर, फिरोज नकवी, सद्दाम मेहंदी, आशीष शुक्ला, अंकित त्रिपाठी, सुनील सिंह, गिरजा जायसवाल, संजय जायसवाल आदि मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना एक अक्टूबर से

**रायबरेली, अमृत विचार।** आंगनबाड़ी अधिकार संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि आंगनबाड़ी अधिकार संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर जनपद में निर्धारित धरना स्थल पर जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं एक से दो अक्टूबर तक अपनी मांगों के संदर्भ में शांतिपूर्वक दो दिवसीय धरना विकास भवन प्रांगण में करेंगी। संगठन की जिलाध्यक्ष बीना सिंह ने कहा कि एक अक्टूबर को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री स्नेहलता सिंह, जिला कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह, संरक्षक विक्रम सिंह समेत समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम के आश्वासन के बाद भाकियू का धरना समाप्त


महराजगंज एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने गुरुवार को धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद महराजगंज उपजिलाधिकारी को को एक ज्ञापन सौंपा गया। गुरुवार को 15 सूत्रीय मांगों को लेकर भारी संख्या में किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता ब्लाक परिसर में पहुंचकर धरने पर बैठ गए। अपराह्न साढ़े 3 बजे तक जब कोई अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा तो किसान यूनियन के कार्यकर्ता आग बबूला हो गए। आलम यह था कि भाकियू के कार्यकर्ता बीडीओ के कार्यालय पहुंचे उसके बाद बीडीओ बाबूलाल वर्मा ब्लॉक परिसर में चल रहे धरना स्थल पर पहुंचे। किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शिवगढ़ थाना प्रभारी सहित विद्युत विभाग के कर्मचारियों को खूब खरी खोटी सुनाई। धरना स्थल पर पहुंची महराजगंज एसडीएम रश्मिलता को भाकियू प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह ने ज्ञापन देकर 15 दिन के अन्दर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। इस दौरान एसडीएम रश्मिलता ने समस्याओं का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष हरीनाम सिंह, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार उर्फ लाल चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष संगमलाल वर्मा, उपाध्यक्ष रामकिशोर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार, महामंत्री राममिलन, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सचिव बनने पर सुरेंद्र का हुआ स्वागत

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** कांग्रेस पार्टी के सरेनी विधानसभा के कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र शर्मा को शीर्ष नेतृत्व द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव व उत्तराखंड राज्य का प्रभारी बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी है। पहली बार कांग्रेस कार्यालय सरेनी पहुंचे सुरेंद्र शर्मा का कांग्रेस कार्यालय सरेनी में स्वागत व सम्मान किया गया। इस मौके पर सरेनी विधानसभा के प्रभारी संतोष त्रिवेदी, सरेनी ब्लॉक के प्रभारी आकर्षण द्विवेदी, डलमऊ ब्लॉक के प्रभावी राजकुमार द्विवेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरी बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल, पूर्व प्रधान आमीन हाशमी, पूर्व प्रधान भीम सिंह, रमेश, नीरज, रामकुमार, कृष्ण, राकेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एमसीएफ फोर्ज्ड कारखाना में पहियों का उत्पादन दो हफ्ते से ठप

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

▸▸ मुख्य फोर्जिंग मशीन के शाफ्ट टूटने से आई समस्या, जिम्मेदार उदासीन

**अमृत विचार:** एमसीएफ फोर्ज्ड पहिया कारखाना में पहियों का उत्पादन विगत दो सप्ताह से मुख्य फोर्जिंग मशीन के शाफ्ट के टूट जाने के कारण बाधित है। इसी वर्ष अप्रैल 2024 से पहिया कारखाना का प्रबंधन एवं उत्पादन का कार्य राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (इस्पात मंत्रालय) से रेल मंत्रालय भारत सरकार को स्थानान्तरित किया गया तथा एमसीएफ के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय कटियार की देखरेख में इसका संचालन किया जा रहा है। उपरोक्त शाफ्ट की खरीदारी का मांग पत्र चार महीने पहले ही संजय कटियार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया था, परंतु अभी तक इसे खरीदा नहीं जा सका है और दो महीने तक इसके उपलब्ध न होने को सम्भावना है क्योकि यह शाफ्ट जर्मनी में स्थित ओईएम से आयातित होना है। इस वजह से आगामी दो माह तक पहिया उत्पादन बाधित रहने को सम्भावना है तथा भारत सरकार को वित्तीय हानि होना सुनिश्चित है।

आश्चर्य की बात यह है कि विगत चार महीने मांग पत्र के अनुमोदन के उपरांत भी शाफ्ट की खरीददारी ना हो सकी जो कि संजय कटियार व अन्य अधिकारियों की प्रशासनिक कार्यशैली की असफलता है। इस असफलता को छुपाने के नाम पर एमसीएफ के उप मुख्य सामग्री प्रबंधन सेल डिपो शिरीष वर्मा का अनायास स्थानांतरण दक्षिण रेलवे में कर दिया गया है परंतु स्थानांतरण से पहिया कारखाना में उत्पादन पुनः प्रारंभ नहीं किया जा सकता, अपितु आवश्यकता है अधिक कुशल और निपुण अधिकारी को पहिया कारखाना का प्रबंध सौंपने की। वही रेल कोच कारखाने के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आरएन तिवारी ने बताया कि एक मशीन का कार्य बंद है कल वह भी चालू हो जाएगा। अन्य कार्य हो रहे हैं।

### दूषित जल आपूर्ति से लोग परेशान

**लालगंज, अमृत विचार।** पिछले डेढ़ माह से नगर पंचायत का सप्लाई का पानी बंद होने से विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है। नगर संरक्षक रमाशंकर वाजपेई ने कहा है कि अब दिन में एक बार आधा घंटा पानी आ रहा है, वह भी बदबूदार है। जोकि पीने योग्य नहीं है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए किसी भी अफसर ने सुधि नहीं ली। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो डीएम से शिकायत करेंगे। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला ने कहा है कि नलकूप खराब होने से समस्या आई है। वास्तव में अभी तक नगर पंचायत को तहसील प्रशासन से जमीन ही नहीं मिल पाई है। जमीन मिलने के बाद ही पानी की टंकी का निर्माण होगा।

### अंत्योदय के प्रणेता थे पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय : गिरीश


पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**लालगंज, अमृत विचार:** अंत्योदय के प्रणेता और मानववाद के जन्मदाता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर पूर्वमंत्री गिरीश नारायण पांडेय, विस संयोजक सुशील शुक्ला, भाजपा नेता अनूप पांडेय व कैलाश वाजपेई, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय की बात करते हुए कहा था कि आर्थिक उन्नति व प्रगति का मानक ऊंचे पायदान पर खड़े व्यक्ति से नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति से की जानी चाहिए। लालगंज क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर सहित कई स्थानों पर उनकी प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की।

# दशहरा मेला स्थगित

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एनटीपीसी परिसर में आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा और दशहरा मेले में कथित रूप से अवैध वसूली करने के आरोपों पर गुरुवार को परियोजना की ओर से अधिकृत रूप से सफाई दी गई है। साथ ही कई दशक से एनटीपीसी में दशहरा के अवसर पर लगने वाले बड़े मेले को स्थगित कर दिया गया है । यह आरोप एक बाहरी संगठन द्वारा लगाया गया था। जिसमें एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि एनटीपीसी ऊंचाहार विद्युत गृह के कार्याकलापों से संबंधित असत्य एवं भ्रामक खबरें फैलायी जा रही हैं एवं आम जनमानस में एनटीपीसी के प्रति नकारात्मक सोच को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो कि पूर्णतः असत्य एवं तथ्यों से परे है। ऊंचाहार परियोजना परिसर में उत्सवधर्मिता तथा सांस्कृतिक सद्भावना को बनाए रखने के लिए एनटीपीसी कर्मचारी तथा उनके परिवारजन समय-समय पर होने वाले त्योहारों को उत्साहपूर्वक मनाते हैं। इससे भी संबंधित भ्रामक तथ्य हाल ही में फैलाया गया है। इसके लिए सभी कर्मचारी अपने वेतन से सहयोग राशि देते हैं। उन्होंने कहा कि यहां यह बताना जरुरी है कि कुछ लोगों को यह भ्रांति है कि एनटीपीसी व्यापारिक एर्जेसियों से पैसा वसूल कर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती है। यह सर्वथा असत्य है।

# एनटीपीसी में एफजीडी सिस्टम का गैस इन शुरू

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार:** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना के स्टेज-प्रथम के अंतर्गत प्रचालित 210 मेगावाट की दोनों इकाइयों में एफजीडी सिस्टम को चालू करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए गैस-इन व प्रचालन की प्रक्रिया को शुरू किया गया। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने करतल ध्वनि के बीच इस प्रक्रिया की शुरुआत हुई। छाबड़ा ने कि प्रदूषण मुक्त तथा पर्यावरण हितैषी विद्युत उत्पादन एनटीपीसी की सुस्पष्ट नीति है। उसी के अनुपालन में ऊंचाहार विद्युत ग्रह की प्रत्येक इकाई में एफजीडी प्रणाली लागू करने की दिशा में कार्यरत हैं ताकि प्रदूषण मुक्त विद्युत उत्पादन के संकल्प को पूरा कर सकें।


एनटीपीसी की ऊंचाहार में पूजा-अर्चना करते परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा।

स्टेज-प्रथम में एफजीडी सिस्टम ट्रायल रन 30 दिन तक लगातार सफलतापूर्वक संचालित करने के बाद इसे पूर्ण रूप से कमीशंड घोषित कर दिया जाएगा। इसके कमीशंड होने पर ऊंचाहार पहला ऐसा विद्युत गृह होगा, जिसमें एक साथ दो इकाईयों में संयुक्त एफजीडी सिस्टम की शुरुआत की गई है। उद्घाटन अवसर पर परियोजना प्रमुख के अलावा महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) आशीष गैरोला तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एफजीडी सिस्टम के संचालन से प्रदूषण स्तर को लगभग शून्य किया जा सकेगा। यह प्रणाली पावर प्लांट के उत्सर्जन से सल्फर की मात्रा को 97 प्रतिशत तक कम करता है और वातावरण दूषित होने से बचाता है।

### क्या होता है एफजीडी?

थर्मल पावर प्रोजेक्ट में एफजीडी सिस्टम का मुख्य उद्देश्य वातावरण में सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करना है। जब कोयले से बिजली उत्पन्न की जाती है, तो उसके जलने से सल्फर डाइऑक्साइड उत्पन्न होती हैं। इस सिस्टम कोयले के जलने के बाद निकली फ्ल्यू गैसों से सल्फर डाइऑक्साइड को हटाने का काम करता है। यह प्रक्रिया आमतौर पर चूना पत्थर (लाइमस्टोन) या अन्य रासायनिक घोल का उपयोग करके की जाती है, जो सल्फर डाइऑक्साइड के साथ रासायनिक प्रतिक्रिया करके उसे ठोस रूप में बदल देता है, जिसे सुरक्षित रूप से निपटाया जा सकता है। इस सिस्टम का उपयोग न केवल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि बिजली संयंत्र पर्यावरणीय मानकों का पालन करें, जिससे सतत और सुरक्षित ऊर्जा उत्पादन हो सके।

## एक नजर

### चार वांछित गिरफ्तार

जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार। अपराध एवं अपराधियों के घर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस टीम ने वांछित सलीम पुत्र नूर मोहम्मद, सहबान पुत्र सलीम, इमरान पुत्र इबरार व इबरार पुत्र बफाती निवासी ग्राम कटेहटी कोतवाली जगदीशपुर को उनके घर से गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि चारों अभियुक्त काफी समय से वांछित चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### भारोत्तोलन व वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

अमेठी, अमृत विचार। जिला खेल कार्यालय के उप क्रीड़ाधिकारी मो. मोसर्रफ खां ने बताया कि वर्ष 2024-25 में जूनियर बालक-बालिका वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के तहत डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में गुरुवार को जूनियर बालक वर्ग भारोत्तोलन एवं बालिका वर्ग वॉलीबाल प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि फार्मासिस्ट अमेठी डॉ. बीके सिंह ने उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि फार्मासिस्ट अमेठी डॉ. उमेश सिंह द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण किया गया तथा इस अवसर पर उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद व मो. मोसर्रफ खां, जिला खेल कार्यालय अमेठी के मो. नदीम, मो. आरिफ सहित अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### सीएचसी पर मनाया गया फार्मासिस्ट दिवस

संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में बुधवार की शाम तैनात फार्मासिस्ट विजेंद्र यादव को केक व मिठाई खिलाकर स्वास्थ्य कर्मियों ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. संतोष सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. आरिफ इकबाल, वार्ड ब्वॉय संजय पाठक, स्टाफ नर्स निधि सिंह सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# भूमि की खरीद-बिक्री के खेल का पर्दाफाश

अयोध्या कार्यालय

- जांच में खुलासा, कानूनगो लेखपाल समेत अन्य पर केस
- बिहार निवासी का दत्तक पुत्र दिखा बनवाया अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र

**अमृत विचार :** जमीन कारोबार में फर्जीवाड़े की खबरें तो अक्सर चर्चा में आती रहती हैं, लेकिन दलित वर्ग की जमीन का बैनामा हासिल कर मोटा मुनाफा कमाने के लिए एक बड़े खेल का पर्दाफाश हुआ है। राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से बिहार निवासी मजदूर को अनुसूचित जाति के एक शख्स का दत्तक पुत्र घोषित करवाया गया और फिर मजदूर का जाति प्रमाण पत्र बनवा जमीन की खरीद-बिक्री का खेल हुआ। शिकायत पर मामले की जांच हुई तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया। इस फर्जीवाड़े में अब एसएसपी से शिकायत कर कानूनगो, लेखपाल समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

महराजगंज थाना क्षेत्र के जलालुद्दीन नगर, पूराबाजार निवासी देवेश सिंह का कहना है कि उनके गांव के अवधेश प्रताप सिंह व शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की भूमि का बैनामा कराकर इसकी बिक्री कर मोटा मुनाफा हासिल करने के लिए अपने यहां काम काम करने वाले बिहार प्रान्त के आनन्द कुमार को मांझा मूड़ाडीहा निवासी मृतक भैरोप्रसाद पुत्र सुखदेव का दत्तक पुत्र घोषित करवा दिया। इतना ही नहीं राजस्व कर्मी तत्कालीन

> प्रकरण में नगर कोतवाली पुलिस ने छह के खिलाफ साजिश, धोखाधड़ी और कूटरचना की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की विवेचना कराई जा रही है। - शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर

क्षेत्रीय लेखपाल रामदेव व प्रभारी राजस्व निरीक्षक उमाशंकर सिंह की मिलीभगत से आनंद कुमार का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र भी जारी करवा लिया। इसके बाद भैरोदीन निवासी रामपुर बेनीपुर थाना हंसवर, जिला अम्बेडकरनगर की मिली भगत से प्रॉपर्टी डीलिंग का गोरखधंधा शुरू हो गया। उन्होंने 2 मई 2023 को जिलाधिकारी को प्रकरण की जांच और रिपोर्ट दर्ज कराने की शिकायत दी तो जांच के बाद 2 अप्रैल 24 को आनंद का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया। आनंद कुमार ने आयुक्त की अध्यक्षता में गठित मण्डल स्तरीय अपीलीय कमेटी में अपील की, लेकिन उसे वहां से भी कोई राहत नहीं मिली। ऐसे में नियम-कानून के मुताबिक आनंद कुमार की ओर से अपने सहयोगियों के साथ छल-कपट, कूटरचना से हासिल फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर क्रय-विक्रय की गयी भूमि व सम्पत्ति को जब्त किया जाना चाहिए। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने सभी जांच रिपोर्ट और आदेश की प्रति संलग्न करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर क़ानूनी कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया है और इस साजिश तथा गोरखधंधे में शामिल लोगों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

## राम मंदिर के द्वितीय तल पर डाली जा रही छत

**अयोध्या। अमृत विचार:** राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। मंदिर के प्रथम तल का कार्य लगभग पूरा होने के बाद अब दूसरे तल पर छत डाले जाने का कार्य भी शुरू हो गया है। इसके बाद मंदिर का शिखर तैयार किया जाएगा। दूसरी तरफ मंदिर की सुरक्षा और भव्यता के लिए बनाए जा रहे 800 मीटर की परिधि का परकोटे का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। परकोटे में 6 देवी देवताओं के मंदिर को तैयार करने का कार्य भी लगभग 70% पूरा कर लिया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य अपने समय में पूरा हो सके इसके लिए प्रयास चल रहा है। मंदिर निर्माण में 1600 मजदूर पहले से ही कार्य कर रहे हैं।



## पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने गुरुवार को रामलला का दर्शन किया। इसके बाद उन्होंने परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को भी देखा। इस दौरान उन्होंने एक होटल में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय से मुलाकात की। जहां पर लोगों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। सुनील गावस्कर ने कहा कि रामलला का दर्शन कर मैं धन्य हो गया हूं और यहां पर आकर बहुत अच्छा लगा।

रामलला के दर्शन के उपरांत सुनील गावस्कर आरजेबी थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय के साथ।

# फिल्मी रामलीला के लिए मिली जगह

अयोध्या कार्यालय




- 3 अक्टूबर से होगा लाइव प्रसारण बॉलीवुड के 42 कलाकार निभाएंगे पात्रों का किरदार

**अमृत विचार :** रामनगरी में फिल्मी सितारों की रामलीला का 1 अक्टूबर से प्रारम्भ होने जा रही है, लेकिन इस बार आयोजन स्थल के लिए बड़ी जद्दोजहद करनी पड़ी। अब अयोध्या धाम के बाहर लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर स्थित संस्कृति विभाग ने जगह उपलब्ध कराई है। देरी होने के कारण अभी मंच का निर्माण भी प्रारंभ नहीं हो सका है। डायरेक्टर सुभाष मलिक के मुताबिक कि मुंबई और दिल्ली के एक्सपर्ट दिन-रात मंच बनाने का कार्य पूरा करेंगे। 30 सितंबर को भूमि पूजन होगा।

अयोध्या में बीते 5 वर्षों से हो रही फिल्मी सितारों की रामलीला में रामायण के प्रसंगों के आधार पर मंचन ना होने से संतों में नाराजगी है, जिसके कारण साधु-संतों ने इस आयोजन से दूरी बना रखी है। इस वर्ष होने वाले आयोजन को लेकर डायरेक्टर सुभाष मलिक कई जगह गए, लेकिन उन्हें उचित स्थान नहीं मिल सका है। हालांकि सुभाष मलिक ने मामले में सफाई देते हुए बताया कि लक्ष्मण किला का मैदान छोटा पड़ रहा था। वहां पर गाड़ियों के आने-जाने में भी असुविधा हो रही थी। जानकी घाट स्थित कनक महल और उदासीन आश्रम प्रबंध समिति से भी मुलाक़ात किया गया था। नगर निगम के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि सरयू तट स्थित श्री राम कथा पार्क में आयोजन किए जाने को लेकर बुकिंग कर दी गई थी, लेकिन बुकिंग को कैंसिल कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि इस बार हम और सुंदर आयोजन करने जा रहे हैं। इस वर्ष रामलीला का लाइव प्रसारण डीडी भारती पर 3 से 12 अक्टूबर तक होगा। बॉलीवुड के 42 से ज्यादा कलाकार अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

## 53 करोड़ से रामकोट में बनाई जाएगी बहुमंजिला पार्किंग

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार।** रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को राममंदिर के निकट वाहन पार्किंग के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए धर्मार्थ कार्य विभाग ने कवायद तेज कर दी है। राममंदिर के निकट कटरा मोहल्ले में 474 वाहन क्षमता की स्वचालित बहुमंजिला मशीनीकृत पार्किंग का निर्माण कराया जाना है। इसमें पार्किंग के साथ श्रद्धालुओं को इसी परिसर में भोजन-जलपान और ठहरने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी।

राममंदिर के निकट रामकोट मोहल्ले में ही पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से बहुउद्देशीय बहुमंजिला पार्किंग के निर्माण की योजना बनाई थी, जिसको लेकर शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने राम मंदिर के निकट टेढ़ी बाजार-नयाघाट मार्ग पर अशर्फी भवन बैरियर के निकट नजूल विभाग की 2.13 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई थी। अब नियोजन विभाग के अधीक्षण अभियंता की ओर से प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है।

# काली चौरा क्षतिग्रस्त किए जाने से तनाव, पुलिस तैनात

मसौधा अयोध्या

- एसडीएम सोहावल व सीओ ने किया निरीक्षण, काली चौरा का कराया पुनर्निर्माण

**अमृत विचार :** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या -रायबरेली हाईवे के निकट दौलतपुर गांव के पास ग्रामीणों की आस्था का देवी स्थल काली का चौरा को बुधवार रात किसी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। गुरुवार सुबह ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न होते ही घटना की सूचना पूरा कलंदर पुलिस को दी गई।

उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी और क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों संप्रदाय के लोगों को बुलाकर वार्ता की और मामले को शांत कराया। तत्पश्चात ग्राम प्रधान को बुलवाकर काली का चौरा के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ करा दिया। ऐतिहातन मौके पर एक दरोगा सहित चार सिपाहियों को तैनात कर दिया गया है। उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी का कहना है कि देवी का स्थान काली चौरा दौलतपुर के हिन्दूओं की आस्था का केंद्र है। बगल में गैर संप्रदाय के व्यक्ति का खेत है। साजिश के चलते किसी शरारती तत्व ने रात काली का चौरा को क्षतिग्रस्त कर दिया। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी का कहना है कि मौके पर पहुंच कर क्षेत्रीय कानूनगो लेखपाल की मौजूदगी में दोनों संप्रदाय के लोगों को बुलाकर समझाकर मामला शांत करा दिया गया। काली चौरा के चबूतरे का पुनर्निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया है।

# 15 पंचायत सहायकों का एक दिन का मानदेय रोका

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी

- सूचना देने के बावजूद बैठक में रहे थे अनुपस्थित
- सहायक विकास अधिकारी ने तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा

**अमृत विचार :** विकासखंड संग्रामपुर के सहायक विकास अधिकारी राकेश कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को 15 पंचायत सहायकों का एक दिन का मानदेय रोक दिया और तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

मामला विकासखंड संग्रामपुर में 24 सितंबर को सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर खंड विकास अधिकारी शिव पूजन भारतीय की अध्यक्षता में बैठक की गई थी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा, जिसको सफल बनाने के लिए पंचायती राज विभाग का सहयोग रहता है। संग्रामपुर क्षेत्र में 37 ग्राम सभा हैं, जिसमें 36 पंचायत सहायक नियुक्त हैं। बैठक में 15 पंचायत सहायक अनुपस्थित थे, जिस पर सहायक विकास अधिकारी संग्रामपुर राकेश कुमार द्विवेदी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दिन का मानदेय रोककर तीन दिन के भीतर कारण बताने का स्पष्टीकरण मांगा है।

सहायक विकास अधिकारी राकेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि ग्रामसभा धौरहरा के पंचायत सहायक सोनाली सिंह, आशीष कुमार वनवीरपुर, अश्विनी प्रताप सिंह खौपुंरबुजुर्ग, प्रियांशू वर्मा अम्मरपुर, पूनम गुप्ता बदलापुर, मनीषा पतापुर, कृष्ण कसारा, नीलेश जरौटा, नीतू सिंह गूजीपुर, कुन्दन सिंह भवसिंहपुर, वंदना तिवारी सोनारी कनू, पूर्णिमा द्विवेदी कनू,कोमल सरैया बड़गांव, शुभम वर्मा गंगापुर ,शिवानी मौर्या गंगापुर जो बैठक में नहीं आये। इसमें अधिकतर नयी नियुक्ति वाले पंचायत सहायक हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से बालक की मौत

**अमेठी, गौरीगंज, अमृत विचार।** अमेठी के गौरीगंज थाना क्षेत्र में देर शाम रेलवे ट्रैक के किनारे खड़े एक 12 वर्षीय बालक की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की ओर से अब तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। सतलुज एक्सप्रेस की चपेट में आया था बालक। यह घटना काजीपट्टी गांव के पास हुई। रामपुर कुडवा गांव के निवासी दिनेश कुमार पाल का 12 वर्षीय बेटा उमेश किसी काम से लखनऊ-प्रतापगढ़ रेल ट्रैक के किनारे गया हुआ था। इसी दौरान सतलुज एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया।

## होटलों व ढाबों का किया जा रहा निरीक्षण



होटल के किचन का निरीक्षण करती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** अभिहित अधिकारी राजेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद के सभी ढाबों, होटलों, रेस्टोरेंट के सम्बंध में निर्गत नवीन आदेश के क्रम में विभिन्न ढाबा, होटल, रेस्टोरेंट इत्यादि प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं और अनुपालन के लिए आवश्यकता के अनुसार अलग-अलग समय दिया जा रहा है, जिसके अनुपालन हेतु एफएसएस एक्ट 2006 की धारा 32 अंतर्गत सुधार नोटिस जारी की जाएगी। नियत समय के उपरांत भी यदि खाद्य कारोबारी द्वारा अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जायेगा तो उसका लाइसेंस या पंजीकरण निरस्त किया जा सकता है और खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देशों का पालन न करने पर उनके विरुद्ध धारा 55 में विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## उप जिलाधिकारी ने रामलीला मैदान का किया निरीक्षण



व्यवस्थाओं का जायजा लेते उप जिलाधिकारी व समिति के अध्यक्ष। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार :** त्योहारों के मद्देनजर गुरुवार उपजिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी मसाला के नेतृत्व में रामलीला समिति के सदस्यों के साथ रामलीला मैदान, अंबेडकर तिराहा का निरीक्षण किया। समिति के अध्यक्ष राजेश मसाला ने उपजिलाधिकारी के साथ समिति के सदस्यों के साथ बातचीत की और वहां पर सुविधाओं को लेकर चर्चा की। क्योंकि आने वाले समय में दशहरा मेला है। भरत मिलाप को देखते हुए जगह और पानी की समस्याओं को लेकर निरीक्षण किया गया। साथ में रामलीला समिति के पूर्व अध्यक्ष पवन अग्रवाल और समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर हुई बैठक

संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी



पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित सीओ व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत मुसाफिरखाना कोतवाली व भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना परिसर में गुरुवार को आगामी दुर्गा पूजा दशहरा पर्व को लेकर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीओ अतुल सिंह ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम व सद्भाव के प्रतीक हैं, जिन्हें मिलजुल कर मनाने से सामाजिक समरसता बढ़ती है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला देते हुए कहा कि त्योहारों को मनाने में सरकार के दिशा निर्देश का अनुपालन जनहित में जरूरी है। कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह ने कहा कि त्योहारों में खलल डालने व शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निबटेगी। पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व परंपरागत तरीके से मनाए जायेंगे। कोई नई परंपरा शुरू नहीं होगी। उन्होंने सबसे सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन की तैयारियां पूरी हैं और जहां आवश्यकता होगी पुलिस हर संभव मदद करेगी।

मुसाफिरखाना कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह व भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना में थानाध्यक्ष तनुज पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सरेराह महिला को पीटने का आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार :** जिले में रविवार को बीच सड़क पर मंजू और उनके बेटे सूरज कुमार व उसके दोस्त को मुकेश कुमार अग्रहरि द्वारा बोलेरो से टक्कर मारकर उसको चेन से पीटा गया था, जिससे महिला की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र के महमदपुर गांव का था। गुरुवार की सुबह करीब 6:30 बजे पुलिस ने आरोपी मुकेश अग्रहरि को ककवा रोड पर स्थित कोरारी गिरधारशाह गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त एक लोहे की चेन और रिंच बरामद हुई है। गाड़ी के कागज न होने के कारण पुलिस ने गाड़ी को सीज कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### बच्चों को दी गई स्वच्छता की जानकारी



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार।** फुटवेयर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत गुरुवार को संस्थान एफडीडीआई के छात्राओं द्वारा तरौना प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को स्वछता ही सेवा के अंतर्गत अपने घर, स्कूल, और अपनी खुद की साफ सफाई के बारे में बच्चो को जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की इंचार्ज अरुणा सिंह और हिना कौसर, विष्णु सिंह, सीमान्त शुक्ला, बृजमोहन, अमन, आरुसी, अंशिका, स्वाति, पूजा आदि उपस्थित रहे।

### इंटर कॉलेज उड़वा ने टीएलएम प्रतियोगिता में मारी बाजी



शिक्षक को प्रमाण पत्र देते अधिकारी।

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज उड़वा ने मंडल स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) प्रदर्शनी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व प्रधानाचार्य बृजेंद्र कुमार सरोज और प्रवक्ता अंग्रेजी अनुराग मिश्रा ने किया, जिनकी नवाचारी प्रस्तुतियों ने निर्णायकों को प्रभावित किया। इस उपलब्धि पर संयुक्त शिक्षा निदेशक, अयोध्या मंडल और जिला समन्वयक समग्र शिक्षा ने दोनों शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### अधिवेशन में सभी सदस्यों से की एकजुटता की अपील



अधिवेशन में शामिल लोग। अमृत विचार

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार।** सीनियर बेसिक शिक्षक संघ अमेठी की तिलोई तहसील शाखा का अधिवेशन राजा विश्वनाथ शरण इण्टर कालेज तिलोई में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता सरदार पटेल इण्टर कालेज अहुरी के पूर्व प्रधानाचार्य रमाकांत मिश्र ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राज किशोर सिंह द्वारा सदस्यों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के निस्तारण हेतु किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी तथा मासिक बैठकों में कुछ विद्यालयों की लगातार अनुपस्थिति एवं अधिवेशनों में सभी सदस्यों के उपस्थित न होने पर चिंता व्यक्त की। जिला मंत्री अजय कुमार शुक्ला ने सभी सदस्यों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की। अधिवेशन को प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं अमेठी के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ अमेठी के महामंत्री रमाकांत मौर्य, जिला कोषाध्यक्ष गजराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव, जिला संयुक्त मंत्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तहसील मंत्री राम सुख, प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रताप सिंह, अमिताभ सिंह श्रीकृष्ण यादव सहित अनेकों शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने संबोधित किया।

### निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र, शुकुल बाजार के सभागार कक्ष व स्वामी विवेकानन्द कक्ष में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा व गणित प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस तीसरे बैच के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। गुरुवार को शिक्षकों को कक्षा 1 व 2 के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने से पूर्व ब्रिज कोर्स की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ संकुल स्तरीय शिक्षक संकुल की मासिक बैठक को कैसे प्रभावी बनाए ,गणित किट के उपयोग और प्रशिक्षण के अंतिम दिवस समस्त प्रतिभागियों द्वारा पोस्ट टेस्ट पूर्ण कर ट्रेनिंग का समापन किया गया।

### एफएलएन के पहले बैच के प्रशिक्षण का समापन

**संग्रामपुर, अमेठी :** जिले के संग्रामपुर ब्लाक क्षेत्र के बीआरसी पर चल रहे चार दिवसीय एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एवं नुमेरेसी) प्रशिक्षण के पहले बैच का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 शिक्षकों ने भाग लिया, जो कक्षा 1,2 और 3 में पढ़ाने के लिए नई तकनीकों से अवगत हुए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भाषा और गणित की दक्षताओं का प्रारंभिक विकास करना है। प्रशिक्षकों ने शिक्षण कार्य की नियमित गतिविधियों पर चर्चा की, ताकि शिक्षकों को इनका प्रभावी ढंग से उपयोग करने की जानकारी मिल सके।

## पेंशन बहाली को लेकर अटेवा ने किया प्रदर्शन

**गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार:** गौरीगंज मुख्यालय पर गुरुवार को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिले के शिक्षकों एवं उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदेश में कर्मचारियों द्वारा लगातार पुरानी पेंशन बहाली के मामले को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, पर सरकार द्वारा कर्मचारियों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है। धरना प्रदर्शन की अगुवाई अटेवा संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीराम अंजोर प्रजापति द्वारा की गई। वहीं इस मौके पर संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष अंकुर बरनवाल, पूर्व ब्लॉक कोषाध्यक्ष वंशराज, जिला कोषाध्यक्ष अरविंद बीरु, जिलामंत्री सुनील मौर्य, लालबहादुर आदि लोग मौजूद रहे।

**सफलता** डीएम व सीडीओ के निर्देशन में किसान भगेलूराम ने की रिकॉर्ड कमाई

# संकर लौकी की खेती से कमाए 1 .30 लाख रुपये

संवाददाता, अमेठी



किसान भगेलूराम की खेती देखने पहुंचे अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के भादर-पीपरपुर निवासी कृषक भगेलूराम ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत संकर लौकी की खेती कर अपने खेतों से न केवल बेहतरीन पैदावार हासिल की, बल्कि इससे लगभग 1.30 लाख की आय भी अर्जित की है। इसमें से 1 लाख की शुद्ध आय प्राप्त हुई है। भगेलूराम की यह सफलता जिलाधिकारी निशा अनंत और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के कुशल नेतृत्व तथा उद्यान विभाग द्वारा समय-समय पर दी गई तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन का परिणाम है।

भगेलूराम ने अपनी 0.4 हेक्टेयर भूमि पर संकर लौकी की खेती की शुरुआत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत की थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषकों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आय में वृद्धि करना है। उद्यान विभाग के अधिकारियों ने भगेलूराम को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया, बल्कि खेती के दौरान समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण कर उन्हें मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस तकनीकी सहायता की बदौलत भगेलूराम ने खाद और रासायनिक उर्वरकों का उपयोग उचित मात्रा में किया और अपनी एक एकड़ भूमि पर 85 कुंतल लौकी का उत्पादन किया। लौकी का उत्पादन इतना बेहतर हुआ कि स्थानीय बाजारों में इसे 15 से 20 प्रति किलो के थोक भाव पर बेचा गया।

### सरकारी योजनाओं से बढ़ी किसान की आत्मनिर्भरता

भगेलूराम ने अपनी सफलता का श्रेय राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत उद्यान विभाग द्वारा दी गई तकनीकी सहायता को दिया। उन्होंने बताया कि विभाग से समय-समय पर मिली जानकारी और स्थलीय निरीक्षण से खेती आसान हो गई। सही मात्रा में खाद एवं उर्वरकों के इस्तेमाल से न केवल पैदावार अच्छी हुई, बल्कि उत्पादन की लागत भी नियंत्रित रही, जिससे अधिक मुनाफा हुआ। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने भगेलूराम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह उदाहरण जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया है कि अमेठी के अधिक से अधिक कृषकों को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का लाभ दिलाने के लिए कार्य किया जाए, ताकि वे भी आत्मनिर्भर बनकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकें।

## एक नजर

### एमपीएमएलए कोर्ट में सदर विधायक की पेशी आज

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** एमपी/एमएलए कोर्ट में शुक्रवार 27 सितंबर को सदर विधायक राजेंद्र मौर्य सहित सात अभियुक्तों की पेशी है। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के चिलबिला स्थित हनुमान मंदिर, तालाब की जमीन के अभिलखों में गड़बड़ी की जानकारी के बाद वादी शंकर लाल ने कई वर्ष पहले मुकदमा दर्ज कराया था।

### रोजगार मेले में 122 अभ्यर्थियों का चयन

**मिर्जापुर। अमृत विचार :** अनगढ़ रोड स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में आयोजित रोजगार मेला में 122 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अलग-अलग पदों के लिए साक्षात्कार के जरिए अभ्यर्थियों का चयन किया। रोजगार मेला में 376 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी ओमजी गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### दीवार गिराने के मामले में 14 लोगों पर केस दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा के पटेहर गांव में एक महिला अपनी जमीन पर मकान बनवा रही थी। गांव के दबंग रविशंकर, नन्हकू, मीना, अकली, अस्मा, टीटी व आठ अन्य लोगों ने मिलकर 16 सितंबर को निर्माणाधीन मकान के दीवार को गिरा दिया और धमकी भी दी। आरोप है कि ईंट, बालू, गिट्टी आदि भी उठा ले गए। महिला की तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में पुलिस केस दर्ज कर जांच पड़ताल में शुरू कर दी है। प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया कि 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# कई थाना व चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

## प्रयागराज : 7 थानेदारों की गई कुर्सी, दरोगाओं को मिला चार्ज

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** पुलिस कमिश्नर प्रयागराज तरुण गाबा ने अपने 100 दिन पूरे होने के बाद कई थाना और चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदलाव कर दिया हैं। सात थानेदारों को लाइन हाजिर कर दिया। उनसे थानों का प्रभार लेकर पुलिस लाइन में आमद करा दी गई। जबकि कई थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया गया। कई थानेदारों से कुर्सी छिन गई तो कई दरोगाओं को चार्ज मिल गया।

इंस्पेक्टर तुषार दत्त त्यागी को प्रभारी निरीक्षक दारागंज से प्रभारी निरीक्षक बारा स्थानान्तरित किया गया है। इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर मिश्र को प्रभारी नारकोटिक्स सेल, क्राइम ब्रांच से प्रभारी निरीक्षक दारागंज बना दिया गया। इंस्पेक्टर

▸▸ **इंस्पेक्टर अनिल कुमार मिश्र को प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज किया गया स्थानान्तरित**

अनिल कुमार मिश्र को न्यायालय पुलिस आयुक्त से प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज स्थानान्तरित किया गया। इसी प्रकार निरीक्षक विरेन्द्र सिंह यादव को वाचक पुलिस उपायुक्त गंगानगर से प्रभारी निरीक्षक शिवकुटी, इंस्पेक्टर वीरेन्द्र कुमार मिश्रा को प्रभारी सोशल मीडिया सेल से प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा, इंस्पेक्टर विनोद कुमार को प्रभारी निरीक्षक बारा से पुलिस लाइन्स, इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार दुबे को प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज से पुलिस लाइन्स, इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह को प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा से पुलिस लाइन्स, इंस्पेक्टर पंकज कुमार राय को प्रभारी निरीक्षक सराय इनायत से पुलिस लाइन्स, दरोगा अभिषेक सिंह को प्रभारी चौकी विश्वविद्यालय कर्नलगंज से थानाध्यक्ष जार्जटाउन, दरोगा महेश मिश्रा को थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र से थानाध्यक्ष बहरिया, दरोगा कुशल कुमार तिवारी को पुलिस लाइन्स से थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र, दरोगा संजय प्रसाद गुप्ता को थानाध्यक्ष शिवकुटी से थानाध्यक्ष सरायइनायत, वंदना पाण्डेय को प्रभारी चौकी बादशाही मण्डी कोतवाली से थानाध्यक्ष महिला थाना, दरोगा राजीव श्रीवास्तव को थानाध्यक्ष जार्जटाउन से पुलिस लाइन्स, जय अम्बिका पासवान को थानाध्यक्ष महिला थाना से पुलिस लाइन्स, दरोगा रण विजय सिंह को थानाध्यक्ष बहरिया से पुलिस लाइन्स भेज दिया गया।

## विद्युत विभाग को हाईकोर्ट की फटकार

**लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचारः** फर्जी केस दर्ज कराने को लेकर हाईकोर्ट ने बिजली विभाग के जिम्मेदारों को फटकार लगायी है। साथ ही कोर्ट ने पीड़ित के खिलाफ दर्ज मुकदमें को खारिज करते हुए उसे निर्दोष होने का आदेश पारित किया है।

उदयपुर थाना के पूरे मना गांव निवासी विनोद सिंह के अनुसार वर्ष 2018 में बिजली विभाग द्वारा उनके खिलाफ विद्युत चोरी का फर्जी केस दायर कराया गया था। जानकारी होने पर पीड़ित ने अधिवक्ता प्रवीण कुमार सिंह द्वारा हाईकोर्ट लखनऊ में वाद दायर किया। पीड़ित ने कोर्ट को बताया कि बिजली विभाग द्वारा रेहुआ लालगंज बाजार स्थित जिस मकान को लेकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया, न तो वह मकान उनके नाम है और न ही विद्युत कनेक्शन से उसका कोई वास्ता है। बावजूद इसके विभाग द्वारा उनके खिलाफ केस दर्ज करा दिया गया। कोर्ट ने विनोद सिंह को दोषमुक्त करते हुए बिजली विभाग को कड़ी फटकार लगायी है।

# ज्ञान और कठिन परिश्रम से मिलती सफलता: प्रो. राजेश

संवाददाता, जौनपुर



कार्यशाला में शामिल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रो बायोलॉजी, एनवायरमेंटल साइंस, बायोकेमेस्ट्री विभाग एवं एमआरडी लाइफ साइंसेस लखनऊ द्वारा एवं कुलपति प्रो. वंदना सिंह की प्रेरणा से तीन दिवसीय 26 से 28 सितम्बर 2024 के कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विज्ञान संकाय में हुआ जिसके मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव रहे। उन्होंने बताया कि बदलते हुए वैश्विक परिवेश में कौशल विकास और हैंड्स ऑन ट्रेनिंग में मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के टूल्स तकनीक का महत्व बताते हुए प्रकाश डाला।

एमआरडी लाइफ साइंसेज के

▸▸ **विज्ञान संकाय में तीन दिवसीय कार्यशाला की हुई शुरुआत**

निदेशक मनोज वर्मा ने वर्कशॉप में होने वाले समस्त प्रैक्टिकल जैसे डीएनए आइसोलेशन, मॉलिक्यूलर क्लोनिंग, इलेक्ट्रोफोरेसिस जैसे महत्वपूर्ण तकनीक पर विस्तार से चर्चा की। विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने बताया कि नॉलेज, हार्ड वर्क, स्किल एवं एटीट्यूड से सफलता मिलती है, का मंत्र दिया। इस कार्यक्रम में 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के तथा मोहम्मद हसन कॉलेज के विद्यार्थी सम्मिलित रहे। संचालन माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन बायोकेमिस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के प्रो. राम नारायण, ऋषि श्रीवास्तव, डॉ. सिपाही लाल पटेल, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. ईशानी भारती आदि उपस्थित रहे।

## सर्पदंश से किशोर की मौत

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** घर में सो रहे किशोर की सर्पदंश से मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पीएम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

उदयपुर थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव निवासी अमृत लाल प्रजापति का 13 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र बुधवार की रात घर में सो रहा था। इसी बीच उसे एक जहरीले सर्प ने डस लिया। किशोर की चीख सुनकर घर के लोग दौड़े। सर्पदंश की जानकारी होते ही परिजन किशोर को इलाज के लिए अमेठी के गौरीगंज स्थित असैदापुर अस्पताल ले गये। जहां इलाज के दौरान जितेन्द्र की मौत को गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक पांच भाइयों व एक बहन में सबसे छोटा था। उदयपुर पुलिस ने सूचना पर शव को पीएम के लिए भेजवाया। पीएम के बाद गुरूवार को परिजनों ने गांव में ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# विधानसभा चुनाव और दमदारी से लड़ेगी पीडीए : श्याम लाल

संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी पीडीए गठबंधन आने वाले विधानसभा चुनाव को और दमदारी से लड़ेगी। इसकी तैयारी में कार्यकर्ता जुट गए हैं। उक्त बातें विष्णुपुर में गुरुवार को कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कही।

कहा कि भाजपा सरकार में अपराध चरम पर है। किसान, मजदूर, युवा सब परेशान है। कार्यकताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए मनोबल बढ़ाया। सांसद डॉ. शिवपाल सिंह पटेल ने जनपद के



सपा कार्यकर्ता सम्मेलन में मंच पर मौजूद प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, सांसद डॉ.शिवपाल सिंह पटेल। अमृत विचार

▸▸ **कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पीडीए जन पंचायत में बोले सपा प्रदेश अध्यक्ष**

विकास के लिए कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगा। रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा ने कहा कि इस सरकार में आए दिन लोगों को फसाने की नई-नई तरकीब शुरू की जा रही है। इं. विजय यादव के आवास पर सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का स्वागत किया गया। इसके पूर्व सपा कार्यकर्ताओं ने जगह - जगह प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का स्वागत किया। एमएलसी मान सिंह यादव, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, शांति सिंह, मनीष पाल, डॉ. शेर बहादुर यादव, संतोष यादव, शकील अहमद, आशुतोष पांडेय ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस दौरान जावेद खान, गुलफाम खान, सफात खान, शेर बहादुर यादव, अहमद अली, उत्तम यादव, माता प्रसाद दुबे, उर्मिला यादव, अनिल मौर्य, संजीव पटेल आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कृषि मंत्रणा 2024 का आगाज

संवाददाता, नैनी




अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कृषि मंत्रणा 2024 का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि यूपी कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के सभापति बाल्मीकि त्रिपाठी।

**अमृत विचारः** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में कृषि व्यवसाय में उद्यमिता विकास और आत्मनिर्भर कृषि में कृषि तकनीक की स्थिरता पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'कृषि मंत्रणा 2024' का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि यूपी कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के सभापति बाल्मीकि जी त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजेन्द्र बी लाल ने की। एसकेआर कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति डा. अरूण कुमार विशिष्ट अतिथि थे, जिन्होंने कृषि उद्योग में स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अकादमिक नेतृत्व को महत्वपूर्ण बताया।

मुख्य अतिथि त्रिपाठी ने कृषि उन्नति के प्रति समर्पण, स्थायी कृषि को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों के कार्य पर एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। कहा कि कीटनाशक के अधिक उपयोग का कुप्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता है। प्रो. राजेंद्र बी लाल ने खेती में उर्वरकों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके लाभों के बारे में बताया। जीपी सिंह, संयुक्त निदेशक, भारत सरकार ने कीटनाशक के उपयोग को लेकर एसओपी के बारे में बताते हुए किसानों को जागरूक करने की बात कही। प्रति कुलपति प्रशासन प्रो. बिस्वरूप मेहरा ने टिकाऊ प्रथाओं का समर्थन करने वाले और नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। फेकल्टी डीन प्रो. आशीष एस नोएल ने सभी अतिथिगणों का स्वागत किया तथा शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं से कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और चुनौतियों के समाधान खोजने का आवाहन किया। अपर कुलसचिव प्रो. सी जॉन वेस्ली ने विश्वविद्यालय की 114 वर्षों की उपलब्धि को संक्षेप में बताया। संयुक्त कुलसचिव डा. अमीष जॉन स्टीफन ने संचालन किया। कार्यक्रम में बीएचयू के प्रोफेसर कल्याण, प्रो. पीएस बादल, भारत सरकार के प्लान्ट प्रोटेक्शन अधिकारी अमित कुमार सिंह, अधिवक्ता नीरज द्विवेदी, पीसीएफ क्षेत्रीय प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

# गैर इरादतन हत्या के दोषी को 10 साल का कारावास

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने गैर इरादतन हत्या, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए प्रदीप बनवासी निवासी मनैतापुर, थाना कन्धई को 10 वर्ष की कारावास तथा 16 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

वादी मुकदमा बृजेश बनवासी निवासी मनैतापुर, थाना कंधई ने कोर्ट को बताया कि पड़ोसी उदय राज का 19 वर्षीय बेटा प्रदीप मानसिक रूप से अस्वस्थ था। वह हमेशा उटपटांग हरकतें करता रहता था और लोगों को मारपीट भी देता था। 11 दिसंबर 2019 को दिन में समय करीब तीन बजे बृजेश बनवासी का 3 वर्षीय लड़का विनोद बनवासी घर के बाहर खेल रहा था। खेलने के दौरान प्रदीप कुमार आया और उसके लड़के विनोद को पत्थर से मारा जिससे उसके लड़के का सिर फट गया। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। विपक्षी ने बृजेश बनवासी की पत्नी नंदिनी बनवासी को भी डंडे से मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। अभियोजन की ओर से सात गवाहों के माध्यम से 12 प्रदर्शों को साबित कराया गया। राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी क्रिमिनल योगेश कुमार शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने की।

## सार-संक्षेप

### डीएम ने मुण्डेरा मण्डी स्थित वेयर हाउस का किया निरीक्षण



मुंडेरा मंडी मे वेयर हॉउस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने गुरुवार को मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण सुरक्षित ढंग से पाया गया। उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सुरक्षा व्यवस्था और बारिश के दृष्टिगत कक्षों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। वेयर हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थायें व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा, चकबन्दी विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भाजपा पार्षद के भतीजे ने सफाईकर्मी को पीटा, हंगामा

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** नगर निगम की भाजपा पार्षद सुनीता चोपड़ा के भतीजे सनी चोपड़ा ने गुरूवार को एक सफाई कर्मचारी की पिटाई कर दी। पिटाई के बाद पार्षद के भतीजे ने सफाईकर्मी को पुलिस के हवाले कर दिया। साथी सफाई कर्मचारी की पिटाई की सूचना मिलने पर कार्य का बहिस्कार करते हुए बड़ी संख्या मे कोतवाली पहुंचकर घेराव करते हुए हंगामा शुरु कर दिया। बड़ी संख्या में जुटे सफाई कर्मचारियों ने पार्षद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब दो घंटे हुए हंगामे से खलबली मच गई। कुछ देर के बाद सभी कर्मचारी पार्षद के भतीजे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और उसको गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे। पार्षद के भतीजे ने सबके सामने सफाई कर्मी से माफी मांगी। जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। इसके बाद सभी कर्मचारी अपने काम पर वापस लौटे। सफाई कर्मचारियों के कार्य बहिस्कार से पूरी सफाई व्यवस्था चरमरा गई।

### शिवबिलास अध्यक्ष, अजय कुमार चुने गए महामंत्री



सर्वसम्मति से चुने गए उमरवैश्य नवयुवक संघ के पदाधिकारी।

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिला उमरवैश्य समाज सभा के पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को उमरवैश्य धर्मशाला चिलबिला में जिलाध्यक्ष गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में हुई। इसमें उमरवैश्य नवयवुक संघ के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। शिवबिलास को अध्यक्ष और अजय कुमार को महामंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। कोषाध्यक्ष अरविंद उमरवैश्य बने। जिला संगठन के पदाधिकारियों ने नामित पदाधिकारियों से संगठन का विस्तार करने की अपील की है। संचालन महामंत्री शोभनाथ व आभार प्रदर्शन मदनलाल उमरवैश्य ने जताया। बैठक में रोशनलाल उमरवैश्य, कैलाश, देवेन्द्र गुप्ता, श्रीराम, हनुमान प्रसाद, श्रवण कुमार, मदनलाल, रामजी, राजाराम, महिमा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी प्रतियोगिता के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियगिता के लिए कोन ब्लॉक के जगापट्टी उच्च प्राथमिक विद्यालय में सुबह 10 बजे जिला स्तरीय और दोपहर दो बजे मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ और उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ की तरफ से प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 सितंबर तक कौशांबी में किया जाना है। क्रीड़ा अधिकारी भानु प्रसाद ने बताया कि सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए कोन ब्लॉक के जगापट्टी उच्च प्राथमिक विद्यालय में सुबह जिला स्तरीय और दोपहर में मंडल स्तरीय चयन ट्रायल ट्रायल हुआ। जिसमें 10 मिर्जापुर के और 2 भदोही के खिलाड़ी चुने गए। इसमें मिर्जापुर की अंजलि, कंचन, निधि सिंह, सोनम यादव, पूनम कुमारी, सुमन कुमारी, तुलसी, अदिती, छोटी यादव, शिवानी और भदोही की रिया यादव व खुशी शामिल हैं। सुरक्षित खिलाड़ियों में अर्पिता यादव, निधि यादव आदि शामिल हैं।

### 175 दिव्यांग बच्चे उपकरण के लिये किये गये चिन्हित

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** स्थानीय बीआरसी में समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल के निर्देश में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय की देख रेख में उपकरण मामन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एलिमको विभाग की टीम से डॉ. रामानंद, डॉ. जमालुद्दीन, ऑडियो लाजिस्ट राकेश कुमार मौजूद रहे। 225 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। कुल 175 बच्चों को उपकरण के लिए चिन्हित किया गया। जिला समन्वयक शशिधर उपाध्याय ने दिव्यांग बच्चों को उपकरण की उपयोगिता बताया।

## बच्चों की कम उपस्थिति पर 138 प्रधानाध्यापकों का रुका वेतन

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचारः** जिले में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत 138 परिषदीय विद्यालयों में 65 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर नोटिस जारी कर प्रधानाध्यापकों का वेतन रोक दिया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को 80 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा। शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने जवाब तलब किया है। साथ ही संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापकों को छात्रों की न्यूनतम उपस्थिति 80 प्रतिशत होने तक वेतन अवरूद्ध करने के आदेश भी बीएसए ने दिए हैं। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जारी नोटिस में कहा है कि प्रत्येक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को 2025 तक निपुण बनाना है। शासन के आदेश प्रत्येक विद्यालय में उपस्थित कम से कम 80 प्रतिशत होने चाहिए। बीएसए ने 138 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, प्रभारी प्रधानाध्यापकों का वेतन उपस्थिति में सुधार होने तक अवरूद्ध करने के आदेश दिए हैं। साथ ही बीईओ को अपने स्तर से संबंधित विद्यालयों के कक्षाध्यापकों को नोटिस कर जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए हैं।

## देवहट में भी गोशाला बनाई जाएः दयासागर

**हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचारः** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत देवहट -ड्रमंडगंज के देवहट गांव में गोशाला का निर्माण कराना अति आवश्यक हो गया है। गोशाला का निर्माण होने से किसानों के फसल की सुरक्षा तो होगी ही साथ ही गोवंश का संरक्षण हो सकेगा। उक्त बातें देवहट -ड्रमंडगंज के पूर्व प्रधान व आदर्श श्री शिव प्रसाद संस्कृत महाविद्यालय के सेवानिवृत्त हिन्दी विभागाध्यक्ष 80 वर्षीय दयासागर गुप्त ने कही। उन्होने कहा कि सैकड़ों गोवंश सड़कों व गलियों में घूमते हुए मिल जायेंगे जिनके चारा-पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। वे गोवंश या तो किसानों फसल चरते हैं या कि हाइवे पर पहुंच कर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं।

# पीड़ित परिजनों से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता, मिर्जापुर



पीड़ित के घर मौजूद सपा प्रतिनिधिमंडल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मझवां विकास खण्ड के कछवां थानान्तर्गत ग्राम बजहां में 10 वर्षीय बालक अंशु पुत्र सचानू राम की जघन्य हत्या किये जाने की घटना की जांच एवं पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। इस दौरान जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि प्रदेश में हत्या और दुष्कर्म की घटनायें चरम पर है।

समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सपा के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में मझवां विकास खण्ड के कछवां थानान्तर्गत ग्राम बजहां पहुंचा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि प्रदेश में हत्या व दुष्कर्म की घटनायें चरम पर है। इस सरकार से किसान, व्यापारी भी परेशान है। जनपद में भी घटनाओं का इजाफा हुआ है। जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में इन्हे सबक सिखाने का काम करेगी। चौधरी ने कहा घटना की जानकारी की रिपोर्ट बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को भेजी गई है। इस मौके पर बालक के पिता सचानू राम को आर्थिक सहायता राशि भी दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में राजेश भारती, संजय यादव, इन्दू कुमारी, सियाराम जैसल, रामगोपाल बिन्द, रामजी मौर्या, आदर्श यादव, अमिताभ पाण्डेय, सुभाष पटेल, झल्लू यादव, गुलाब यादव आदि शामिल थे।

# शहर को बनाना है प्लास्टिक मुक्त : कौशल्या नंदन गिरी

संवाददाता, प्रयागराज




शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने को जागरूकता रैली निकालते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** संगम नगरी प्रयागराज में समर्पित ट्रस्ट और नगर निगम प्रयागराज की ओर से शहर को प्लास्टिक फ्री बनाने को लेकर गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली में नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर और यूपी किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य कौशल्यानंद गिरी (टीना मां) ने बड़ी संख्या में किन्नर और ट्रांसजेंडर शिष्यों सहित शामिल हुई।

सिविल लाइंस के सुभाष चौराहा से पत्थर गिरिजाघर तक स्वच्छता जागरूकता के लिए निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में पोस्टर बैनर के साथ किन्नरों और ट्रांसजेंडर ने भी हिस्सा लिया। रैली में शामिल किन्नरों ने लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने के लिए जागरूक किया। प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को बताया। प्लास्टिक पर्यावरण के लिए भी बेहद खतरनाक है। इस मौके पर किन्नरों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए भी लोगों को स्वच्छता और पॉलिथीन मुक्त शहर बनाने के लिए जागरूक किया। रैली में नगर निगम की अपर नगर आयुक्त दीपशिखा पांडेय ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि तीन महीने बाद प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को प्लास्टिक फ्री घोषित किया है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए यह जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक

▸▸ **समर्पित ट्रस्ट व नगर निगम ने निकाली विशाल जागरूकता रैली**

किया जाए कि वह प्लास्टिक का प्रयोग बंद करें। इस मौके पर यूपी किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य कौशल्या नंद गिरी (टीना मां) ने भी लोगों से अपील की है कि प्लास्टिक के बजाय कपड़े के थैले का प्रयोग करें। महापौर गणेश केसरवानी ने भी लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के प्रयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाए तभी शहर स्वच्छ होगा। स्वच्छता अभियान में समर्पित ट्रस्ट के अध्यक्ष नाजिम अंसारी, किन्नर अखाड़ा की श्रीमहंत संजनानंद गिरि, नैना, शोभा, शीतल, मनीषा, शिवानी, राधिका सहित बड़ी संख्या में शिष्य शामिल हुए।

# कुपोषण से बचने के लिए करें मोटे अनाज का सेवन

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचारः** कृषि विभाग द्वारा गुरुवार को विकास खण्ड मुफ्तीगंज स्थित बीआरसी सभागार में उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार योजना अंतर्गत स्कूल अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन, महत्व एवं उपयोगिता से अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षक उप परियोजना निदेशक (आत्मा) कृषि प्रसार डा. रमेश चंद्र यादव ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि कुपोषण की मुश्किल चुनौती जो एक बड़ी आबादी को घेरे हुए हैं उससे छुटकारा पाने के लिए सबसे कारगर तरीका है मोटे अनाज का सेवन। कभी हमारे जीवन में आहार का महत्वपूर्ण अंग होने वाले मोटे अनाज आज हमारे जीवन आधार से काफी दूर हो चुके हैं। अगर आज की मानव पोषण की जरूरतों को समझा जाए तो मोटा अनाज हमारे स्वास्थ्य लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कृषि वैज्ञानिक डा. संदीप कुमार ने मिलेट्स की उत्पादन तकनीकी, उसके महत्व की जानकारी दिया। अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी कन्हैया लाल तथा संचालन एडीओ एजी. शिवम गुप्ता ने किया। इस मौके पर बेसिक शिक्षा विभाग के 50 शिक्षक/शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## एक नजर

### सीतारमण ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से मुलाकात की और फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा तथा जलवायु कार्रवाई के क्षेत्र सहित द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। समरकंद में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक से इतर सीतारमण ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से मुलाकात की। बैठक में सुझाव दिया कि चूंकि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच पर्यटन लगातार बढ़ रहा है, इसलिए फिनटेक में सहयोग तथा सीमा पार वास्तविक समय भुगतान प्रणाली पर द्विपक्षीय चर्चा से दोनों देशों के छात्रों, पर्यटकों और व्यवसायों को फायदा होगा।

### मेक्सिको के डॉ रेड्डीज पर 28 लाख का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज ने गुरुवार को कहा कि मेक्सिको के दवा नियामक ने उसपर करीब 28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हैदराबाद स्थित दवा कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि मेक्सिको के दवा नियामक सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) में से एक के लिए यह जुर्माना लगाया। जुर्माना एक एपीआई के मामले में आयात की सूचना दाखिल करने के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों को पूरा नहीं करने के कारण लगाया गया है।

### एनटीपीसी ने संयुक्त उद्यम समझौते पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने हरित परियोजनाओं के लिए महात्मा फुले नवीकरणीय ऊर्जा व अवसंरचना प्रौद्योगिकी (महाप्रीट) के साथ संयुक्त उद्यम समझौता किया है। एनटीपीसी ने कहा कि संयुक्त उद्यम महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य में 10 गीगावाट के अक्षय ऊर्जा पार्क का विकास करेगा। समझौते पर एनजीईएल के सीईओ राजीव व महाप्रीट एमडी बिपिन ने हस्ताक्षर किए।

# जीएसटी दर युक्तिकरण: जीओएम ने 12% स्लैब में कटौती पर की चर्चा

## 100 से अधिक वस्तुओं पर कर घटाकर 5% करने पर किया गया विचार

- 20 अक्टूबर की बैठक में साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर की होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह ने 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि आम आदमी को राहत देने के लिए कुछ वस्तुओं पर कर की दर को 12 से घटाकर 5% करने का मुद्दा भी इसमें शामिल है।

भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इसमें साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर भी चर्चा होगी। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने 12% स्लैब में चिकित्सा तथा औषधि से संबंधित वस्तुओं पर कर दर में कटौती का मुद्दा उठाया तथा अगले महीने होने वाली बैठक में इस पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। कर की दर कम करने से होने वाली राजस्व हानि की भरपाई के लिए, मंत्री समूह ने ऐराटिड जल व पेय पदार्थों सहित कुछ वस्तुओं पर कर की दर को वर्तमान 28 प्रतिशत जीएसटी तथा उपकर से बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की। वर्तमान में, जीएसटी चार-स्तरीय कर संरचना है। इसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की स्लैब हैं।

### 18% स्लैब की कुछ वस्तुएं आ सकती है 28% स्लैब में

जीएसटी कानून के तहत वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40% तक का कर लगाया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि जीएसटी के तहत औसत कर की दर 2024 में घटकर 11.56% हो गई है। बंगाल ने सुझाव दिया कि जीएसटी परिषद की 23वीं बैठक में लिए निर्णय पर फिर से विचार होना चाहिए जिसमें 28% के स्लैब को हटाकर 178 वस्तुओं पर कर की दरें घटाई गई थीं। इससे अधिक राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी और साथ ही वस्तुओं पर कर की दर को घटाकर 5% पर लाकर आम आदमी को राहत मिलेगी। मंत्री समूह 20 अक्टूबर की बैठक में सदस्यों के विचारों पर विमर्श करेगा और सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा। हालांकि 18% स्लैब में शामिल कुछ वस्तुएं जैसे हेयर ड्रायर, हेयर कर्लर, तथा सौंदर्य या मेक-अप (उत्पाद फिर से 28% स्लैब में आ सकते हैं।

# निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प स्टॉक/इक्विटी

स्टॉक या इक्विटी में निवेश करना एक आकर्षक विकल्प है जो निवेशकों को कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। यह दीर्घकालिक संपत्ति वृद्धि, नियमित लाभांश आय, और विविधीकरण के अवसरों के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा बढ़ा सकता है। जब निवेशक किसी कंपनी के शेयर खरीदते हैं, तो वे कंपनी के स्वामित्व का अनुभव करते हैं, साथ ही विकास में भागीदारी भी करते हैं। अच्छे प्रबंधन वाली कंपनियां उच्च रिटर्न और स्थिरता का आश्वासन देती हैं। इसके अलावा स्टॉक्स में उच्च लिक्विडिटी होती है, जिससे निवेशकों को अपनी जरूरत के अनुसार त्वरित परिवर्तनीयता मिलती है। इसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करते हैं...




### निवेश के फायदे

- **दीर्घकालिक वृद्धि :** शेयर बाजार में निवेश आमतौर पर लंबे समय में उच्च रिटर्न प्रदान करता है, जिससे संपत्ति में वृद्धि होती है।
- **लाभांश आय :** कई कंपनियां नियमित लाभांश देती हैं, जो निवेशकों के लिए स्थिर आय का स्रोत बन सकता है।
- **विविधीकरण :** कई कंपनियों में निवेश करके निवेशक पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं, जिससे जोखिम कम होता है।
- **स्वामित्व का अनुभव :** स्टॉक खरीदने पर निवेशक कंपनी के मालिक बन जाते हैं, जिससे उन्हें वोटिंग अधिकार और अन्य फायदे मिलते हैं।
- **प्रबंधन :** सफल कंपनियां अच्छी प्रबंधन टीमों से संचालित होती हैं, जो उनके विकास और मुनाफे में सहायक होती हैं।
- **लिक्विडिटी :** स्टॉक्स को आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है, जिससे निवेशकों को फंड्स त्वरित मिल जाता है।
- **आर्थिक विकास :** स्टॉक में निवेश करके, निवेशक देश की आर्थिक प्रगति में योगदान करते हैं और इससे लाभ भी कमाते हैं।

### इक्विटी/स्टॉक के प्रकार

**कॉमन :** आम शेयर, जिनके धारक कंपनी के लाभ और वोटिंग अधिकारों में हिस्सेदार होते हैं।

**प्रिफर्ड :** प्रिफर्ड शेयरधारक को पहले लाभांश मिलता है, उनके पास वोटिंग अधिकार नहीं होते।

### जोखिम

- **कंपनी :** कंपनी के प्रदर्शन, प्रबंधन की गुणवत्ता, और उद्योग में प्रतिस्पर्धा से स्टॉक की कीमत में कमी आ सकती है।
- **तरलता :** कुछ स्टॉक्स में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे उन्हें समय पर खरीदना या बेचना मुश्किल हो सकता है।
- **प्राइस वोलाटिलिटी :** स्टॉक्स की कीमतें उतार-चढ़ाव करती हैं, जिससे निवेशकों को नुकसान हो सकता है।
- **आर्थिक :** परिस्थितियां, जैसे ब्याज दरों में वृद्धि या मुद्रा स्फीति, मार्केट को प्रभावित कर सकती हैं।
- **राजनीतिक :** राजनीतिक घटनाएं, जैसे चुनाव, नीतिगत बदलाव, या व्यापारिक विवाद, स्टॉक्स के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं।
- **भावनात्मक निर्णय :** बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशक अक्सर भावनात्मक निर्णय लेते हैं, जिससे नुकसान हो सकता है।

# उत्तर प्रदेश आम के उत्पाद में अग्रणी पर निर्यात में फिसड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आम उत्पादन में उत्तर प्रदेश भले अग्रणी हो लेकिन, निर्यात में देश फिसड्डी है। आम निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 फीसद है। आम के प्रमुख निर्यातक देश थाईलैंड, मैक्सिको, ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान आदि। आम निर्यात की अपार संभावनाएं अमेरिका और यूरोपीय देशों में। ऐसे में यूएस और यूरोपियन देशों के निर्यात मानकों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास रेडिएशन ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी। अभी तक उत्तर भारत में कहीं भी ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है।



- आम के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 फीसद
- प्रमुख निर्यातक थाईलैंड, मैक्सिको ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान

प्लांट चालू होने पर उप्र के बागवानों के लिए यूएस और यूरोपियन देशों के बाजार तक पहुंच आसान होगी। चूंकि उप्र में आम का अधिक उत्पादन होता है, इसलिए निर्यात के नए अवसर का लाभ भी यहीं के बागवानों को मिलेगा। रेडिएशन ट्रीटमेंट तकनीक में निर्यात होने वाले फल, सब्जी, अनाज को रेडिएशन से गुजरा जाता है। इससे उनमें मौजूदा कीटाणु मर जाते हैं और ट्रीटेड उत्पाद की सेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। प्लांट चालू होने पर उप्र. के आम के लिए यूएस और यूरोप के बाजार तक पहुंच आसान होगी।

### यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लंगड़ा की मांग

पिछले साल इनोवा फूड के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लगड़ा की मांग है। उनके निर्यात के मानकों को पूरा किया जाय तो उत्तर प्रदेश के लिए यह संभावनाओं वाला बाजार हो सकता है। ये दोनों प्रजातियां यहीं पैदा होती हैं।

### रंगीन आम पोषक तत्वों से भी भरपूर

लाल रंग के आम की प्रजातियां सिर्फ देखने में आकर्षक नहीं होती। स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहतर हैं। आम या किसी फल के लाल रंग के लिए एंथोसायनिन जिम्मेदार होता है। इससे पौष्टिकता बढ़ जाती है। शोध बताते हैं एंथोसायनिन मोटापे और मधुमेह की रोकथाम में सहायक है। यह संज्ञानात्मक और मोटर फंक्शन को मॉड्यूलेट करने, याददाश्त बढ़ाने और तंत्रिका कार्य में उम्र से संबंधित गिरावट को रोकने में भी मददगार हैं।

# सरकार की दूसरी छमाही में 6.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की योजना

- 20,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड भी इसमें शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने अपना उधारी लक्ष्य बरकरार रखते हुए आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए दूसरी छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामी से 6.61 लाख करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 2024-25 के बजट में निर्धारित 14.01 लाख करोड़ के सकल बाजार कर्ज में से 6.61 लाख करोड़ (47.2%) प्रतिभूतियां जारी कर जुटाने की योजना है। इसमें 20,000 करोड़ के सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) भी शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि 21 साप्ताहिक नीलामियों से 6.61 लाख करोड़ की उधारी जुटाई जाएगी। बाजार उधारी तीन, पांच, सात, 10, 15, 30, 40 एवं 50 साल की प्रतिभूतियों में फैली होगी। इनमें तीन साल की परिपक्वता अवधि वाले कर्ज की हिस्सेदारी 5.3% और 10 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूतियों का हिस्सा 24.8% होगा।

### विकास में तेजी रहने की उम्मीद: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** सरकार ने खरीफ बुवाई के उच्च क्षेत्रफल को खाद्य मूल्य परिदृश्य के लिए शुभ संकेत बताते हुये कहा कि मानसून के विषम स्थानिक वितरण के प्रभाव की निगरानी की जरूरत है और जैसे-जैसे सार्वजनिक व्यय बढ़ता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है समग्र विकास में भी आने वाली तिमाहियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की आज जारी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि चालूवित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक गति बरकरार रही।



## एक नजर

### जीवित्पुत्रिका पर डूबने से 43 की मौत, तीन लापता

**पटना।** बिहार में जीवित्पुत्रिका व्रत त्योहार के दौरान अलग-अलग घटनाओं में नदियों और तालाबों में पवित्र स्नान करते समय 37 बच्चों समेत 43 लोगों की डूबने से मौत हो गई तथा तीन अन्य लापता हो गए। राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। ये घटनाएं बुधवार को त्योहार के दौरान राज्य के 15 जिलों में हुईं। जीवित्पुत्रिका त्योहार के दौरान महिलाएं अपने बच्चों की कुशलता के लिए व्रत रखती हैं।

### 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 30 लाख ठगे

**नोएडा (उप्र)।** साइबर ठगों ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का कर्मचारी होने का दावा करते हुए महिला को धनशोधन में फंसाने झांसा देकर 30 लाख ठग लिए। साइबर अपराध थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सेक्टर 77 की प्रियंका बंसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो सितंबर को उनके पास फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताया। फोनकर्ता ने प्रियंका के आधार कार्ड पर सिम कार्ड ख़रीदने और उस कार्ड से धनशोधन का दावा करते हुए कहा कि अब तक करोड़ों की हेरा फेरी हो चुकी है। महिला डर गई और ठगों ने 12 दिन बाद 14 सितंबर को आरटीजीएस से 30 लाख रुपए अलग-अलग खातों में अंतरण करवाया।

### बोकारो में मालगाड़ी बेपटरी 15 ट्रेनों के मार्ग बदले

**रांची।** झारखंड के बोकारो में तुपकडीह स्टेशन के निकट मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इस घटना के बाद 15 ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा संभाग के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुमित नरूला ने 'बताया कि इस्पात ले जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे कल रात नौ बजे बोकारो जिले के तुपकडीह स्टेशन के निकट पटरी से उतर गये।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने गोला बारूद बरामद किए

**इम्फाल।** मणिपुर के थौबल जिले में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी गई। असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने टेकचाम मानिंग चिंग इलाके में संयुक्त अभियान के दौरान खाली मैगजीन के साथ एक 7.62 मिमी एसएलआर, दो एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक .32 पिस्तौल और 9 मिमी की एक पिस्तौल और एक खाली मैगजीन मिला। एक 51 एमएम पैरा बम, बिना डेटोनेटर के चार एचई-36 हैंड ग्रेनेड, दो इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर आदि भी मिलें।

# कांग्रेस के लाउडस्पीकर्स का करंट भी कमजोर

## प्रधानमंत्री ने कहा- हरियाणा में 10 सालों में विपक्ष के रूप में भी विफल रही है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा में 10 सालों में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है और जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, बड़े-बड़े दावे करने वाले उसके लाउडस्पीकर्स का करंट कमजोर रहा है। नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम में मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस की आंतरिक कलह से प्रदेश का बच्चा बच्चा वाकिफ है।

राज्य में फिर सरकार बनने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि यह इसलिए हो रहा है क्योंकि हरियाणा में पहली बार हुआ है कि सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा और युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के रोजगार मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पूरा आधार झूठ पर टिका है और उसके नेता बिना सिर पैर की बातें कर भाजपा की हवा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा की नाराजगी और पार्टी में गुटबाजी के मद्देनजर राजनीतिक विशेषज्ञों ने दावा किया था कि कांग्रेस की स्थिति पहले मजबूत थी लेकिन अब ग्राफ नीचे जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने इन विशेषज्ञों के लिए लाउडस्पीकर्स शब्द का इस्तेमाल किया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस का ज्यादातर समय आपसी गुटबाजी, लड़ाई और एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। मोदी ने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता कि हरियाणा में कांग्रेस के शासन के दौरान दलितों पर कितने अत्याचार हुए। कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोदी ने कहा कि वोट पाने के लिए हिमाचल कांग्रेस ने ऐसे वादे किए थे जैसे हर घर की सोने की छत बना देंगे लेकिन सरकार बनने के बाद उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। आज हिमाचल में कांग्रेस सरकारी मुलाजिमों को वेतन नहीं दे पा रही है। हरियाणा में अपनी दो चुनावी जनसभाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है।



- नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को किया संबोधित

### पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र दौरा रद

नई दिल्ली। पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री मोदी का महाराष्ट्र दौरा रद कर दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री आज पुणे का दौरा करने वाले थे, जहां उन्हें 20,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कुछ का लोकार्पण करना था। भाजपा सूत्रों ने कहा कि उनकी यात्रा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

# धर्म-रिलिजन में फर्क की मांग वाले अभ्यावेदन पर फैसला करे केंद्र : कोर्ट

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह रिलिजन शब्द के उचित अर्थ का उपयोग करने और इसे दस्तावेजों में धर्म के पर्याय के रूप में उपयोग नहीं करने की मांग करने वाले अभ्यावेदन पर शीघ्रता से निर्णय ले। याचिका में जनता को शिक्षित करने और धर्म-आधारित नफरत फैलाने वाले भाषणों को नियंत्रित करने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में धर्म और रिलिजन पर अध्याय शामिल करने का निर्देश देने की भी मांग की है। कोर्ट ने कहा कि अदालतें धार्मिक या दार्शनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य नहीं करती हैं और यहां तक कि विद्यालयी पाठ्यक्रम भी तय नहीं करती हैं व पाठ्यक्रम में अध्याय शामिल नहीं कर सकती हैं।

# मोदी ने व्यवस्थित रूप से रोजगार को किया खत्म : राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर देश में रोजगार व्यवस्थित रूप से खत्म करने का आरोप लगाया। करनाल के असंध में चुनावी रैली में लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विश्वास जताया कि कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी। रैली में कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश इकाई प्रमुख उदयभान और अन्य नेता मौजूद थे।

गांधी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी ने व्यवस्थित तरीके से देश में रोजगार व्यवस्था को खत्म कर दिया। गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा के कुछ प्रवासियों से मुलाकात की जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए थे क्योंकि उन्हें अपने गृह राज्य में रोजगार नहीं मिल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी वादों के बारे में भी बात की, जिसमें उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,000 रुपये प्रति माह और रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने की बात कही। गांधी ने कहा कि हरियाणा में दो लाख रिक्तियां भरी जाएंगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी का वादा किया है।



- सरकार पर हमला करते हुए गांधी ने कहा- भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया

# आधार-पैन विवरण सार्वजनिक करने वाली वेबसाइटें ब्लॉक

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीईआरटी-इन को वेबसाइटों के विश्लेषण से मिलीं कई कमियां

सरकार साइबर सुरक्षा प्रथाओं और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है लेकिन जो वेवासाइटें लोगों के आधार और पैन कार्ड की जानकारियां सार्वजनिक कर रही हैं उन्हें ब्लॉक कर दिया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइटें भारतीयों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी उजागर कर रही थीं। इसे गंभीरता से लिया गया है क्योंकि सरकार इनको ब्लॉक कर दिया है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम के तहत आधार के सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध के उल्लंघन के लिए संबंधित पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) को इन वेबसाइटों के विश्लेषण से कई कमियां मिली हैं।

# आयुष्मान भारत योजना के अधिकारी पांच लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो, करनाल की टीम ने गुरुवार को आयुष्मान भारत योजना, पंचकूला के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ रवि विमल को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि टीम को शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें करनाल जिले में निजी अस्पताल के संचालक ने बताया कि योजना के तहत उसके अस्पताल की सूचीबद्धता के निलंबन को रद करने के मामले में आरोपी ने 10 लाख की मांग की गयी थी।

# कांग्रेस शहरी नक्सलियों की प्रवक्ता : नड्डा

भुवनेश्वर, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उसे शहरी नक्सलियों का प्रवक्ता बताया और उस पर देश में विभाजनकारी शक्तियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। बुद्धिजीवियों की बैठक में नड्डा ने जम्मू कश्मीर में 370 को बहाल करने की पैरोकारी करने वालों के साथ चले जाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की।

नड्डा ने कहा कि 2019 में 370 प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह में नेतृत्व में निरस्त हुआ है। नड्डा ने एक देश, दो निशाना, दो विधान और दो प्रधान धारणा का विरोध करने वाले जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। नड्डा ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने का सुझाव दिया था, लेकिन नेहरू ने इसकी अनदेखी की। उन्होंने वामपंथी दलों की आलोचना की और दावा किया कि उनमें दिशा का अभाव है तथा वे अक्सर केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में लड़ाई में लिप्त रहते हैं तथा दिल्ली में फोटो खिंचवाने के लिए एकजुट होते हैं। बेरोजगारी एवं महंगाई पर राहुल एवं प्रियंका गांधी द्वारा सरकार की आलोचना का जवाब देते हुए नड्डा ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और वह खिलौनों एवं मोबाइलों के सबसे बड़े निर्यातकों में है। दरअसल दोनों भाई-बहन को आर्थिक मुद्दों की समझ नहीं है और वे महंगाई एवं बेरोजगारी पर अटके रहते हैं। नड्डा ने आयुष्मान भारत योजना की प्रशंसा की जो 55 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करती है। इस पहल से शीघ्र ही 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग लाभान्वित होंगे।



- वामपंथी दिल्ली में फोटो खिंचवाने के लिए होते हैं एकजुट

# आरोपी के अंतिम संस्कार के लिए सुरक्षा की मांग

**बदलापुर कांड**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे के रिश्तेदारों ने उसका अंतिम संस्कार करने के लिए गुरुवार को सुरक्षा की मांग की। शिंदे की पुलिस हिरासत में जवाबी गोलीबारी में मौत हो गई थी। उसके चाचा अमर शिंदे ने कहा कि उन्होंने शव दफनाने के लिए स्थान का चयन नहीं किया है। अक्षय के माता-पिता और उसके वकील को सुरक्षा दी जानी चाहिए क्योंकि उनकी जान को खतरा है। हमने इस अनुरोध के साथ उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री को ईमेल भेजा है।

# चुनाव बाद पीओके जम्मू-कश्मीर का होगा हिस्सा

जम्मू, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर पीओके भी जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बन जाएगा। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) पाकिस्तान से अलग होने की जोर-शोर से आवाज उठा रहा है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा कि कैसे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं । आदित्यनाथ ने आर एस पुरा इलाके में एक रैली में कहा कि शांतिपूर्ण चुनावों के जरिए भाजपा के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी जम्मू कश्मीर का हिस्सा बनने जा रहा है। पाकिस्तान में हंगामा मचा हुआ है, वे अपने लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश टूट रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान अपने लोकतंत्र की रक्षा करने में विफल रहा है। पाकिस्तान में आटा 500 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन और पांच लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते हैं। पाकिस्तान डूब रहा है, लेकिन भारत बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत है और दूसरी तरफ पाकिस्तान, वहां खाने की कमी है। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर उससे अलग होने की आवाज उठा रहा है। योगी ने कहा कि बलूचिस्तान कह रहा है कि हमारी केमिस्ट्री पाकिस्तान से मेल नहीं खाती।पाकिस्तान मानवता का दुश्मन है, यह मानवता के लिए कैंसर है। दुनिया को इस कैंसर से मुक्त होना चाहिए।



- सीएम योगी ने आरएस पुरा इलाके में रैली को किया संबोधित

# जमानत याचिका टली, पूजा को गिरफ्तारी से राहत चार तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी और गलत तरीके से सिविल सेवा में ओबीसी एवं दिव्यांगता कोटा का लाभ लेने के आरोप में दर्ज मामले में आईएएस की पूर्व ट्रेनी अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम राहत गुरुवार को चार अक्टूबर तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने उनके वकील के अनुरोध के बाद अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी। दिल्ली पुलिस के वकील ने अदालत से एक संक्षिप्त स्थगन की अनुमति का आग्रह करते हुए कहा कि एक बड़ी साजिश सामने आई है, जिसमें जालसाजी और दस्तावेज तैयार करना शामिल है। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील के अनुरोध पर, मामले को 4 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध किया जाए। अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

# बेंगलुरु महिला हत्याकांड के आरोपी ने ओडिशा में की आत्महत्या

बेंगलुरु/भुवनेश्वर, एजेंसी

- भद्रक जिले के धुसुरी थाना क्षेत्र में पेड़ से लटका मिला था आरोपी का शव
- डायरी में राय ने कबूली महालक्ष्मी की हत्या और शव के टुकड़े-टुकड़े करने की बात

बेंगलुरु की 29 वर्षीय महिला की नृशंस हत्या में शामिल मुख्य संदिग्ध ने ओडिशा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मुक्तिरंजन प्रताप राय (31) के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त (मध्य) शेखर एच टेक्कनवार ने बेंगलुरु में बताया कि वह ओडिशा के भद्रक जिले के धुसुरी थाना क्षेत्र में पेड़ से लटका मृत मिला था। भद्रक के एसपी वरुण गुंटुपल्ली ने बताया कि आरोपी भुईनपुर गांव का था और पुलिस ने घटनास्थल से एक डायरी भी बरामद की है जिसमें राय ने कबूल किया है कि उसने महिला महालक्ष्मी की हत्या करने के बाद उसके शरीर के 50 से अधिक टुकड़े कर दिए थे। आरोपी और महालक्ष्मी में प्रेम संबंध था एवं महिला द्वारा शादी के दबाव पर दोनों में झगड़ा होता था। इसलिए आरोपी ने उसकी हत्या की।

# शतरंज में महिलाओं के लिए लंबा है रास्ता : आनंद

मुंबई, एजेंसी

शतरंज ओलंपियाड में भारत की ऐतिहासिक दोहरी खिताबी जीत से बेहद खुश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यह आशाजनक शुरुआत है लेकिन देश में महिला शतरंज के लिए अब भी बहुत काम किया जाना बाकी है।

भारत ने रविवार को इतिहास रचा जब उसकी पुरुष और महिला दोनों टीमों ने शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। हाल के दिनों में जहां पुरुषों के खेल की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है और आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश जैसी युवा भारतीय प्रतिभाएं विश्व मंच पर धूम मचा रही हैं तो वहीं इसके विपरीत महिलाओं के खेल को इस गति से मेल खाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के कार्यक्रम के इतर आनंद ने कहा यह एक बहुत अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है कि अब भी लंबा रास्ता तय करना है क्योंकि हमें लगातार प्रगति करते रहना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिक से अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित किया जाए और मुझे लगता है कि यह परिणाम अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित करेगा। यही उम्मीद है। वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन करने वाले कई युवा भारतीयों का मार्गदर्शन करने वाले 54 वर्षीय आनंद ने देश के खिलाड़ियों द्वारा इतिहास रचे जाने पर खुशी जताई।



○ पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन बोले- देश के लिए आशाजनक शुरुआत है अभी और आगे जाना है

### चीन के परिणामों से चौंका नहीं

विश्वनाथन आनंद ने कहा सबसे पहले तो यह बहुत गर्व की बात है कि ऐसा हुआ। ऐसा नहीं है कि परिणाम ने मुझे चौंका दिया, यह कुछ घंटों पहले से ही हो रहा था, इसलिए आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन आपको अचानक यह अहसास होने पर खुशी होती है कि आप दोहरे ओलंपियाड चैंपियन हैं, मैं उन सभी को कई वर्षों से जानता हूं। मुझे व्यक्तिगत रूप से वहां रहना अच्छा लगा। मुझे दो बार राष्ट्रगान सुनने में मजा आया। और मुझे पता था कि पूरी दुनिया ने भारत के प्रदर्शन पर ध्यान दिया है। ओलंपियाड में भारत का प्रदर्शन सराहनीय है लेकिन आनंद ने चेतावनी दी कि अन्य टीमें अपने परिणामों का विश्लेषण करेंगी तथा और भी मजबूत होकर लौटेंगी। जब उनसे पूछा गया कि भारत को रूस, अमेरिका और चीन के स्तर तक पहुंचने में कितना समय लगेगा तो उन्होंने कहा आप जिस भी पैमाने का इस्तेमाल करते हैं, उसके आधार पर आप कह सकते हैं कि भारत नंबर एक या नंबर दो या अधिक से अधिक नंबर तीन है।

## आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भाग लेंगे शीर्ष निशानेबाज

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष निशानेबाज अगले महीने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में आठ मौजूदा ओलंपिक चैंपियन सहित विश्व के शीर्ष निशानेबाजों की चुनौती का सामना करेंगे।

विश्व कप फाइनल में 37 देशों के 132 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे जिसमें 12 ओलंपिक स्पर्धाओं में से प्रत्येक में सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज तय होगा। भारतीय टीम में 23 निशानेबाज हैं जिन्हें वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों से प्रवेश का भी फायदा मिलेगा। एनआरएआई के अध्यक्ष ने कहा यह भारत में प्रशंसकों और दुनिया भर के निशानेबाजों के लिए शानदार रहेगा।

# रॉबर्ट ने दिलाई बार्सिलोना को सातवीं जीत

मैड्रिड, एजेंसी

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने सात मैच में अपना सातवां गोल किया जिससे बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को यहां गेटाफे को 1-0 से हराकर लीग में लगातार सातवीं जीत हासिल की। बार्सिलोना की स्पेनिश लीग में यह दूसरी सबसे अच्छी शुरुआत है।

इससे पहले उसने 2017-18 में टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार सात मैच जीते थे। अगर वह ओसासुना के खिलाफ अपना अगला मैच जीत जाता है तो फिर 2013-14 के सत्र के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगा जब उसने सत्र की शुरुआत में लगातार आठ मैच जीते थे। बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक ने कहा मुझे वास्तव में अपनी टीम पर बहुत गर्व है। हमारे खिलाड़ी आखिर तक प्रयास करते हैं। बार्सिलोना इस सत्र में अभी तक सात मैच में 23 गोल कर चुका है जबकि उसके खिलाफ केवल पांच गोल हुए हैं। उसने मौजूदा चैंपियन और कड़े प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। पोलैंड के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की ने गेटाफे के खिलाफ 19वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। लीग मैचों में बार्सिलोना की तरफ से किया गया 6500वां गोल है।

### नीदरलैंड के क्लब ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम पहले हाफ में मिली बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और उसे यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपने कोच एरिक टेन हाग के पुराने क्लब एफसी ट्वेंटे से मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सैम लैमर्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच के दूसरे हाफ में क्रिश्चियन एरिक्सन की गलती का फायदा उठाया और नीदरलैंड के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल किया। इससे पहले एरिक्सन ने पहले हाफ में शानदार गोल करके यूनाइटेड को बढ़त दिलाई थी। यूनाइटेड ने इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में जो सात मैच खेले हैं उनमें से वह केवल तीन में जीत दर्ज कर पाया है। इस बीच तुर्की और यूनान की चैंपियन टीमों के बीच खेले गए मैच में गलाटासराय ने पीएओके को 3-1 से हराया। एक अन्य मैच में लाजियो ने डायनामो कीव को 3-0 से पराजित किया।

## खेल डायरी

### श्रीकांत, त्रीशा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में

**मकाऊ।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने 2023 ओडिशा मास्टर्स के उप विजेता आयुष को 21-13, 21-18 से हराया। वह अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के दूसरे वरीय एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे जिनके खिलाफ पिछले आठ मैच में उन्होंने चार जीत दर्ज की जबकि चार बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने लिन चीह चुन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की जोड़ी को सिर्फ 38 मिनट में 22-20, 21-11 से शिकस्त दी। महिला एकल में दुनिया की पूर्व नंबर एक जूनियर खिलाड़ी तस्नीम मीर को चौथी वरीय और 2022 विश्व जूनियर चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली, झारखंड और उप्र ने जीते हॉकी मुकाबले

**चंडीगढ़।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की हैं। आज यहां चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सुबह पूल एच के मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने पुडुचेरी हॉकी को 10-0 से हराया। मैच के दौरान नमन शर्मा ने (चौथे, 41वें मिनट) और ताशु ने (15वें, 55वें मिनट) ने दो गोल किए। जबकि अनिल कुमार ने (18वें), उदय रंधावा ने (23वें), आर्यन ने (28वें), नैतिक राणा (51वें), उत्तम (59वें) और सुशांत सेहरावत ने (60वें मिनट) गोल किए। वहीं पूल एच के एक अन्य मुकाबले में हॉकी झारखंड ने हॉकी हिमाचल पर 6-0 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला पहले हॉफ में गोल रहित रहा। जबकि दूसरे हाफ में झारखंड के फगुवा होरो ने (41वें, 43वें मिनट) में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। निकोलस टोपनो (42वें), गंगा टोपनो ने (51वें), रोहित प्रधान ने (56वें) और भेंगरा ग्लेडशन ने (58वें मिनट) गोल किए। पूल ए में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 18-0 से रौंदा। इस मैच में राघवेंद्र सिंह चौहान (12वें, 14वें, 17वें, 23वें, 26वें, 42वें, 44वें मिनट) ने प्रदर्शन करते हुए सात गोल किए।

### जैस्मिन और रिद्धिमा को संयुक्त बढ़त

**गुरुग्राम।** जैस्मिन शेखर दूसरे दौर में खराब प्रदर्शन के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां पेशेवर गोल्फ टूर के 13वें चरण में रिद्धिमा दिलावरी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष हैं। जैस्मिन ने दूसरे दौर में 76 जबकि रिद्धिमा ने 73 का स्कोर बनाया। दोनों का दूसरे दौर के बाद कुल स्कोर दो अंडर 142 है। जैस्मिन और रिद्धिमा ने स्नेहा सिंह (73-70) और अमनप्रीत द्राल (72-71) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जिनका कुल स्कोर एक अंडर 143 है। एमेच्योर अनवी दहिया (73-71) और ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद हिताषी बक्शी (71-73) पार 144 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

### एएफसी में भारत की अंडर-20 टीम का सामना ईरान से

**विएंतियाने (लाओस)।** भारत शुक्रवार को एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के अपने अगले ग्रुप जी मैच में ईरान का सामना करने से पहले अपनी कमियों को दूर करना चाहेगा। भारत ने अपने पहले ग्रुप जी मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम के मुख्य कोच रंजन चौधरी ने एक विज्ञप्ति में कहा, पिछला मैच हमारी टीम के लिए बड़ी प्रेरणा थी। मैंने हमेशा कहा है कि किसी टूर्नामेंट का पहला मैच जीतना महत्वपूर्ण होता है और लड़कों ने मंगोलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन हम अभी जीत का जश्न नहीं मना सकते। हमें तुरंत अगले मैच की तैयारी शुरू करनी चाहिए। हमने मंगोलिया के खिलाफ कई मौके गंवाए और ईरान के खिलाफ हम ऐसा नहीं कर सकते। ईरान ने अपने पहले मैच में मेजबान लाओस को 8-0 से रौंद दिया था जिससे वह ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है।

# क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय टीम

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट आज से, बारिश का संकट, बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त पिच पर स्पिनरों के साथ उतर सकती हैं टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में पहले टेस्ट मैच में चेन्नई में टीम इंडिया 1-0 से जीतकर अब दूसरे टेस्ट में सीरीज क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उधर, पहले टेस्ट मैच में विफल रहे बांग्लादेश टीम के शीर्ष बल्लेबाजों को हाथ खोलना होगा। शुक्रवार सुबह 9.30 बजे से ग्रीनपार्क स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच शुरू होगा। इस बीच शुक्रवार को बारिश के भी आसार हैं। गुरुवार को टीम इंडिया व बांग्लादेश टीम का नेट अभ्यास भी बारिश के कारण बाधित रहा।

टीम इंडिया का लक्ष्य अपनी जीत बरकरार रखना है। वहीं बांग्लादेश टीम दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज ड्रा कराने की कोशिश करेगी। अनुभवी खिलाड़ियों का मत है कि ग्रीनपार्क पिच बल्लेबाजों और स्पिनरों की मददगार होगी। इस कारण दोनों टीमें स्पिनरों को उतार सकती है। गुरुवार को बारिश ने दोनों टीमों के अभ्यास में खलल डाला। इसे देखते हुए अंतिम एकादश का चयन करना टीम मैनेजमेंट को काफी मंथन करना होगा। गेंदबाज कुलदीप यादव का अपने घरेलू मैदान पर खेलने की संभावना है, लेकिन अंतिम एकादश में मौका मिलना अब मौसम पर टिका है। अंतिम एकादश का फैसला मैच से पहले लिया जाएगा।



### शीर्ष बल्लेबाज हासिल करेंगे फार्म

पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया के शीर्ष बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का बल्ला कुछ खास नहीं कर सका। ग्रीनपार्क में दोनों खिलाड़ी अपनी फार्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। इसी कारण ग्रीनपार्क में तैयार दो पिचों में बल्लेबाजी में मददगार विकेट को ही फाइनल किया है। टीम के स्पिनर मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। जसप्रीत बुमराह व आर अश्विन भी बांग्लादेश टीम को परेशान कर सकते हैं।

### टॉस की भूमिका भी अहम

टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में आइडियल विकेट तैयार हुई है। लेकिन गुरुवार को बारिश के कारण विकेट का मिजाज बदलने की भी संभावना बनी है। मैच से पहले दो विकेट तैयार की गई हैं। नमी के कारण विकेट के मिजाज में बदलाव आ सकता है। इससे टॉस की भूमिका भी अहम हो गई है।



कानपुर में प्रशंसकों के साथ तस्वीर लेते विराट कोहली। ● अमृत विचार

### शाकीब अल हसन ने की संन्यास की घोषणा



**कानपुर।** बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी शाकीब अल हसन ने गुरुवार को प्रेसवार्ता करके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके सभी को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि मैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने खेले जाने वाले टेस्ट मैच के बाद संन्यास ले लूंगा। यह मेरे करियर का आखिरी मैच होगा मगर मुझे नहीं पता कि उस मैच में मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। अगर नहीं मिला तो यही मेरा आखिरी टेस्ट मैच होगा। बांग्लादेश क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मैं इस फॉर्मेट में अपना आखिरी मैच घरेलू धरती पर खेलना चाहूंगा। मुझे लगता है कि अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा करने का समय आ गया है। शाकिब ने आगे कहा कि टी 20 क्रिकेट से वह तत्काल प्रभाव से संन्यास ले रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि फटाफट क्रिकेट में युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिए।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप सिंह, कुलदीप यादव, यश दयाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरैल।

**बांग्लादेश :** नजमुल हसन शांतो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहिम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्किन अहमद, हसन महमुद, नाहिद राणा, तहजुल इस्लाम, महम्दुल्ला हसन जॉय, नईम हसन, सैय्यद खालिद अहमद, जाकिर अली अनिक।

## परिवर्तनकाल में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करूंगा : मार्कराम

बेंगलुरू, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान एडेन मार्कराम ने टीम के भविष्य पर गुरुवार को कहा कि उन्होंने युवा खिलाड़ियों को दीर्घकालिक संभावनाओं के रूप में तैयार करने को प्राथमिकता दी है।

मार्कराम को 2024 टी-20 विश्व कप से पहले कप्तान नियुक्त किया गया था जिसमें उनकी टीम को जून में भारत से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका अगस्त में वेस्टइंडीज से तीन टी-20 मैचों की शृंखला भी हार गया। हालांकि इस मुश्किल शुरुआत के बावजूद वे अपनी अगुआई में खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को लेकर उत्साहित हैं। मार्कराम ने आयरलैंड के खिलाफ आगामी शृंखला के आधिकारिक डिजिटल पार्टनर फैनकोड द्वारा आयोजित बातचीत में मीडिया से कहा मैं वास्तव में उनका (खिलाड़ियों) का समर्थन करने, प्रशिक्षण में उनकी मदद करने और हर जरूरी मदद के लिए तैयार हूं।



## काश पंत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी होते : मार्श

मुंबई, एजेंसी

ऋषभ पंत की क्रिकेट में बेहतरीन वापसी से मिशेल मार्श इतने प्रभावित हुए कि इस ऑलराउंडर ने उन्हें शानदार खिलाड़ी करार दिया और कहा कि काश वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते। इस साल की शुरुआत में सीमित ओवरों के प्रारूप के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के बाद पंत ने हाल ही में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाकर लाल गेंद के प्रारूप में भी शानदार वापसी की।

वर्ष 2022 में हुई भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत की वापसी के बारे में बात करते हुए मार्श भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज की सकारात्मकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित थे। मार्श ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा वह एक शानदार खिलाड़ी है। काश वह ऑस्ट्रेलियाई होता। पिछले कुछ वर्षों में वह निश्चित रूप से बहुत कुछ झेल चुका है और यह एक शानदार वापसी रही है। वह एक सकारात्मक व्यक्ति है, अब भी बहुत युवा है और उसे जीतना बहुत पसंद है। वह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिसका व्यक्तित्व शांत रहने वाला और हमेशा हंसने और मुस्कुराने वाला है। उसके पास वह बड़ी मुस्कान है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पंत के भारतीय बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा होने की उम्मीद है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली दो टेस्ट शृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था।



● सकारात्मकता प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित हैं मिशेल मार्श

## बॉलीवुड हलचल

### कंगना की फिल्म इमरजेंसी के सपोर्ट में उतरे सनोज

**मुंबई।** निर्देशक सनोज मिश्रा ने कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का सपोर्ट किया है। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। इस फिल्म की कथा वस्तु वर्ष 1975 में लगे इमरजेंसी और उसके दुष्परिणामों पर आधारित है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि को लेकर कुछ लोग इस फ़िल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं, जबकि कंगना रनौत की टीम का कहना है कि हमने तो एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म बनाई है इसमें किसी को आपत्ति ही नहीं होनी चाहिए। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल से चर्चा में आये निर्देशक सनोज मिश्रा ने इमरजेंसी के समर्थन में बोलते हुए देश के अंदर इस फिल्म का विरोध करने वालों पर हमला बोला है। सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, फिल्म यदि समाज का आइना है तो इस आईने में लोग शक्ल क्यों नही देखना पसंद करते या फिर ये सिर्फ एक घिसा पिटा जुमला है ? सनोज मिश्रा ने कहा, कंगना रनौत जी वास्तव में आयरन लेडी हैं उनका जीवन हमेशा बेबाक रहा है चाहे वो फिल्म इंडस्ट्री हो या राजनीति उन्होंने हमेशा लीक से हटकर अपनी पहचान बनाई है, जो इस देश की महिलाओं के लिए एक मिसाल है।





### बच्चों को सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण : अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति 16 को होस्ट कर रहे हैं। इस शो के आने वाले एक एपिसोड में, दर्शक मंगलुरु, कर्नाटक की ऊर्जावान अपूर्वा शेट्टी को हॉटसीट पर बैठते हुए देखेंगे। एक दृढ़ निश्चयी पीएससी उम्मीदवार, अपूर्वा अपने पिता के सपने को पूरा करने और शो में एक बड़ी राशि जीतने की उम्मीद रखती हैं। अपूर्वा ने भी अमिताभ से अनुरोध किया कि वह शो में उनके पिता, लोकेनाथ शेट्टी का नाम जरूर लें, जो उनके बड़े फैन हैं। अमिताभ न केवल उनकी यह इच्छा पूरी करेंगे, बल्कि वह अपूर्वा के पिता से वीडियो कॉल के जरिए बात करवाएंगे, जिससे पिता-पुत्री के बीच का यह भावनात्मक और यादगार पल जुड़ जाएगा। जैसे ही यह कनेक्शन होता है, अमिताभ कहते हैं, सर, आपका सपना था कि आपकी बेटी अपूर्वा एक दिन हॉटसीट पर बैठे, और अब वह यहीं पर बैठी है। इस भावनात्मक पल से अभिभूत होकर, अपूर्वा की आंखों में आंसू आ जाते हैं, और बच्चन साहब उन्हें एक टिशू भी थमाते हैं। पिता-पुत्री के इस गहरे संबंध को महसूस करते हुए अमिताभ बच्चन यह भी कहते हैं कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। वह बताते हैं कि ऐसे मील के पत्थर किसी भी माता-पिता के लिए बेहद भावनात्मक होते हैं। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में, रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

### अलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा एक एक्शन से भरपूर कहानी है, जो जेल से भागने के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें दिखाया गया है कि एक बहन अपने भाई की रक्षा के लिए किस हद तक जा सकती है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ ट्रेलर के लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, "सब तैयार है? #जिगरा थिएट्रिकल ट्रेलर अभी रिलीज हुआ 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं। ट्रेलर में आलिया भट्ट एक बहन (सत्या) की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं जो अपने भाई अंकुर (वेदांग रैना) को बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, आलिया का किरदार और भी उभर कर आता है। एक बेहतरीन पल तब आता है जब आलिया यानी सत्या कहती हैं मैंने कभी नहीं कहा, मैं सही इंसान हूँ। मैं सिर्फ़ अंकुर की बहन हूं। पिछले साल द आर्चीज में अपनी शुरुआत करने के बाद, फ़िल्म जिगरा, वेदांग रैना की दूसरी बार स्क्रीन पर आने वाली फिल्म है। फिल्म जिगरा में एक आकर्षक चल कुड़िए साउंडट्रैक भी शामिल है जिसे आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ ने गाया है।



## एशियाई खेलों में मेरा पदार्पण सपनों के पूरा होने जैसा : गुरजंत

बेंगलुरु, एजेंसी

युवा फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने कहा कि हाल ही में चीन के मोकी में हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में उनका भारतीय पुरुष हॉकी टीम में पदार्पण सपने के पूरा होने जैसा है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में ट्रायल के दौरान गुरजंत का प्रदर्शन आकर्षक रहा। उन्होंने हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के सभी सात मैच खेले, हालांकि वह गोल नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने खुद को बेहतर साबित करने के लिए मैदान पर समर्पण और कड़ी मेहनत दिखाई।

गुरजंत ने कहा सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सभी सीनियर बड़े भाइयों की तरह हैं जो अधिकतर समय माहौल को हल्का रखते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में यह मेरे लिए एक स्वप्निल पदार्पण था। मैं चीन के खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित था मुझे लगा कि मैं अपने पदार्पण पर एक गोल करूंगा लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका। मैंने खेल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। खेल से पहले हरमनप्रीत सिंह ने मुझे आश्वस्त किया कि ज्यादा सोचने या डरने की जरूरत नहीं है। मुझे बस वैसे ही खेलना है जैसे मैं आमतौर पर शिविर में खेलता हूँ, आजादी से खेलना है और गलतियाँ करने के बारे में नहीं सोचना है।



● युवा फॉरवर्ड सिंह बोले- सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सीनियर बड़े भाइयों की तरह


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

